www.navpradesh.com
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
बिलासपुर, गुरुवार, 09 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-सप्तमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 348 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

CBC 22201/13/0005/2627
अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
33% महिला आरक्षण
लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में, अब देश के निर्णयों में नारी की भागीदारी

अब सशस्त्र बलों में बेटियों को स्थायी कमीशन
भारत के 48% मान्यता-प्राप्त स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर

महुआ बीनने लगाई आग बन रही जंगलों की दुश्मन, वन्यजीवों पर मंडरा रहा खतरा

जयदेव सिंह

महासमुंद (नवप्रदेश)। महुआ इकट्ठा करने के लिए जंगलों में लगाई जा रही आग अब पूरे वन क्षेत्र के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। एक छोटी सी चिंगारी देखते ही देखते विशाल जंगल को अपनी चपेट में ले लेती है। इससे न केवल पेड़-पौधे नष्ट होते हैं, बल्कि हिरण, तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर और पक्षियों सहित अनेक वन्यजीवों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है। कई जीव पल भर में बेघर हो जाते हैं।

महासमुंद वन मंडल के अधिकारी से लेकर वन रक्षक तक हर समय मुस्तैद हैं। खासकर मैदानी अमला अपनी जान की परवाह किए बिना आग पर काबू पाने के लिए दिन-रात जुटा रहता है। जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वे किसी भी वक्त आग की लपटों में कूदने से पीछे नहीं हटते।

आगजनी की घटनाओं में 80% तक कमी: वन विभाग की सख्ती और रणनीति का असर अब दिखने लगा है। 2025 में आगजनी के मामले महासमुंद में 27, बसना 16, पिथौरा 36, बागबाहरा 58 और सरायपाली में 147 कुल 284 घटनाएं हुई थी। वही 2026 (15 फरवरी से 7 अप्रैल तक) महासमुंद में 5, बसना 6, पिथौरा 2, बागबाहरा 21 और सरायपाली में 22 कुल 56 घटनाएं हुई। यह पिछले साल की तुलना में लगभग 80% की कमी दर्शाता है।

नवप्रदेश विशेष

सेटेलाइट से मिलती है सूचना

फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट से आग लगते ही सेंसर एक्टिव हो जाता है और सूचना सीधे कंट्रोल रूम तक पहुंचती है। वहां से संबंधित रेंजर या डिप्टी रेंजर को तुरंत अलर्ट किया जाता है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 8815622084, 9243890036 जारी किया गया है।

वर्षवार आगजनी आंकड़े (महासमुंद वन मंडल)

वर्ष	आंकड़े
2023	258
2024	101
2025	286
2026	56 (अब तक)

संसाधनों की कमी के बीच नवाचार

राज्य शासन से मिले 101 फायर ब्लोअर पर्याप्त नहीं होने पर वन अधिकारियों और कर्मचारियों ने आपसी सहयोग से 19 अतिरिक्त ब्लोअर खरीदे। डीएफओ मयंक पाण्डेय ने ओडिशा के नुआपड़ा और बरगढ़ वन विभाग के साथ समन्वय कर सीमावर्ती क्षेत्रों में आग रोकने की रणनीति भी बनाई है।

15 फरवरी से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान

पतझड़ के मौसम को देखते हुए वन विभाग ने 15 फरवरी से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया है। 'नो फायर' शपथ के साथ पांचों रेंज में व्यापक स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई है। इसके लिए 150 चौकीदार, 70 बीट गार्ड, 25 डिप्टी रेंजर व रेंजर इनमें महिलाएं भी शामिल है। इसके अलावा 24 घंटे निगरानी के लिए आधुनिक टॉर्च और अन्य उपकरण भी दिए गए हैं।

लोगों को जागरूक किया जा रहा

आगजनी को इस बार संवैदनशील तरीके से लिया और इसमें 80 प्रतिशत कमी आई है। एफएसआई के जरिए एसएमएस के माध्यम से आग की सूचना मिलती है। लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है और लोग भी वनों के प्रति सजग हो रहे हैं।

मयंक पाण्डेय,
डीएफओ महासमुंद

आज बेबाक

वाकई ये तो कमाल ही हो गया। पिद्दी पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर करा दिया। हालाकि यह बात दुनिया को हाजमोला की गोली खाकर भी हजम नहीं हो रही है। लोग इस पर पेट पकड़ कर हंस रहे हैं लेकिन ठरकी डोनाल्ड ट्रंप ने खुद कहा है कि उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और वहां के आर्मी चीफ असीम मुनीर के कहने पर सीजफायर का फैसला किया है तो डाकिया पाकिस्तान को मध्यस्थ तो मानना ही पड़ेगा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए शाहबाज शरीफ और असीम मुनीर को तत्काल प्रभाव से शांति का नोबेल पुरस्कार दे देना चाहिए।

पहली बार मोबाइल लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सीजेआई सूर्यकांत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट हो या हाईकोर्ट, आमतौर पर अदालतों में मोबाइल फोन ले जाना अच्छा नहीं माना जाता है। इसको लेकर नियम भी बने हुए हैं। हालांकि, बीते सोमवार को देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत अपना मोबाइल लेकर सुप्रीम कोर्ट स्थित अपने कोर्ट रूम पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार ऐसा किया है। इसके पीछे कारण का खुलासा करते हुए सीजेआई ने कहा कि उन्होंने एसआईआर को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का संदेश देखना था।

ईरान-इजराइल युद्ध: केंद्र ने जारी की एडवाइजरी- भारतीय तुरंत छोड़ दें ईरान

40 दिन की जंग, दो हफ्ते का सीजफायर

सबसे बड़ा सवाल-14 दिन बाद बात नहीं बनी तो क्या फिर हमले होंगे?

तेहरान/ए.। जैसे ही ईरान और यूएस के बीच तनाव अपने पीक पर पहुंच रहा है, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा अब सामने आ गया है। तेहरान में भारतीय एम्बेसी ने बुधवार को एक बहुत ही ज़रूरी और अर्जेंट सिक्योरिटी एडवाइजरी जारी की। इसमें ईरान में रहने वाले सभी भारतीयों को जल्द से जल्द देश छोड़ने का सख्त आदेश दिया गया है।

'तुरंत देश छोड़ दें', एम्बेसी की साफ चेतावनी

इंडियन एम्बेसी ने अपने नए लीफलेट में कहा कि ईरान के मौजूदा हालात और हाल के डेवलपमेंट को देखते हुए, सभी भारतीय नागरिकों को एम्बेसी द्वारा सुझाए गए सुरक्षित रास्तों का इस्तेमाल करके जल्द से जल्द ईरान छोड़ देना चाहिए। खास बात यह है कि किसी भी इंटरनेशनल बॉर्डर पर जाने से पहले एम्बेसी से सलाह लेना ज़रूरी कर दिया गया है। एम्बेसी ने यह भी साफ किया है कि बॉर्डर पर जाने का कोई भी फैसला आपसी सहमति से नहीं लिया जाना चाहिए।

ट्रंप की डेडलाइन और सीजफायर का ऐलान

एक तरफजहां भारतीय एम्बेसी अलर्ट मोड पर है, वहीं दूसरी तरफ यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने दो हफ़्ते के सीज़फायर का ऐलान किया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ और आर्मी चीफ़ असीम मुनीर की मध्यस्थता के बाद ट्रंप ने ईरान के खिलाफ विनाशकारी ऑपरेशन को कुछ समय के लिए रोकने का फैसला किया।

अगले 48 घंटे बहुत जरूरी हैं!

इससे पहले, एम्बेसी ने भारतीयों को अपने घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी थी। अपील की गई, अगले 48 घंटों तक, भारतीय जहां भी हैं, सुरक्षित रहें। बिजली के सामान, मिलिट्री बेस और मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग की ऊपरी मंज़िलों से दूर रहें। हालांकि, अब जैसे-जैसे हालात बदल रहे हैं, उन्हें तुरंत देश छोड़ने के लिए कहा गया है। अगर आप किसी हाईवे पर सफ़र करना चाहते हैं, तो आपको सख़्त चेतावनी दी गई है कि एम्बेसी के निर्देशों के बिना ऐसा न करें।

भारतीयों के लिए हेल्पलाइन जारी

एम्बेसी ने ईरान में फंसे भारतीयों की मदद के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। विदेश मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिना घबराए एम्बेसी के निर्देशों का पालन करें, क्योंकि भारतीय अधिकारी कोऑर्डिनेट करने के लिए 24 घंटे संपर्क में हैं।

इरानी ऑयल रिफाइनरी पर सीजफायर के बाद भी हमला

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी/ए.। ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आज ईरान के लवन आइलैंड की तेल रिफ़ाइनरी को निशाना बनाया गया। लोकल समय के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। इस बीच कुवैत ने भी दावा किया कि सीजफायर के बावजूद ईरान की ओर से ड्रोन हमला किया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी के मुताबिक, सुबह से अब तक 28 ईरानी ड्रोन इंटरसेप्ट (मार गिराए) गए हैं।

'विश्व शांति की दिशा में ऐतिहासिक दिन, ईरान अब पुनर्निर्माण कर सकता है : डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन/ए.। अमेरिका और ईरान के बढ़ते तनाव के बीच दो हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे दुनिया में शांति के लिए बड़ा दिन बताया है। उन्होंने कहा कि ईरान अब इस स्थिति से थक चुका है और वह भी शांति चाहता है, ऐसे में अब तेहरान पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि अमेरिका स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों के ट्रैफ़िक को संभालने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी सैनिक वहां मौजूद रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सब कुछ सही तरीके से चलता रहे।

ईरान युद्ध ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 5 बड़े संकट पैदा कर दिए

मुंबई (ए.)। पश्चिम एशिया में युद्ध और ग्लोबल जियोपॉलिटिकल तनाव का सीधा असर अब भारत के आम आदमी की जेब पर दिख रहा है। भारतीय रिज़र्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी ताज़ा मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। आरबीआई ने साफ़किया है कि मिडिल ईस्ट संकट की वजह से आने वाले समय में महंगाई बढ़ने की संभावना है और जीडीपी ग्रोथ की रफ़्तार भी धीमी हो जाएगी। दुनिया भर में अनिश्चितता के समय में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सावधानी भरा रुख अपनाया है और 'रेपो रेट' को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। आरबीआई ने यह फैसला बढ़ती महंगाई को कंट्रोल करने और आर्थिक विकास को तेज़ करने के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए लिया है। इससे बैंकों के होम लोन और कार लोन की ईएमआई फ़िलहाल नहीं बढ़ेंगी।

ईरान में सीज़फायर पर भारत ने किया स्वागत

नई दिल्ली (ए.)। खाड़ी में करीब 40 दिनों तक चले संघर्ष के बाद आज आखिरकार अमेरिका और ईरान के बीच सीज़फ़ायर का ऐलान हो गया है। इस ऐलान के बाद खाड़ी में संघर्ष से जूझ रही पूरी दुनिया ने राहत की सांस ली है। दुनिया के अलग-अलग देश भी इस सीज़फ़ायर का स्वागत कर रहे हैं। इस बीच, अब इस सीज़फ़ायर पर भारत का रिएक्शन भी सामने आया है। भारत ने भी इस सीज़फ़ायर का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि पश्चिम एशिया में पक्की शांति कायम होगी। ईरान में सीज़फ़ायर पर दुनिया के अलग-अलग देश रिएक्शन दे रहे हैं। अब भारत का रिएक्शन भी सामने आया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हम इस सीज़फ़ायर के फैसले का स्वागत करते हैं। हम यह भी उम्मीद जताते हैं कि इस सीज़फ़ायर से पश्चिम एशिया में शांति स्थापित होगी। भारत ने लगातार कहा है कि इस संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए डी-एस्केलेशन, बातचीत और डिप्लोमेसी ज़रूरी है।

असम, केरल और पुडुचेरी की 296 सीटों पर आज मतदान

सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नई दिल्ली/वार्ता। असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थम चुका है। गुरुवार को इन तीनों क्षेत्रों की कुल 296 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होने हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार, असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग कराई जाएगी।

असम में 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार

असम की बात करें तो यहां कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 18-19 वर्ष आयु वर्ग के करीब 5.75 लाख युवा पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। असम की 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां बहुमत का आंकड़ा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

4 मई को मतगणना होगी

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत 'साइलेंस पीरियड' लागू है। इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में मतदान के बाद 4 मई को मतगणना होगी और उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। अब सभी की नजरें मतदान प्रतिशत और चुनाव परिणामों पर टिकी हैं। सभी पोलिंग बूथ पर पोलिंग कर्मी पहुंचने शुरू हो गए हैं।

भय-हिंसामुक्त होंगे चुनाव: आयोग

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ती राजनीतिक गहमागहमी के बीच भारत निर्वाचन आयोग ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को कड़ा संदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि राज्य में चुनाव भय, हिंसा, धमकी और प्रलोभन से मुक्त कराए जाएंगे।

चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव भयरहित, हिंसारहित, धमकी रहित, प्रलोभन रहित, छापा रहित, बूथ और सोर्स जामिंग रहित होकर ही रहेंगे। इससे पहले आयोग ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया था कि मतदान के दिन एजेंटों को मतदान केंद्र के अंदर बैठने से रोकने संबंधी कोई नया निर्देश जारी नहीं किया गया है। आयोग ने कहा कि इस संबंध में पुराने दिशानिर्देश ही लागू रहेंगे।

गरमा-गरम

फोरलेन सड़कों के विस्तार से सुरक्षित यातायात व आर्थिक प्रगति का आधार मजबूत होगा: अरुण साव

इंफ्रास्ट्रक्चर को बूस्ट: 708 करोड़ से बनेंगी 15 फोरलेन सड़कें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में यातायात को सुगम, मजबूत और चौड़ी सड़कें उपलब्ध कराने लोक निर्माण विभाग ने 15 फोरलेन सड़कों के निर्माण के लिए 708 करोड़ 21 लाख 35 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत इस राशि से विभिन्न जिलों में कुल 90.5 किमी फोरलेन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इनके निर्माण से प्रमुख सड़कों पर सुगम यातायात और जॉम से मुक्ति के साथ ही यात्रा का समय घटेगा।

82 करोड़ में बनेगा कोनी-मोपका फोरलेन

रायपुर जिले में अभनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में 2.8 किमी लंबाई के फोरलेन में उन्नयन के लिए 17 करोड़ 9 लाख रुपए, राजिम में नवीन मेला स्थल से लक्ष्मण झूला तक 3.50 किमी फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 34 करोड़ 20 लाख रुपए, अंबिकापुर में गांधी चौक से रेलवे स्टेशन तक 5 किमी लंबाई के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए 61 करोड़ 34 लाख रुपए, बिलासपुर में 13.40 किमी कोनी-मोपका फोरलेन बायपास मार्ग के लिए 82 करोड़ 80 लाख 26 हजार रुपए एवं कोटा-लोरमी-पंडरिया मार्ग में 21 किमी सड़क के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए 14 करोड़ 71 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

राज्य में बेहतर और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। फोरलेन सड़कों का विस्तार केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार है।

- विष्णुदेव साय,
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

लोक निर्माण विभाग द्वारा अधोसंरचना विकास में बड़े पैमाने पर निवेश कर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जा रहा है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संतुलित विकास को नई गति मिलेगी। यातायात दबाव भी कम होगा।

- अरुण साव, उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री, छत्तीसगढ़

गुजरातियों पर किए कमेंट के लिए मल्लिकार्जुन खरगे ने मांगी माफी

नई दिल्ली(ए.)। केरल विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान गुजरात के लोगों पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा है कि उनकी टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है, लेकिन फिर भी वह खेद व्यक्त करते हैं। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, ''हाल ही में केरल में दिए गए मेरे एक चुनावी भाषण की कुछ टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। फिर भी, मैं अपनी तरफसे जिम्मेदारी के साथ खेद व्यक्त करता हूं। गुजरात के लोगों के प्रति मेरे मन में हमेश सर्वोच्च सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा। वहां के लोगों की भावनाओं को आहत करना मेरा कभी उद्देश्य नहीं था।'' दरअसल, पिछले दिनों केरल चुनाव के दौरान प्रचार करते हुए खरगे ने एक रैली को संबोधित किया था, जहां पर उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधा था।

वनस्पति विज्ञान विभाग की तीन छात्राओं ने मेरिट सूची में बनाया स्थान

नगरी / नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय, नगरी के लिए यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर 2025 की मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे नगरी क्षेत्र एवं आदिवासी अंचल का नाम गौरवान्वित किया है। इस मेरिट सूची में एम.एस.सी. वनस्पतिविभाग की तीन छात्राओं ने सफलता प्राप्त किया जिसमें, सुश्री चेल्सी देवांगन ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया है।

जो महाविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ है। इसके अतिरिक्त सुश्री दिव्य भारती ने 8वाँ स्थान तथा सुश्री रेणुका साहू ने 9वाँ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को पुन: सिद्ध किया है। विभाग की छात्रा भगवती मरकाम ने भी जीडी कॉन्स्टेबल में चयनित होकर विभाग का मान बढ़ाया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगरी जैसे आदिवासी क्षेत्र के महाविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक "सुनहरे पल" के रूप में उभरकर सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण को सुदृढ़ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात मेधावी छात्राओं का पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ, एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिनकी उपस्थिति ने समारोह को भावनात्मक एवं गौरवपूर्ण बना दिया। अभिभावको ने अपने बच्चों की इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य एवं शिक्षको को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी निरंतर लगन, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रतिफल है। विभाग सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित प्रायोगिक कार्य, शोध अभिरुचि का विकास एवं मार्गदर्शन शामिल है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में भी हम इसी प्रकार उन्हें प्रोत्साहित करते रहेंगे। प्रो. लोकेश्वरी राठिया सहा. प्राध्यापक ने छात्रों को शुभकामनाऐं देते हुए कहा की ऐसे माता-पिता अपने आप में प्रेरणास्रोत है जो समाजिक पिछड़ेपन को दूर कर बेटियों को पढ़ने व आगे बढ़ने में प्रेरित करते है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों द्वारा छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा यह विश्वास व्यक्त किया गया कि महाविद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।यह आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह था, बल्कि पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरा, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति और उचित मार्गदर्शन से उच्चतम सफलता प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य का उद्बोधन

अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, समर्पण एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विशेष रूप से वनस्पति विज्ञान विभाग ने निरंतर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। यह विभाग न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों में अग्रणी है, बल्कि शोध शैक्षणिक नवाचार, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं विभिन्न बेस्ट प्रैक्टीस के क्षेत्र में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वनस्पति विज्ञान विभाग महाविद्यालय का सर्वश्रेष्ठ विभाग बनकर उभरा है। उन्होंने आगे कहा कि नगरी जैसे आदिवासी क्षेत्र में इस प्रकार की उपलब्धियाँ शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं प्रेरणा का सशक्त माध्यम बनती हैं और यह अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रेरित करेंगी।

महतारी वंदन -किसान सम्मान योजना के अपात्र परिवार को मिला मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान

छुरा/नवप्रदेश। केन्द्र -राज्य सरकार ने किसान सम्मान निधि योजना एवं महतारी वंदन योजना के लिए पात्र हितग्राहियों के लिए गाइडलाइन जारी किया है जिसके तहत अपात्रों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, शासकीय कर्मचारी सेवानिवृत्त कर्मचारी, एंव इनकमटैक्स धारी के पति पत्नी बच्चे संयुक्त परिवार उपरोक्त योजनाओं से लाभान्वित नहीं हो सकते इसी तरह मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान आर्थिक सहायता के लिए वहीं नियम-कानून लागू होगा लेकिन राजनीतिक दलों के नेता अपने कार्यकर्ताओं को लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान आर्थिक सहायता प्रदान करना ही एक रास्ता हैयह कोई

नई बात नहीं है भाजपा नेता अपने कार्यकर्ताओं को लाभान्वित किया है। अजीत जोगी के मुख्यमंत्री काल में कांग्रेस के विधायक मंत्री ने भी अपने कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान आर्थिक सहायता प्रदान किया था, तत्कालीन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने राजिम विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान आर्थिक सहायता जारी करवाया था गरियाबंद छुरा ब्लाक के कार्यकर्ताओं को लाभान्वित किया गया लेकिन फिंगेश्वर विकास खण्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लाभ नहीं मिल पाया फिंगेश्वर के भाजपा नेताओं ने कलेक्टर रायपुर को शिकायत कर भुगतान रुकवा दिया गया।

न्यूज गैलरी

शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

खैरागढ़ / नवप्रदेश शहर कांग्रेस अध्यक्ष डा अरूण भारद्वाज ने अनुमोदन के बाद शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित कर दी है। शहर कांग्रेस मे 6 उपाध्यक्ष,8 महामंत्री, दस सचिव नियुक्त किए गए है। डा भारद्वाज द्वारा घोषित कार्यकारिणी मे सुरेन्द्र शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया हे। रविन्द्र सिंह गहरवार, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, राधेश्याम यादव श्रद्धा अग्रवाल को उपाध्यक्ष, पार्षद दीपक देवांगन, शेखरदास वैष्णव, अमित सिंह, यतेन्द्र जीत सिंह, सैयद अल्ताफ अली, डा यशेष ठाकुर, महेश यादव और मोहित भांडेकर को महामंत्री, डा किरण झा, कन्हैया रजक, रतन सिंगी, कमल टंडन, मिलाप ढीमर, राजेश्वरी अग्रवाल, केशव सारथी, गिरीष सारथी, गीता यादव, संत निषाद को सचिव नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी मे हरिदर्शन ढीमर, सुनीता सारथी, लता प्रजापति और मेघा जैन को शामिल किया गया है।

ढोलियाकन्हार मे भाजपा का गांव चलो अभियान, नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

खैरागढ़ / नवप्रदेश भाजपा के 7 से 12 अप्रैल तक गाँव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत खैरागढ़ मंडल के ग्राम ढोलिया कन्हार में इस अभियान के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की उपस्थिति में अभियान अंतर्गत घर घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ के संबंध में चर्चा कर हितग्राहियों से मिलकर योजना के बारे में बताया गया। इस अवसर पर गली भ्रमण के दौरान खराब पानी के निकासी के लिए जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा एवं जनपद सदस्य डॉ चंदू वर्मा द्वारा नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने की जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारीचेतन वर्मा एवं तिजौ राम साहू सरपंच पंचगण सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित होकर कार्यक्रम गाँव चलो को सफल बनाया।

सैनिक स्कूल और नवोदय विद्यालय मे चयनित प्रतिभावान छात्रों का एसडीएम ने किया सम्मान

खैरागढ़ / नवप्रदेश ।सैनिक स्कूल परीक्षा के साथ साथ नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर चयनित हुए देवरी स्थित केजऊ चौरे स्कूल के प्रतिभावान छात्रछात्राओं का एसडीएम टंकेश्वर साहू ने सम्मानित कर शुभकामनांए दी। केजऊ चौरे स्कूल से सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा मे एक मुश्त पहली बार 30 छात्रछात्राओ का चयन हुआ है। प्रदेश मे सैनिक स्कूल परीक्षा परिणामों के बाद पहले स्थान के साथ साथ टाप टेन मे आठ प्रतिभावान छात्रछात्राएं इसी स्कूल से है। इसी तरह नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा मे भी स्कूल के 15 छात्रछात्राओ को एक साथ चयन हुआ है। वनांचल क्षेत्र देवरी मे छोटे से स्कूल मे प्रतिभाओ को निखारने के साथ साथ छात्रछात्राओ को प्रतियोगी परीक्षा के लिए बेहतर वातावरण देने का प्रयास लगातार सफल हो रहा है।

अपराध पर निर्णायक प्रहार की तैयारी: समीक्षा बैठक में एसपी के सख्त निर्देश

राजनांदगांव / नव प्रदेश। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा आज जिले के समस्त 18 थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा राजपत्रित अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित एवं वर्तमान प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान लंबित अपराधों के शीघ्र निपटान, वर्तमान प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं ह्र्ञत्तऋद्भष्ठ के माध्यम से मामलों के निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। जिन प्रकरणों में बाहरी टीम भेजना आवश्यक है, उनके लिए स्पष्ट रणनीति एवं दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए।वर्ष 2026 के प्रथम तीन माह में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की थाना-वार समीक्षा की गई। इसमें प्रत्येक थाने में प्राप्त शिकायतों की संख्या, निराकृत प्रकरण, फाइनल रिपोर्ट, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, दर्ज एफआईआर, कायम अपराध तथा लंबित मामलों की स्थिति का विश्लेषण किया गया।पुराने लंबित प्रकरणों, विशेषकर धारा 173(8) CrPC के अंतर्गत लंबित चालानों के संबंध में भी समीक्षा कर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, मर्ग प्रकरणों के निपटान एवं न्यायालय में निर्धारित समय-सीमा में चालान प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवेचना का मुख्य उद्देश्य दोषियों को सजा दिलाना होना चाहिए।

कांग्रेसियों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

जल आर्वधन योजना हो रही फेल, करोड़ों खर्च के बाद भी लालपूर स्टापडेम सूखा

खैरागढ़ / नवप्रदेश। शहर मे पेयजल आपूर्ति के लिए तैयार जल आवर्धन योजना प्लांट मे पानी सप्लाई नही होने से बंद पड़ी है। 32 करोड़ की इस योजना को पानी देने बनाया गया लालपुर स्टॉप डैम सूखा पड़ा है। शहर मे गर्मी के साथ ही पेयजल के लिए मच रहे हाहाकार स्टापडेम की दुर्दशा के बाद शहर कांग्रेस ने फिर मोर्चा खोल दिया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने लालपूर स्टाप डैम का निरीक्षण कर स्टॉप डैम की ऊंचाई बढ़ाने के नाम पर एक करोड़ रुपये खर्च को शासन और विभाग का भ्रष्टाचार बताते कहा कि इसका लाभ नगरवासियों को नही मिल सका। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. भारद्वाज की अगुवाई में कांग्रेस ने स्टापडैम के क्षतिग्रस्त गेटों और भ्रष्टाचार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। प्रशासन ने क्षतिग्रस्त गेटों को दुरुस्त कर दिया है लेकिन जल आवर्धन योजना को संचालित करने यहाँ प्लांट के लिए मिलने वाला पानी नही है। एनीकट के पूरी तरह सूखे होने और गंदगी के अंबार को देख कांग्रेस ने रोष जताया। शहर अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने कहा कि गर्मी की अभी शुरुआत हुई है लालपुर स्टॉप डैम अभी से रेगिस्तान में तब्दील हो चुका है। एक करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च कर डैम की ऊंचाई बढ़ाई गई थी, वह पूरी तरह विफल हुआ है। पानी नहीं होने से वार्डों में पेयजल संकट खड़ा हो गया है। निरीक्षण के दौरान नदी के तल में पानी के स्थान पर पॉलीथिन, शराब की बोतलें और कचरा पटा हुआ है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि पिछली बार गेटों की खराबी और गंदगी का मुद्दा उठाया गया था।

गेट तो ठीक कर दिए, लेकिन जल प्रबंधन में पूरी तरह फेल रहा। जनता का बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस ने दो टूक प्रशासन को अल्टीमेटम देते कहा कि जल्द ही डैम में जलभराव और सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो जन-आंदोलन होगा। निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, यतेंद्र जीत सिंह, विनोद सिन्हा, हरिदर्शन, समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय में आरटीआई कानून की उड़ायी जा रही धज्जियां

आवेदक हो रहे परेशान

धमतरी। इन दिनों जिले के विभागों मे खुले आम नियम एवं कायदों की धज्जियां उड़ायी जा रही है। वर्ष 2005 में तात्कालीन केंद्र सरकार ने सूचना के अधिकार का कानून बनाया था। इस अधिनियम का उद्देश्य कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना था। इस अधिनियम के तहत एक आम नागरिक भी शासन प्रशासन से संबंधित जानकारी को प्राप्त कर सकता है इस कानून का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की परिकल्पना है परंतु इन दिनों जिले के विभागों में खासकर जिला अस्पताल में सूचना के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ायी जा रही है। जिला अस्पताल में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारियों को विभाग व्दारा जानबूझकर नियत समयावधि में प्रदान नहीं की जाती साथ ही आवेदकों को प्रथम अपील एवं व्दितीय अपील करने हेतु मजबूर किया जाता है जिससे आवेदकों समय एवं पैसे दोनों की हानि होती है। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि जिला अस्पताल में भारी अव्यवस्था एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगते रहता यह भी एक कारण है जिसके कारण इस विभाग व्दारा जानकारी प्रदान करने से बचने का प्रयास किया जाता है।

गंज मंडी में ट्रक से चना चोरी का खुलासा

- चार आरोपी गिरफ्तार, 250 किलो चना व दो मोटरसाइकिल जब्त;

राजनांदगांव / नव प्रदेश। जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र स्थित गंज मंडी परिसर में ट्रक से चना चोरी के मामले का पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर खुलासा कर त्वरित कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया चना और घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी रौनक जैन, निवासी सदर बाजार राजनांदगांव ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 अप्रैल 2026 को उनके ट्रक क्रमांक CG 08 AU 5984 में चना लोड कर चालक द्वारा गंज मंडी परिसर के टीन शेड में खड़ा किया गया था। अगले दिन सुबह जब चालक ने ट्रक की जांच की, तो पीछे का तिरपाल खुला मिला और जमीन पर चना बिखरा हुआ था। वजन कराने पर लगभग 300 किलोग्राम चना कम पाया गया, जिससे चोरी की पुष्टि हुई।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

- जनदर्शन में आज मिले 36 आवेदन

गरियाबंद, / नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आवेदन करने आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर श्री उइके ने आज जनदर्शन में 36 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम घटकर्रा के संतोष दास ने मुआवजा राशि दिलाने के लिए कलेक्टर श्री उइके को आवेदन सौंपा। इसी प्रकार ग्राम कुकदा की नर्मदा बाई ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कोपरा के वासुदेव साहू ने ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने, ग्राम पंचायत छुईहा के ओमकुमार पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त राशि दिलाने के लिए, ग्राम खुटेरी के आनंद राम सेन ने पीएम आवास की दूसरी किस्त की राशि दिलाने के लिए, ग्राम कुकदा के दुलार ध्रुव ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन सौंपा।

जिले के 221 पंचायतों में रोजगार,आवास दिवस के साथ मनाया चांवल महोत्सव

खैरागढ़ / नवप्रदेश। जिले के सभी पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस और चावल उत्सव का आयोजन मनरेगा कार्यस्थल पर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण को 90 दिवस में पूर्ण करने कार्ययोजना पर चर्चा की गई। हितग्राहियों को प्राप्त राशि की जानकारी प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं मांग आधारित नवीन कार्य प्रारंभ करने पर जोर दिया गया। मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान के अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया हेतु स्थलों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना बनाई गई। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूह की दीदियों को सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जियो-टैगिंग कार्यों की पूर्णता, शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा तक्र कोड के माध्यम से योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया।

भाजपा स्थापना दिवस में दिखा उत्साह

- कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जमीनी स्तर पर काम करने का आह्वान

खैरागढ़/नवप्रदेश। भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में मना। कार्यक्रम में पार्टी के संस्थापक नेताओं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी , पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गई। ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा पार्टी की स्थापना 1980 में हुई। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज नेताओं ने संगठन को मजबूत किया। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है, प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्य गति पकड़ रहे हैं। कार्यकर्ताओं को कहा कि संगठन में पद केवल नाम के लिए नहीं बल्कि सभी को साथ लेकर चलना, उनके सुख-दुख में सहभागी बनना और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना ही सच्चे कार्यकर्ता की पहचान है। कहा कि भाजपा द्वारा अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिन्हें जमीनी स्तर तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। भाजपा सरकार नवगठित जिले के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ नेता टी.के. चंदेल ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने बताया कि मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के बाद जिला स्तर पर 47वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई।

भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर खेला मास्टरस्ट्रोक, पूरी दुनिया हैरान

मिडिल ईस्ट युद्धः भारत के आगे दुनिया ने टेक दिए घुटने : मनोज निर्वाणी

- होर्मुज से भर-भर कर आया तेल-गैस
- रूस भी आगे बढ़कर दोस्ती निभा रहा है

राजनांदगांव /नवप्रदेश। जिला भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि मिडिल ईस्ट में मचे भीषण युद्ध और बारूद की गंध के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर एक ऐसा मास्टरस्ट्रोक खेला है, जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है।

जहाँ एक तरफ अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान की जंग के कारण 'होर्मुज से वैश्विक तेल सप्लाई ठप होने की कगार पर है, वहीं भारत ने वाशिंगटन के दबाव को दरकिनार करते हुए ईरान से तेल और गैस की खेप भर-भरकर मंगानी शुरू कर दी है। श्री निर्वाणी ने आगे कहा कि शनिवार को तेल मंत्रालय ने साफ कर दिया कि दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता देश भारत ने अपनी जरूरतों को पूरी तरह सुरक्षित कर लिया है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका ईरान और रूस की रही है।

श्री निर्वाणी ने कहा कि होर्मुज से भारत आ रहे ईरानी टैंकर ,साल 2019 में अमेरिका के कड़े प्रतिबंधों के बाद भारत ने ईरान से तेल लेना बंद कर दिया था, लेकिन मौजूदा युद्ध ने समीकरण बदल दिए हैं। भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए ईरान से बड़े पैमाने पर आयात शुरू कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार भुगतान को लेकर भी कोई अड़चन नहीं है। पिछले महीने अमेरिका ने भी वैश्विक तेल संकट को देखते हुए प्रतिबंधों में अस्थायी ढील दी थी, जिसका भारत ने भरपूर फायदा उठाया। भारत अब तक ईरान को लगभग 5 मिलियन बैरल कच्चे तेल का ऑर्डर दे चुका है, जो पिछले सात सालों में सबसे बड़ी उपलब्धि है।

श्री निर्वाणी ने कहा कि मंगलौर पहुंचा गैस का जहाज नहीं होगी रसोई गैस की किल्लत सिर्फ कच्चा तेल ही नहीं, भारत ने अपनी रसोई गैस की जरूरतों के लिए भी ईरान का रुख किया है। हाल ही में एक प्रतिबंधित जहाज 44,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड

भारत का 'दोस्त' रूस भी भारत के लिए पलकें बिछा कर बैठा है

इस संकट की घड़ी में अपने भंडार खोल दिए हैं। रूस के पहले उप प्रधानमंत्री डेनिस मांटुरोव ने हाल ही में भारत का दौरा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनएसए अजीत डोवाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। रूस ने भारत को कच्चे तेल और नेचुरल गैस सप्लाई लगातार बढ़ाने का बंपर ऑफर दिया है। रूस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत अपनी नीतियां बनाने के लिए स्वतंत्र है और वह किसी भी पश्चिमी देश या अमेरिका के दबाव में नहीं है। रूस की इस पेशकश ने भारत की स्थिति को वैश्विक बाजार में और भी मजबूत कर दिया है।महायुद्ध के बीच भारत का 'डबल फायदा' होता दिख रहा हैपश्चिमी एशिया में फैले तनाव के बावजूद भारत को इस स्थिति से 'दोहरा फायदा' हो रहा है। एक तरफरूस से सस्ते तेल की सप्लाई जारी है, तो दूसरी तरफ 7 साल बाद ईरान का रास्ता खुलने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभेद्य हो गई है।

फोरलेन सड़कों के विस्तार से सुरक्षित यातायात होगा मजबूत: अरुण साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेशवासियों को यातायात के लिए मजबूत और चौड़ी सड़कें उपलब्ध कराने लोक निर्माण विभाग ने 15 फोरलेन सड़कों के निर्माण के लिए 708 करोड़ 21 लाख 35 हजार रुपए मंजूर किए हैं। हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत इस राशि से विभिन्न जिलों में कुल 90.5 किमी फोरलेन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इनके निर्माण से प्रमुख सड़कों पर सुगम यातायात और जॉम से मुक्ति के साथ ही यात्रा का समय घटेगा।

फोरलेन सड़कों से सुरक्षित यातायात के साथ ही आर्थिक विकास को भी मजबूती मिलेगी। इससे कृषि, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में दुर्ग-धमधा-बेमेतरा अंडर ब्रिज से अग्रसेन चौक तक 0.5 किमी फोरलेन मार्ग के लिए तीन करोड़ 41 लाख रुपए, स्मृति नगर पेट्रोल पंप से आई.आई.टी. जेवरा सिरसा तक 7 किमी फोरलेन सड़क के लिए 20 करोड़ 64 लाख रुपए, मिनी माता चौक से महाराजा चौक-ठगड़ा बांध तक 4.70 किमी फोरलेन मार्ग के लिए 28 करोड़ 58 लाख रुपए तथा महाराजा चौक से बोरसी चौक तक 1.80 किमी फोरलेन सड़क के लिए 23 करोड़ 97 लाख रुपए मंजूर किए हैं। विभाग ने रायगढ़ में ढिमरापुर चौक से कोतरा थाना चौक तक 2.50 किमी के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए 41 करोड़ 49 लाख रुपए, रायगढ़-कोतरा-नंदेली राज्य मार्ग के किमी 1 से किमी 5 तक के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए 55 करोड़ 29 लाख रुपए स्वीकृत की गई है।

> 'राज्य में बेहतर और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। फोरलेन सड़कों का विस्तार केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार भी तैयार करता है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अधोसंरचना विकास में बड़े पैमाने पर निवेश कर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जा रहा है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संतुलित विकास को नई गति मिलेगी।'
>
> **अरुण साव**
> उप मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री

कोनी-मोपका फोरलेन बायपास के लिए 82.80 करोड़ स्वीकृत

रायपुर जिले में अभनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में 2.8 किमी लंबाई के फोरलेन में उन्नयन के लिए 17 करोड़ 9 लाख रुपए, राजिम में नवीन मेला स्थल से लक्ष्मण झूला तक 3.50 किमी फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 34 करोड़ 20 लाख रुपए, अंबिकापुर में गांधी चौक से रेलवे स्टेशन तक 5 किमी लंबाई के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए 61 करोड़ 34 लाख रुपए, बिलासपुर में 13.40 किमी कोनी-मोपका फोरलेन बायपास मार्ग के लिए 82 करोड़ 80 लाख 26 हजार रुपए एवं कोटा-लोरमी-पंडरिया मार्ग में 21 किमी सड़क के फोरलेन चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 14 करोड़ 71 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने जशपुर जिले में कुल 7.30 किमी लंबाई के तीन सड़कों के फोरलेन में उन्नयन एवं मजबूतीकरण के लिए 36 करोड़ 85 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 2 किमी लंबा पत्थलगांव के इंदिरा चौक से जशपुर रोड, 1.50 किमी लंबा इंदिरा चौक से अंबिकापुर रोड तथा 3.80 किमी लंबा इंदिरा चौक से रायगढ़ रोड शामिल हैं। विभाग ने कबीरधाम जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के किमी 50 से किमी 57 तक फोरलेन में उन्नयन और डिवाइडर निर्माण के लिए भी 54 करोड़ 21 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

न्यूज गैलरी

बेलगहना-टेंगनमाड़ा में अंडरब्रिज मरम्मत कार्य प्रगति पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बेलगहना-टेंगनमाड़ा स्टेशनों के मध्य किमी 774/31-33 पर स्थित रूाह संख्या बीके-27 (रेल अंडरब्रिज) पर सड़क आवागमन को और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य के फलस्वरूप इस समपार को 21 फरवरी से 6 अप्रैल तक सड़क यातायात के लिए पूर्णत: बंद रखा गया था। किन्तु कार्य के दौरान कुछ अतिरिक्त तकनीकी कार्य जुड़ जाने के कारण अब इस समपार को सड़क यातायात हेतु 13 अप्रैल तक पूर्णत: बंद रखने का निर्णय लिया गया है। सड़क मरम्मत कार्य अवधि के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में टेंगनमाड़ा-खोंगसरा स्टेशनों के मध्य किमी. 781/10-12 पर स्थित एलएचएस बीके-29 (रेल अंडरब्रिज) से उपलब्ध है। रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा इस आवश्यक कार्य में सहयोग हेतु नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है।

दो कार्यों के लिए 75 लाख स्वीकृत

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बिलासपुर नगर निगम में दो कार्यों के लिए 75 लाख रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने दोनों कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-3 में उसलापुर हांफा मोड़ तिराहा में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद मूर्ति स्थापित करने एवं चबूतरा निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक-13 में दीनदयाल कॉलोनी मंगला के पास सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है।

हाईकोर्ट ने प्रेसिडिंग ऑफिसर से 15 दिन में मांगा जवाब

स्थगन आदेश के बाद भी भरण-पोषण मामले की सुनवाई, फैमिली कोर्ट का फैसला निरस्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु ने एक पारिवारिक केस में फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही इस केस में स्थगन आदेश के बाद भी सुनवाई कर फैसला देने पर सख्त नाराजगी जताई है। मामले में हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के प्रेसीडिंग ऑफिसर को शोकाज नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है। पूरा मामला रायगढ़ फैमिली कोर्ट का है।

दरअसल इस मामले में याचिकाकर्ता ने सिविल सूट (परिवारिक विवाद) को रायगढ़ फैमिली कोर्ट से अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानांतरित करने की मांग की थी। आरोप लगाया कि कोर्ट स्टाफ और प्रतिवादी की मिलीभगत से कार्यवाही प्रभावित हो रही है, लगातार छोटी-छोटी तारीखें दी जा रही हैं। याचिकाकर्ता के दस्तावेजों में देरी की जा रही है, जिससे निष्पक्ष सुनवाई पर संदेह जाहिर किया गया। हाईकोर्ट ने 10 मार्च 2026 को इस मामले की सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देते हुए सिविल सूट की कार्यवाही पर रोक (स्टे) लगा दी थी। इसके बावजूद फैमिली कोर्ट के प्रेसीडिंग ऑफिसर ने उसी दिन और 12 मार्च को भी मामले की सुनवाई की जिसके बाद भरण-पोषण का आदेश जारी कर दिया। हाईकोर्ट ने पाया कि संबंधित जज को स्टे आदेश की जानकारी थी, इसके बावजूद उन्होंने न केवल आवेदन पर आदेश पारित किया, बल्कि भरण-पोषण राशि को लेकर याचिकाकर्ता के खिलाफ टिप्पणियां भी कीं।

ट्रांसफर याचिका हुई निरर्थक

सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों ने बताया कि, संबंधित प्रेसीडिंग ऑफिसर का तबादला हो चुका है और नए अधिकारी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि अब ट्रांसफर याचिका का कोई औचित्य नहीं बचता, इसलिए इसे निराकृत किया जाता है। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि संबंधित प्रेसीडिंग ऑफिसर से 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण लिया जाए कि स्टे आदेश के बावजूद उन्होंने सुनवाई क्यों जारी रखी। यह रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रशासनिक पक्ष में प्रस्तुत की जाएगी।

करंट से वन्यजीवों की मौत पर हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव और विभाग से मांगा जवाब

छत्तीसगढ़ में बिजली करंट से हाथियों और अन्य वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले में स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता नितिन सिंघवी की ओर से विभिन्न समाचार पत्रों की कटिंग प्रस्तुत कर बताया गया कि मार्च माह में राज्य के अलग-अलग जिलों में करंट की चपेट में आने से कई हाथियों, वन्यजीवों और लोगों की मौत हुई है। कोर्ट को बताया गया कि 12 मार्च को रायगढ़ जिले के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में दो हाथी शावकों की करंट लगने से मौत हो गई थी, वहीं 14 मार्च को सूरजपुर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र में खेत में लगाए गए करंट वाले तार से एक हाथी की जान चली गई। इसी तरह सारंगढ़-भिलाईगढ़ में जंगली सूअर के शिकार के लिए बिछाए गए अवैध करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हुई, जबकि 26 मार्च को मैनपाट क्षेत्र में एक युवक और एक लोमड़ी की भी करंट से मौत हो गई। कोरबा के सकोदा जंगल में 11 केवी लाइन के संपर्क में आने से दो शावकों सहित मादा भालू की मौत का मामला भी सामने आया। गंभीर घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, नया रायपुर से विस्तृत शपथ पत्र मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि ये घटनाएं किन परिस्थितियों में हुईं और इन्हें रोकने के लिए अब तक क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 5 मई को निर्धारित की गई है।

थाना प्रभारियों सहित कई निरीक्षकों और उप निरीक्षकों की नई पदस्थापना

एसएसपी रजनेश सिंह ने जारी की तबादला सूची

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले की पुलिस व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कई अधिकारियों का तबादला कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार थाना प्रभारियों सहित कई निरीक्षकों और उप निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना दी गई है। इस फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है।

इन अधिकारियों का हुआ तबादला

निरीक्षक दामोदर मिश्रा - एयरपोर्ट चकरभाठा सुरक्षा से थाना प्रभारी हिर्री, निरीक्षक रविशंकर तिवारी - हिर्री से एयरपोर्ट चकरभाठा सुरक्षा, निरीक्षक कृष्णचंद्र सिदार - अजाक से थाना प्रभारी मस्तूरी, निरीक्षक गोपाल कृष्ण सतपथी - रक्षित केंद्र से प्रभारी एसीसीयू , निरीक्षक रजनीश सिंह - सरकंडा से थाना प्रभारी तोरवा, निरीक्षक भानेश्वर शेंडे - कोनी से थाना प्रभारी चकरभाठा, निरीक्षक उमेश कुमार साहू - चकरभाठा से थाना प्रभारी अजाक, निरीक्षक तोपसिंह नवरेन - एसीसीयू से थाना प्रभारी बिल्हा, निरीक्षक राजेशी दामू कोसले - एडीबी से थाना प्रभारी कोनी, निरीक्षक संजय सिंह - रक्षित केंद्र से निरीक्षक कानून व्यवस्था (कोतवाली), निरीक्षक उत्तम साहू - रक्षित केंद्र से निरीक्षक कानून व्यवस्था (सिविल लाइन), निरीक्षक अवनीश पवार - बिल्हा से निरीक्षक कानून व्यवस्था (कोटा), निरीक्षक अभय सिंह बेस - तोरवा से निरीक्षक कानून व्यवस्था (सरकंडा), उप निरीक्षक ओंकार देवांगन - चौकी प्रभारी मोपका से पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप प्रभारी, उप निरीक्षक ओमप्रकाश कुरी - सिविल लाइन से चौकी प्रभारी मोपका।

प्रशासनिक बदलाव का उद्देश्य

इस ट्रांसफर लिस्ट का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाना, कार्यक्षमता बढ़ाना और पुलिसिंग को मजबूत करना है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह बदलाव पूरी तरह प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश 8 अप्रैल को जारी किया गया।

आज गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय मौसम विभाग ने 9 अप्रैल के लिए छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा और गरज-चमक के साथ अंधड़ (तूफान) की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, पश्चिम विक्षोभ और अन्य मौसमी कारकों के प्रभाव से प्रदेश के कई क्षेत्रों में मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल सकता है।

मौसम विभाग ने जानकारी दी कि वर्तमान में पश्चिम विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और जम्मू कश्मीर के ऊपर स्थित है और यह चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में 3.1 से 9.6 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैल चुका है। इसका प्रभाव उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश, मणिपुर, बिहार, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, उत्तर बांग्लादेश, मेघालय और दक्षिण पूर्व असम के साथ-साथ छत्तीसगढ़ पर भी देखा जा सकता है।इसके साथ ही, एक और ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक सक्रिय है, जो आगामी दिनों में बारिश और अन्य मौसमी घटनाओं को प्रभावित कर सकता है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि प्रदेश में एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक विस्तारित है, जो मौसम के बदलाव को और बढ़ावा दे सकती है। एक अन्य उत्तर-दक्षिण द्रोणिका छत्तीसगढ़ से मन्नार की खाड़ी तक स्थित है, जो तेलंगाना, रायलसीमा और तमिलनाडु के अंदरूनी इलाकों को प्रभावित कर सकता है।मौसम विभाग के अनुसार, 9 अप्रैल को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा, गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात (बिजली गिरने) की संभावना जताई गई है। यह मौसम परिवर्तन मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के दक्षिणी और मध्य भागों में देखने को मिल सकता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा की संभावना रहेगी।विभाग ने यह भी कहा कि 9 अप्रैल को प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य रहने की उम्मीद है, हालांकि इसमें हल्की वृद्धि हो सकती है। तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।मौसम विभाग ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे मौसम के उतार-चढ़ाव के दौरान सतर्क रहें और विशेष रूप से गरज-चमक के दौरान सुरक्षित रहें। बिजली गिरने और अंधड़ के दौरान बाहर जाने से बचें और घर के भीतर सुरक्षित स्थान पर रहें। विभाग ने समय-समय पर मौसम अपडेट जारी करने का आश्वासन दिया है।

जिले में गौधाम विस्तार को मिली रफ्तार: 5 स्वीकृत 12 नए प्रस्ताव लंबित, 19 प्रस्तावों पर अहम निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय गौधाम समिति की महत्वपूर्ण बैठक में जिले में गौसंरक्षण और गौधाम संचालन को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में स्वीकृत गौधामों के संचालन, नए प्रस्तावों की स्थिति और अपूर्ण आवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए ठोस निर्णय लिए गए।

जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक जिला अध्यक्ष धीरेंद्र दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, सदस्य रमाकांत पांडे, इतवारी धीवर, रामकृष्ण साहू, डॉ. जी.एस. तंवर सचिव एवं संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं तथा डॉ. बी.पी. सोनी जिला नोडल अधिकारी, गौधाम योजना सहित विकासखंड स्तरीय समिति के पदाधिकारी और स्वीकृत गौधामों के संचालक उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 39 गौधामों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 5 गौधाम राज्य शासन द्वारा स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 4 गौधाम वर्तमान में संचालित हैं, जबकि कनई खोंधरा का गौधाम शुरू होना शेष है। इसके अलावा 12 नए गौधामों के प्रस्ताव गौ सेवा आयोग को स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं, जिनमें रहंगी, पराघाट, निरतू, नेवरा, छतौना, मौपका, लावर, किरारी भरनी, घुटकू, खजुरी नवागांव एवं काठाकोनी शामिल हैं। बैठक में कुल 19 प्रस्तावों पर विचार किया गया, जिनमें से 12 प्रस्ताव अपूर्ण पाए गए। केवल विकासखंड कोटा के 3 प्रस्ताव पूर्ण होने पर उन्हें स्वीकृति हेतु अनुशंसित किया गया। इनमें लालपुर गौधाम (गिरजा बंद गौ सेवा समिति), कुरुवार गौधाम (ग्राम पंचायत कुरुवार) एवं खैरा गौधाम (ग्राम पंचायत खैरा) शामिल हैं। वहीं, ग्राम जाली की गोरी महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालन में असहमति जताने तथा खैरा के भवानी महिला स्व सहायता समूह एवं श्री कृष्णा गौधाम सेवा समिति के प्रस्ताव अपूर्ण होने के कारण संबंधित प्रस्ताव निरस्त किए गए। लालपुर कोटा में भी दो आवेदनों में से गिरजा बंद गौ सेवा समिति के प्रस्ताव को पूर्ण पाए जाने पर अनुशंसित किया गया, जबकि बैगा बाबा आश्रम का आवेदन तकनीकी कारणों से निरस्त कर दिया गया। बैठक में सुरभि गौधाम कनई खोंधरा एवं हरदी कला टोना में पशु शेड पूर्ण होने और संचालकों द्वारा संचालन की सहमति देने पर उनके संचालन को अनुमोदित किया गया।

आयोजन: तीन दिवसीय सालाना उर्स का समापन, छींटा पाने जायरीनों में उमड़ी भीड़, अमन-चैन की मांगी दुआ, 5 लाख की घोषणा

दादी अम्मा दरगाह बनेगी विकास का मॉडल: डॉ. सलीम राज

सीपत/नवप्रदेश। बिलासपुर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर दादी अम्मा साहिबा खम्हरियां के 38 वें सालाना उर्स पाक का समापन मंगलवार को कुल की फातेहा के साथ हुआ। तीन दिनों तक चले इस रूहानी जलसे में देशभर से हजारों जायरीन शामिल हुए।

उर्स के दौरान मुशायरा, तकरीर (प्रवचन), कव्वाली और धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला चली, जिसने माहौल को सूफियाना रंग से भर दिया। अंतिम दिन मंगलवार की सुबह 11 बजे तिलावत कर समापन सत्र की शुरुआत की। इसके कुरानखानी नात मनकबत महफ़िल रस्में दस्तारबंदी व एख्तेतामे उर्स का ऐलान ख़लीफा ए शेखूल इस्लाम व कायदे मिल्लत किछौछा शरीफ़ सैय्यद मोहम्मद जाहिर आगा क़ादरी साहब बिलासपुर ने पेश की। कार्यक्रम के अंत में सैय्यद मोहम्मद जाहिर आगा क़ादरी साहब बिलासपुर ने अमन-चैन की दुआ मांगी। दुआ के दौरान सभी धर्मों के हजारों जायरीन ने हाथ उठाकर आमीन कहा और देश-दुनिया में भाईचारा व सलामती की दुआएं मांगी । उर्स के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए दरगाह इंतेजामिया कमेटी ने सीपत पुलिस विभाग व ग्राम पंचायत, व्यापारी और मुस्लिम समाज के साथ-साथ सभी का आभार जताया। आयोजन को सफल बनाने में खादिम अब्दुल वहाब खान उर्स कमेटी चेयरमैन मोहम्मद इमरान खान, सेकेट्री इशांक खान, फिरोज खान, इबरार खान,अशद खान, सैय्यद जौहर अली, सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कव्वाली ने बांधा समा, रातभर झूमते रहे दादी अम्मा साहिबा के दीवाने

उर्स में बरेली के कव्वाल मोहम्मद ताहिर चिश्ती आडियो विडियो सिंगर शेरगढ़ बरेली ने अपने सूफियाना कलाम से ऐसा समां बांधा कि जायरीन पूरी रात झूमते रहे। कव्वाली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, पूर्व अध्यक्ष हज कमेटी मोहम्मद असलम खान, फैज़ान अहमद शिबू , सैय्यद अकबर बक्शी, इकबाल हक पूर्व अध्यक्ष इतेजामिया कमेटी लुतरा शरीफ, इरशाद अली अध्यक्ष लुतरा शरीफ, मोहम्मद सिराज,उस्मान खान,वारिष्ट पत्रकार मोहम्मद नज़ीर हुसैन, सैय्यद इंसान अली,रियाज़ अशरफी ,एजाज खान अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष जिला, मौजूद रहे। इस पूरे सालाना उर्स के दौरान मंच संचालन मोहम्मद तौफीक साहब साथ में मुर्तुजा मौलाना, मोहम्मद अब्दुल्ला साहब, हाजी अनवारूल हक ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा कि खादिम व उर्स कमेटी को इस बार कव्वाली मैदान में बेहतरीन शानदार इंतेजाम किए दादी अम्मा साहिबा के 38वें सालाना उर्स पर पहुंचे हजारों की संख्या में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से जायरीन अपने मुराद लेकर दादी अम्मा जहां दादी अम्मा सभी की मुराद को पूरी करती है।

कॉलेज के विद्यार्थियों को मिलेगा सीपीआर प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा बिलासपुर की प्रबंध समिति की बैठक आज कलेक्टर एवं अध्यक्ष संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य, जनजागरूकता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पंचायत स्तर पर फर्स्ट एड एवं सीपीआर प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को प्रशिक्षण देंगे। साथ ही महाविद्यालयों में भी सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को आपातकालीन स्थिति में सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया। इस अभियान के अंतर्गत सामाजिक संस्थाओं और यूथ रेडक्रॉस के सहयोग से नुक्कड़ नाटक एवं वीडियो के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी। 'चेन सिस्टम' के जरिए प्रत्येक व्यक्ति को दो अन्य लोगों को इस अभियान से जोड़ने की रणनीति बनाई गई है।

सुविचार

सहयोग बहुत कीमती चीज है। हर किसी से इसकी उम्मीद न करें बहुत कम लोग होते हैं जो दिल से अमीर होते हैं।

सीजफायर को मजबूर हुए ट्रंप

खुद को दुनिया का सबसे बड़ा दादा समझने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आखिरकार ईरान के साथ सीजफायर करने के लिए मजबूर होना ही पड़ गया। 40 दिनों तक चली इस जंग में भले ही ईरान को भारी तबाही का सामना करना पड़ा लेकिन उसने दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश कहे जाने वाले अमेरिका को भी उसकी नानी याद दिला दी। साथ ही इजराइल को भी सबक सिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। यहां तक की अमेरिका ने जिन खाड़ी देशों में अपने सैन्य अड्डे बना रखे हैं। वहां भी ईरान ने जमकर बमबारी की। ईरान से पंगा मोल लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद बुरी तरह फंस गये थे और इस जंग से बाहर निकलने के रास्ते तलाश रहे थे इस स्थिति में उनका पिट्ठू पाकिस्तान उनके काम आया और डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के जरिए ईरान तक यह पैगाम पहुंचावाया कि अमेरिका ईरान की सभी दस शर्तों पर विचार करने के लिए तैयार हैं इसलिए वह दो सप्ताह से संघर्ष विराम के लिए राजी हो जाये। ईरान पर चीन ने भी दबाव बनाया था कि वह फिलहाल यह जंग रोक दे क्योंकि इस जंग के कारण चीन सहित पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। नतीजतन ईरान ने सीजफायर के लिए अपनी सहमति जाहिर कर दी लेकिन वह अपनी शर्तों से पीछे नहीं हटा है। उसका कहना साफ है कि यदि उसकी दस सूत्रिय मांगे नहीं मानी गई तो वह इस जंग को जारी रखेगा। सीजफायर का यह मतलब नहीं है कि जंग रूक गई है। ईरान इसे अपनी ऐतिहासिक जीत बता रहा है और इस सीजफायर के बाद ईरान के लोग सड़को पर उतरकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। उनका कहना है कि भले ही इस जंग के चलते ईरान ने अपने सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई को खो दिया है और ईरान के कई शीर्ष कमांडर भी इस जंग में शहीद हो गये हैं लेकिन ईरान ने हार नहीं मानी और न ही वह अमेरिका के आगे झुकने के लिए तैयार हुआ। आखिरकार डोनाल्ड ट्रंप को ही अपनी पराजय स्वीकार करनी पड़ी है। ईरान ने साफ कह दिया है कि होर्मूज पर ईरान का कब्जा बरकरार रहेगा और अब वो वहां से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क भी वसुलेगा। अमेरिका को खाड़ी देशों से अपने सैन्य अड्डे हटाने होंगे और ईरान पर फिर से हमला न करना का वादा करना होगा। साथ ही इस जंग में ईरान को जितना भी नुकसान पहुंचा है उसकी अमेरिका को भरपाई करनी होगी। तभी यह जंग खत्म होगी। मरता क्या नहीं करता की तर्ज पर डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सभी शर्तों पर विचार करने की घोषणा की है और इस तमाम मसलों पर चर्चा करने के लिए दोनों देशों के बीच दस अपैल को इस्लामाबाद में पहली वार्ता करने की घोषणा की है। जिसमें अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस उपस्थित रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने इस सीजफायर के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और वहां के आर्मी चीफ असीम मुनीर की जमकर तारीफ की है और कहा है कि शहबाज शरीफ दुनिया के बेहतरीन प्रधानमंत्रियों में से एक है और उन्हीं के अनुरोध पर उन्होंने ईरान के साथ दो सप्ताह का सीजफायर करने का फैसला किया है किन्तु यह सारी दुनिया जान गई है कि डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के सामने ला कर सीजफायर किया है। इधर इस फैसले से इजराइल नाखुश है किन्तु उसने भी अमेरिका के दबाव में इस सीजफायर पर अपनी सहमति दी है लेकिन इजराइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह लेबनान पर अपने हमले जारी रखेगा। जबकि ईरान का कहना है कि इस सीजफायर में लेबनान पर भी हमला न करने की शर्त रखी गई है ऐसे में इस सीजफायर की सफलता पर संदेह के बादल अभी भी मंडरा रहे हैं। बहरहाल अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर होने पर साारी दुनिया ने राहत की सांस ली है। इसका सीधा असर यह पड़ा है कि कच्चे तेल की कीमतें जो सौ डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो चुकी थी और जिसके डेढ़ सौ डॉलर पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा था वह अब सौ डॉलर के नीचे आ गया है इस सीजफायर से दुनिया भर के खासतौर पर एशिया के शेयर मार्केट में भी जबरदस्त उछाल आया है जो सुखद संकेत है। अब देखना यह होगा कि इस सीजफायर के दौरान दो सप्ताह की बातचीत के दौरान क्या अमेरिका ईरान के सामने पूरी तरह झुक जाएगा और उसकी सभी शर्तें स्वीकारने के लिए तैयार हो जाएगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो जाहिर है कि ईरान अपनी चेतावनी के मुताबिक यह जंग आगे भी जारी ही रखेगा।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ प्रेम के मार्ग मे दीनता होनी तो जरूरी है पर दीनता के साथ-साथ मेरे प्रभु सर्व समर्थ हैं, मैं कितना भी अपराधी हूँ ठाकुर जी एक कृपा ही काफी है मेरे समस्त अपराधों को मिटा देने के लिए इसी भावना होनी चाहिए। यह प्रेम का पहचान है।

◆ प्रेमी अपनी इच्छा की पूर्ति नहीं चाहता, प्रेमी चाहता है कि उनके प्रेमास्पद की इच्छा क्या है?

◆ आपके सुखी रहने का साधन आपका शरीर है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1860 - पहली बार मनुष्य की आवाज़ का अंकन किया गया। 1965 - कच्छ के रन में भारत-पाक में युद्ध छिड़ा। 1988 - ली पेंग चीन के प्रधानमंत्री बने। 1989 - एशिया की पहली सम्पूर्ण भूमिगत संजय जलविद्युत परियोजना शुरू की गयी। 1998 - सऊदी अरब में मीना के पास भगदड़ में 150 से अधिक यात्रियों की मृत्यु। 1999 - नाइजर के राष्ट्रपति इब्राहिम बारे मैनसारा की हत्या, खालसा पंथ की त्रिशती पर विशेष डाक टिकट जारी। 2002 - बहरीन में निगम चुनाव में महिलाओं को भी भाग लेने की छूट मिली। 2003 - स्टीव वॉ सर्वाधिक टेस्ट (157) खेलने वाले खिलाड़ी बने। 2004 - ईराक में संघर्ष तेज़ पर अमेरिकी काफ़िले पर हमले में 9 लोगों की मृत्यु। पुर्तग़ाल के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कई आपराधिक मामलों में वांछित माफ़िया सरगना अबू सलेम के भारत प्रत्यर्पण सम्बन्धी आदेश की पुनः समीक्षा करने को कहा। 2005 - ब्रिटेन के युवराज चार्ल्स का विवाह कैमिला के साथ सम्पन्न।

आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगीहै। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं।

इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है।

लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की

भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।

महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है। संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

भारत की विकास गाथा के केंद्र में महिलाएं

विजया रहाटकर

भारत की विकास गाथा को अक्सर संख्याओं, विकास दरों, अवसंरचना विस्तार और आर्थिक उपलब्धियों के रूप में व्यक्त किया जाता है। लेकिन, पिछले दशक का सबसे बड़ा बदलाव आँकड़ों से परे है। यह एक गहरे सामाजिक बदलाव में परिलक्षित होता है–महिलाओं का केवल भागीदार के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले अग्रिम व्यक्तियों के रूप में उभरना। महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर यह बदलाव न तो आकस्मिक है और न ही अलग-थलग है। यह एक सोच-समझकर किये गये सतत प्रयास का परिणाम है, जो जीवन के हर चरण में महिलाओं को समर्थन देने के लिए एक सक्षम इकोसिस्टम का निर्माण करता है। लड़की के जन्म से लेकर उद्यमी, पेशेवर, या सार्वजनिक प्रतिनिधि के रूप में उसकी यात्रा तक, यह दृष्टिकोण समग्र, सतत और परिवर्तनकारी रहा है। राजनीतिक भागीदारी में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया है। निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या 12,14,885 है, जिनकी कुल 24,41,781 निर्वाचित प्रतिनिधियों में हिस्सेदारी 49.75त्न है–इस प्रकार, महिलाएँ जमीनी स्तर पर शासन में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इस क्रम में, नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी उपलब्धि है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। यह उच्च विधायी क्षेत्रों में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने में राष्ट्र की अडिग प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस ऐतिहासिक सुधार की वास्तविक क्षमता केवल इसके प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। अधिनियम की प्रावधानों को जल्द से जल्द लागू करने की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं की आवाज़ को सिर्फ मान्यता ही न

मिले, बल्कि देश की लोकतांत्रिक संरचना में इसे संस्थागत रूप से समाहित किया जा सके। इसके जल्द लागू होने से न केवल समावेशी शासन को गति मिलेगी, बल्कि यह बेहतर प्रतिनिधित्व और न्यायसंगत राजनीतिक परिदृश्य के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में भी कार्य करेगा। दशकों तक, लैंगिक पक्षपात ने भारत के जनसांख्यिकीय और सामाजिक संकेतकों को प्रभावित किया। आज, वह कहानी धीरे-धीरे फिर से लिखी जा रही है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी पहलों ने गहरी जड़ें जमा चुकी मानसिकताओं को चुनौती देने और लड़की के मूल्य को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। इसका प्रभाव राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) में दिखाई देता है, जिसमें 1,000 पुरुषों पर 1,020 महिलाओं का लैंगिक अनुपात दर्ज किया गया है, जो सिर्फ संख्यात्मक सुधार ही नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी संकेत देता है। 'मिशन इंद्रधनुष' जैसे कार्यक्रम जीवन के प्रारंभिक चरण में पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करते हैं। 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी', 'पोषण 2.0', तथा 'पोषण अभियान' के प्रयास कुपोषण का समाधान करते हैं–यह मानते हुए कि स्वस्थ बचपन, सशक्त वयस्कता की ओर पहला कदम होता है। माताओं के लिए, संस्थागत समर्थन में काफी विस्तार हुआ है। पीएमएमवीवाई के तहत, 4.28 करोड़ से अधिक महिलाओं को 20,149 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गयी है, जो गर्भावस्था के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करती है। महिलाएं केवल भाग ही नहीं ले रही हैं–वे नेतृत्व भी कर रही हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में संस्थापक और निर्णयकर्ताओं के रूप में महिलाओं की भूमिका में लगातार वृद्धि हो रही है और वे नवाचार और उद्यम में भी योगदान दे रही हैं। इस परिवर्तन में वित्तीय समावेश ने अहम भूमिका निभाई है। पीएमएमवाई के तहत, 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 57.79 करोड़ ऋण प्रदान किए गए हैं, जिनमें लगभग 66% लाभार्थी महिलाएं हैं। प्रत्येक ऋण केवल वित्तीय सहायता का ही नहीं, बल्कि महिलाओं की आकांक्षाओं में विश्वास का भी प्रतीक है। इसके पूरक रूप में, जन धन योजना के तहत वित्तीय समावेश और गहरा हुआ है, जिसके अंतर्गत 57.93 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें से 32.29 करोड़ (55.7त्न) महिलाओं के हैं।

जमीनी स्तर पर, परिवर्तन का पैमाना और भी अधिक प्रभावशाली है। लगभग 10 करोड़ महिलाओं को 90 लाख से अधिक स्वयं-सहायता समूहों में संगठित किया गया है, जिससे सामूहिक सहनशीलता, वित्तीय स्वतंत्रता और सामाजिक आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला है। इस इकोसिस्टम ने 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है और स्वयं सहायता समूहों को 12.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बैंक ऋण प्राप्त हुआ है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

झोपड़े में भी दुख का डेरा, महलों में भी वही अंधेरा, बदल गए बस रूप यहाँ पर, मन का रहा वही सवेरा। टूटी छत हो या संगमरमर, पीड़ा का स्वर एक ही अंदर, किसको दोष दें हम आखिर– मन ही है हर सुख का बंदर। तो क्यों न फिर महल सजाएँ, सपनों को भी रूप दिलाएँ, यदि रोना ही है जीवन में, हँसते-हँसते आँसू बहाएँ। जब वैभव की छाँव मिलेगी, दुख भी शाही चाल चलेगी, मनचाहा संताप मिलेगा, कीमत देकर पीड़ा पलेगी। सच तो बस इतना सा जानो– दुख-सुख भीतर ही पहचानो, झोपड़ियाँ हों या महल हो माधो, मन को ही पहले तुम साधो। **– राकेश मिश्रा**

पवन खेडा एक आदतन अपराधी है ठीक इसी तरह के मामले मे बेल पर है, आसाम पुलिस इस बार पुलिस कस्टडी रिमांड मांगेगी सबूत इकट्ठा करने और फरारी के समय ठिकाने और ठौर के जगह की जांच के लिये और बहुत संभव है रिमांड मजिस्ट्रेट कम से कम 3-7 दिन की पुलिस कस्टडी दे सकते है। **– एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

प्रमदा सरिता सलिल हो तुम कामायनी स्वप्निल हो तुम अभीप्सित सुकृति हो धरा पर शुचिता सादृश्य ,आरुशी हो तुम रक्तिम सौंदर्य प्रतिमा यामिनी पूनम की, हुलसित हृदय की कामना प्रथम आलिंगन हो तुमनतमस्तक वितान भी द्रवित- द्रवित कण -कण निहार तुझे अवाक रहे नीरनिधि और कुसुम सौंदर्य प्रतिमा शिव की ऋचा अनिमिष प्राण, किसलय स्नेह का अनुपम कौमुदी करे प्रणाम। **– नम्रता सरन सोना**

झूठ में जरा सा सच हो तो वो झूठ ही होता है।सच में भी जरा सा झूठ हो तो वो झूठ होता है।सच सिर्फ सच होता है उसमें कोई मिलावट नही चलती।जैसे दूध में चारे जरा सी खटाई डालें या खटाई में जरा सा दूध।फटता दूध ही है।सच को साबित करने के लिए सिर्फसच बोला जाना चाहिए। **– प्रीति श्रीवास्तव**

समाज की विडंबनाओं का सबसे विभत्स और दयनीय चेहरा यह है कि स्त्री अपने पूरे जीवन में अपने पति में जीवनसाथी के रूप में एक साथी ढूंढती है जबकि पुरुष यह समझ ही नहीं पाता कि पति का मतलब जीवनसाथी के रूप में एक साथी होना होता है ना कि उसका मालिक । और इस तरह न जाने कितनी ही स्त्रियों का पूरा जीवन पति के होते हुए भी एक साथी के अभाव में कट जाता है या कभी-कभी बर्बाद हो जाता है। **– अनामिका चक्रवर्ती**

क्रूर जगत के झूठे जीवन में पागलों सा कब तक ढूँढूं अन्तर की छाया में बैठा बेबस तुमको कैसे भूलूँ है कौन विवशता जीवन की जो भूल न तुमको मैं पाता पीड़ा के नयनो में ÷नीर÷ बन नित पलकों में "रूप" उसका सजाता आह ! नहीं फिर कोई चाह नहीं मन में अब कोई दाह नहीं फिर बोलो... अन्तर की छाया में बैठा बेबस तुमको कैसे भूलूँ क्रूर जगत के झूठे जीवन में पागलों सा कब तक ढूँढूं। **– नीरज वर्मा नीर**

कभी-कभी जिंदगी के सबसे सच्चे साथी लोग नहीं होते वो होते हैं हमारे अश्क़, जो हर दर्द, हर अकेलेपन में चुपचाप साथ निभाते हैं। लोग तो हालात देखकर बदल जाते हैं, पर ये आँसू बिना शर्त बहते रहते हैं।

– रेनु सिंघल

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन मानसिक रूप से शांति वाला रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे।

वृषः आज के दिन भी आप सभी कार्यो को मन के अनुसार कर सकेंगे। धन संबंधित परेशानी आज नही रहेगी। दिन आपकी मनोकामनाओ की पूर्ति कराने वाला रहेगा।

मिथुनः आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसकी सफलता के प्रति आशंकित रहंगे लेकिन आज आत्मविश्वास बड़ा रहने से थोड़े से परिश्रम से सफलता पा लेंगे।

कर्कः लाभ की स्थिति आज भी यथावत बनी रहेगी लेकिन आज आप कार्यो के प्रति ज्यादा गंभीर नही रहेंगे व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा रहने पर भी धन की आमद आवश्यकता अनुसार हो जाएगी।

सिंहः आज भी आपकी बौद्धिक क्षमता अन्य लोगो पर प्रभाव डालने वाली रहेगी लेकिन आज आर्थिक अथवा पारिवारिक कारणों से किसी की सहायता ना चाहकर भी लेनी ही पड़ेगी।

कन्याः आपको आज का दिन भी धैर्य से बिताने की सलाह है। घर एवं बाहर ना चाहकर भी कलह के प्रसंग बनेंगे। स्वभाव में आज चतुराई अधिक रहेगी हर किसी को स्वार्थ सिद्धि की भावना से देखने के कारण व्यवहारिकता में कमी आएगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिये सभी कार्यो में सुअवसर दिलाएगा इसका लाभ उठाएं किसी परिजन के कारण मानसिक अशांति बनेगी फिर भी कार्य क्षेत्र पर घर की समस्याओं को ना लाये संध्या बाद स्थिति बदलने से कार्यो में बाधा आने लगेगी।

वृश्चिकः आज का दिन अधिक परिश्रम वाला रहेगा इसके अनुपात में उचित लाभ भी होने से संतोष में रहेंगे परन्तु धन लाभ के लिये प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

धनुः आज का दिन पिछले दिनों की अपेक्षा बेहतर रूप से व्यतीत करेंगे। व्यवसाय से कम समय मे ज्यादा मुनाफा पा सकेंगे वही सार्वजिनक क्षेत्र पर भी सम्मान के अधिकारी बनेंगे।

मकरः आज का दिन भी आपके लिये संघर्ष पूर्ण रहेगा। प्रातः काल से ही दिनचार्य अस्त-व्यस्त बनेगी जिसके संध्या तक ऐसे ही बने रहने से आर्थिक एवं पारिवारिक समस्या यथावत रहेगा।

कुंभः आज के दिन भी स्थिति आपके पक्ष में ही रहेगी लेकिन आज आपका सनकी मिजाज लाभ में विलंब करेगा। परिजनों की सही बात को गलत सिद्ध करने पर झगड़ा हो सकता है कुछ देर में ही शांति स्थापित हो जाएगी।

मीनः आज के दिन आपको अवश्य कुछ ना कुछ लाभ देकर ही जायेगा। दिन के आरंभ से मध्यान बाद तक कार्यो को गंभीर होकर करेंगे इसके बाद का समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

QUIZ TIME

1) हाल ही में, 'वर्ल्ड ग्रीन इकॉनमी फोरम' का शुभारंभ कहाँ किया गया?

2) मूडबिद्री में आयोजित 14वीं द्विवार्षिक झील सम्मेलन का विषय क्या है?

3) कौन सा राज्य 392 अंकों के साथ राष्ट्रीय पैरा-स्विमिंग चैंपियनशिप 2024 जीता?

4) कैसावा का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है?

5) कश्मीर के हस्त-गुंथित कालीन का स्थानीय नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दुबई (2) मानव कल्याण के लिए आर्द्रभूमि (3) कर्नाटक (4) आइवरी कोस्ट (5) काल बाफी

पहेली

शब्द सामर्थ्य -002



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 001 का हल

टीम प्रहरी अभियानः डंगनिया बाजार और सुंदर नगर चौक से अतिक्रमण हटाया

25 ठेले-गुमटियां जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम प्रहरी अभियान के तहत नगर निगम के जोन क्रमांक-5 क्षेत्र में डंगनिया बाजार मोड़ मार्ग और सुंदर नगर चौक को अतिक्रमणमुक्त कराया गया।

यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर Sanjeev Shukla और कलेक्टर Gaurav Kumar Singh के निर्देश पर की गई। अभियान में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, यातायात एसपी अजय कुमार, एएसपी यातायात विवेक शुक्ला सहित नगर निगम और यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्रवाई के दौरान डंगनिया बाजार और सुंदर नगर मार्ग चौक क्षेत्र से करीब 25 ठेले और गुमटियों को हटाकर जब्त किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा भविष्य में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जनहित और यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। लगातार चल रही इस कार्रवाई से शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों में यातायात व्यवस्था बेहतर होने लगी है।

नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

समाधान शिविर लगाकर समस्या का कर रहे निराकरण, गांवों में पैठ बनाने की जुगत

राजनीतिक महत्वाकांक्षा, प्रदेश के कई अधिकारी चुनाव लड़ने की कर रहे तैयारी

■ **धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में एक अधिकारी कर रहा जनसंपर्क**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा उपचुनाव के लिए दो वर्ष से अधिक का समय बाकी है लेकिन छत्तीसगढ़ के अधिकारियों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा बढ़ती जा रही है जिसके कारण वे अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में काम कराने को लेकर सक्रिय हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस से चुनाव लड़ने वाले अधिकारी अब अपने राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते सक्रिय हो गए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा से भी कई लोगों को टिकट दिया गया था जिसमें से अभी कई चुनाव जीतकर विधायक बन गए हैं। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र से रिटायर्ड आईएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्रा झंडा लहराकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। वे भाजपा कार्यकर्ताओं के यहां उठ बैठ रहे हैं। ज्ञात रहे कि वे वर्तमान में नीति आयोग के उपाध्यक्ष हैं तथा वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष के काफी करीबी हैं। इसके चलते वे काफी सक्रिय हो गए हैं। यहां पर वर्तमान में भाजपा के विधायक अनुप शर्मा हैं। इसके अलावा इस समय आरएसएस की शाखाओं में जाने वाले लोगों का रूझान बढ़ता जा रहा हैं। अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते सत्ता की सीढ़ी चढ़ना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के एक एमडी की भी राजनीतिक महत्वाकांक्षा का पता चला है। वे अगला चुनाव लड़ना चाहते हैं, अगर विधायक बन गए तो मंत्री पद पक्का है। इंजीनियर से एमडी के पद पर पहुंचे वे अधिकारी अब अपनी पत्नी को अपने क्षेत्र में सक्रिय कर दिए गए हैं। अलग-अलग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें लोगों की समस्या का समाधान किया जा रहा है। वहीं अधिकारियों के द्वारा मैडम की सेवा की जा रही है। भाजपा में आए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं। इन दिनों वे भी अपने गृहक्षेत्र में चक्कर काट रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के विधानसभा उपचुनाव-नुसूचित जाति एवं जनजाति के संवर्ग अधिकारी अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षा के चलते सक्रिय हैं। कांग्रेस में भी इस टिकट को लेकर मुंह मांगी रकम देने को तैयार हैं। ऐसे ही एक महिला प्राध्यापक नगरी, सिहावा से और सेलटैक्स आफिसर पद से एक अधिकारी चुनाव जीत चुके हैं जिसके चलते अब अधिकारियों में राजनीतिक महत्वाकांक्षा काफी बढ़ गई है।

भारत निर्वाचन आयोग ने 'अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम-2026' का शुभारंभ किया

■ **आयोग चुनावों को लोकतंत्र के उत्सव के रूप में लेता हैः मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार**

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने 07 अप्रैल को नई दिल्ली में असम, केरल और पुडुचेरी की विधानसभाओं के आगामी आम चुनावों के लिए अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम , 2026 की शुरुआत की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त डॉ. एस.एस. संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग भारत में चुनावों को लोकतंत्र के उत्सव के रूप में लेता है और इसे 'मिशन मोड' में सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करता है। उन्होंने प्रतिभागियों से राज्यों के दौरे का आनंद लेने तथा भारत की विविधता को सीखने, देखने व अनुभव करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रतिनिधि 8-9 अप्रैल 2026 को असम, केरल और पुडुचेरी का दौरा करेंगे। द्वितीय चरण में प्रतिनिधि 20 अप्रैल 2026 से पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों का दौरा करेंगे।कार्यक्रम के पहले चरण में दिल्ली स्थित पांच विदेशी मिशनों के प्रतिनिधियों सहित 23 देशों के 43 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रतिनिधियों को IIIDEM में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन दिखाया गया तथा उन्होंने 'मॉक पोल' (दिखावटी मतदान) के माध्यम से मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। प्रतिनिधियों ने भारत की चुनाव प्रक्रिया में तकनीकी हस्तक्षेपों एवं प्रशासनिक सुरक्षा उपायों में गहरी रुचि दिखाई। इस दौरान विशेषज्ञों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।प्रतिनिधि 8 अप्रैल को असम, केरल एवं केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की यात्रा करेंगे। वे प्रेषण एवं वितरण केंद्रों, जिला नियंत्रण कक्षों तथा मीडिया निगरानी केंद्रों सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे तथा 9 अप्रैल 2026 की सुबह वास्तविक मतदान प्रक्रिया के साक्षी बनेंगे।

रोडीज फेम सितारों की लेट नाइट पार्टी पर बवाल, वीडियो वायरल होने के बाद जांच शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में लेट नाइट पार्टी को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में श्रेया कालरा और ऋषभ जायसवाल युवतियों के साथ पार्टी करते और शराब परोसते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो रायपुर के सेरीखेड़ी स्थित एक क्लब का है, जहां देर रात पार्टी आयोजित की गई थी। वायरल फुटेज में तेज म्यूजिक, भीड़भाड़ और खुलेआम शराब परोसे जाने के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में श्रेया कालरा कथित तौर पर युवतियों से ÷दारू पियो और ऐश करो÷ कहते हुए नजर आ रही हैं।यह पूरा मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, शिकायत मिलने के बाद पुलिस की पेट्रोलिंग टीम रात करीब 12:30 बजे मौके पर पहुंची और पार्टी को बंद कराया।

लोगों में नाराजगी-इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि शहर में बढ़ती लेट नाइट पार्टियां सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। लोगों ने पुलिस से ऐसे आयोजनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने शुरू की जांच-मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव के अनुसार, नाइट क्लब संचालन के लिए तय समय सीमा होती है, जिसके बाद गतिविधियां बंद करना अनिवार्य है। फिलहाल वायरल वीडियो और लेट नाइट पार्टी की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने क्षेत्र को दी बड़ी सौगात

■ **आरंग में 300 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 8.66 करोड़ स्वीकृत**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में शिक्षा अधोसंरचना को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर जिले के आरंग स्थित शासकीय बद्रीप्रसाद लोधी महाविद्यालय परिसर में 300 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु 866.28 लाख (आठ करोड़ छियासठ लाख अट्ठाईस हजार रुपये) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में यह स्वीकृति क्षेत्र में शिक्षा अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे महाविद्यालय की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। उक्त परियोजना वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इस संबंध में अपर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है तथा वित्त विभाग की सहमति प्राप्त होने के पश्चात निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

कैट कार्यालय में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पटवारी का आगमन

■ **भारतीय व्यापार महोत्सव के लिए व्यापारियों को आमंत्रण**

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि आज कैट कार्यालय में कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पटवारी जी का आगमन हुआ। इस अवसर पर कैट की पूरी टीम ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

1-5 एमवीए क्षमता वाले 33/11 केवी नवनिर्मित विद्युत उपकेंद्र का मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम विभाग के मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज कोरबा शहर के सुभाष चौक स्थित पुष्पलता उद्यान के समीप छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा निर्मित 1म5 एमवीए क्षमता वाले 33/11 केवी उपकेंद्र (सीडीईएफ कॉलोनी) का फीता काटकर लोकार्पण किया। लगभग 1.90 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस महत्वपूर्ण विद्युत अधोसंरचना परियोजना को उन्होंने क्षेत्र की जनता को समर्पित किया।

कोरबा शहर में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मंत्री देवांगन द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयासों को यह परियोजना और भी मजबूती प्रदान करती है।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के अंतर्गत विभिन्न विद्युत परियोजनाओं को निरंतर स्वीकृति मिल रही है, जिसके कारण प्रदेश में बिजली व्यवस्था और मजबूत हो रही है।

मौसमः पश्चिम बंगाल में बने नए सिस्टम के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा, दो दिन बाद तापमान बढ़ेगा

अगले दो दिनों तक नहीं मिलेगी राहत, कभी बारिश तो कही तेज हवाएं

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ में बुधवार को भी कई जिलों में बारिश की संभावना है। पश्चिम बंगाल में बने नए सिस्टम के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिनों के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। दो दिनों के बाद तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियम की वृद्धि हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बारिश की संभावना है। हल्की और मध्यम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिल सकता है। वहीं, इस दौरान तेज हवाएं लगने की भी संभावना है। राज्य का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियम और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियम के आसपास रह सकता है।

मौसम में क्यों हो रहा बदलाव जानिए

बंगाल में बनी ट्रफलाइन का असर छत्तीसगढ़ में देखने का मिल रहा है। जिस कारण से अंधड़ और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन राज्य के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। अगले दो दिनों तक राज्य में 40 से 50 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

कैसा रहा तापमान

बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान राजनांदगांव जिले का दर्ज किया गया है। जिले में 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यहां तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया था लेकिन मौसम में आए बदलाव के कारण गिरावट दर्ज हुई है। वहीं, राज्य में सबसे न्यूनतम तापमान अंबिकापुर जिले का दर्ज किया गया है। अंबिकापुर जिले का तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

कैसा रहेगा रायपुर का मौसम

राजधानी रायपुर में मौसम सामान्य बना हुआ है। लोगों को गर्मी से हल्की राहत है। रायपुर में बादल छाए रहने की संभावना हैं। वहीं, तेज हवाएं भी चल सकती हैं। रायपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियम से नीचे रहने की संभावना है। वहीं, न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियम के आसपास रह सकता है।

न्यूज गैलरी

बृहन्महाराष्ट्र मंडल से मिलता है बड़ा एक्सपोजरः शेखर

रायपुर/नवप्रदेश। बृहन्महाराष्ट्र मंडल एक ऐसी देशव्यापी संस्था है, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को बड़ा एक्सपोजर मिलता है। यहां का सदस्य बनने के बाद आप अपनी जान पहचान लगभग हर प्रदेश से आने वाले महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधियों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर कर सकते हैं। ऐसे में यदि आप देशभर में कहीं भी, कभी भी किसी मुसीबत में फंस गए हैं, तो कम से कम आपके पास तत्काल सहायता पहुंचने के लिए आपका कोई अपना परिचित मिल जाता है। बृहन्महाराष्ट्र मंडल का सदस्य बनने से होने वाले लाभ पर चर्चा करते हुए मुख्य राष्ट्रीय कार्यवाह शेखर राव साहेब अमीन ने इस आशय की बात कही। बृहन्महाराष्ट्र मंडल के शताब्दी स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में पूर्व छत्तीसगढ़ कार्यवाह अरविंद जोशी को विशेष अभिनंदन पत्र सौंपा गया। साथी नवनिर्वाचित मुख्य राष्ट्रीय कार्यवाह शेखर राव साहेब अमीन और छत्तीसगढ़ कार्यवाह सुबोध टोले को सूत माला, शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह से वरिष्ठ रंगसाधक अनिल, अपर्णा कालेले, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने सम्मानित किया गया।

खटवा बरदर डायवर्सन योजना के कार्यों के लिए 19.02 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड-बलरामपुर की खटवा बरदर डायवर्सन योजना के लिए 19 करोड़ 02 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के निर्माण से 400 हेक्टेयर खरीफ एवं 80 हेक्टेयर रबी सहित कुल 480 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकपुर को डायवर्सन योजना के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

आपसी विवाद में साथी की हत्या आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक मजदूर की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी विकास कुमार अग्रवाल ने थाना उरला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 अप्रैल को ग्राम कुम्हारी स्थित गर्ग एग्रो इंडस्ट्रीज एवं कोल्ड स्टोरेज में कार्यरत संतोष सोनवानी और रमाकांत तिवारी के बीच वाल्व बंद करने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। हालांकि, बाद में जब संतोष सोनवानी सोने चला गया, तब आरोपी रमाकांत तिवारी ने गुस्से में आकर पास में रखे पाना (रिंच) से उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल संतोष सोनवानी की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने थाना उरला में अपराध क्रमांक 126/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी और संभावित ठिकानों पर रेड कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी ने आवेश में आकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी रमाकांत तिवारी (60 वर्ष), निवासी ग्राम मझियारकला, थाना रामपुर बघेलान, जिला सतना (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त पाना बरामद कर लिया है।

प्रदेश की ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस और आवास दिवस का हुआ आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में चांवल उत्सव के साथ 'रोजगार दिवस' और 'आवास दिवस' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पहल से ÷मोर गांव-मोर पानी - मोर तरिया अभियान÷ के अंतर्गत ÷नवा तरिया ङ्क आय के जरिया÷ में युवाओं एवं ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से नवा तरिया कार्यों हेतु स्थलों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना तैयार की गई।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने प्रोत्साहित किया गया साथ ही जॉबकार्डधारी ग्रामीण श्रमिक परिवारों को मांग आधारित नवीन कार्य प्रारंभ करने पर विशेष जोर दिया गया।

जगन्नाथ राव दानी विद्यालय से प्रारंभ हुआ स्वच्छ भारत अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के जगन्नाथ राव दानी शासकीय कन्या विद्यालय में नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन के नए प्रावधानों से अवगत कराकर स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन मुख्यालय से कार्यपालन अभियंता योगेश कडू एवं उप अभियंता कृष्णा राठी की उपस्थिति रही। इस दौरान विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को बताया गया कि नए एसडब्ल्यूएम नियम 2026 के अंतर्गत कचरे का अनिवार्य रूप से चार श्रेणियों–गीला, सूखा, विशेष देखभाल एवं सैनेटरी अपशिष्ट–में पृथक्करण किया जाना आवश्यक होगा विद्यार्थियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अंतर्गत लागू दो-डिब्बा प्रणाली पर अपनी अच्छी समझ का परिचय देते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत के निर्माण में स्वच्छता की भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

अबूझमाड़ के नक्सलगढ़ में ग्रामीणों की आवाजाही थी बंद, अब ग्रामीण करेंगे बेखौफ बस से सफर

■ **अबूझमाड़ के आदेर तक पहुंची बस सेवा, 85 किमी दूर के गांव अब सीधे नारायणपुर से जुड़े**

नारायणपुर/नवप्रदेश। अबूझमाड़ का वह इलाका, जहां कभी नक्सल प्रभाव के कारण आम लोगों का पहुंचना भी कठिन था, आज विकास की नई कहानी लिख रहा है। जिस धरती पर कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, अब वहां बस की हॉर्न सुनाई दे रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभाव के कम होने के साथ ही बस्तर और अबूझमाड़ में विकास ने गति पकड़ी है।

नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 85 किलोमीटर और ओरछा मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर स्थित आदेर गांव के लिए बस सेवा का शुभारंभ किया गया है। यह गांव, जो कभी नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना

माना जाता था, अब मुख्यधारा से जुड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कलेक्टर नम्रता जैन के मार्गदर्शन में प्रशासन दुर्गम क्षेत्रों तक विकास की पहुंच सुनिश्चित कर रहा है।

इस बस सेवा से ओरछा विकासखंड के जाटलूर, एडजूम, बड़ेटोंडाबेड़ा और आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। पहले जहां लोगों को पगडंडियों के सहारे लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब वे आसानी से बस के माध्यम से जिला मुख्यालय तक आ-जा सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी सेवाओं तक पहुंच भी सरल होगी।

निर्धारित समय के अनुसार बस दोपहर 2 बजे नारायणपुर से आदेर के लिए रवाना होगी और शाम लगभग 6 बजे पहुंचेगी। वहीं अगले दिन सुबह 7 बजे आदेर से चलकर ओरछा होते हुए नारायणपुर पहुंचेगी। इस बस सेवा का शुभारंभ 7 अप्रैल मंगलवार को जनपद पंचायत ओरछा के अध्यक्ष श्री नरेश कोर्राम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

बस सेवा शुरू होने से अबूझमाड़ के ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें आवागमन में आने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी और वे अपने दैनिक कार्यों के लिए आसानी से यात्रा कर सकेंगे। इस पहल के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

चारामा युवाशक्ति समाज सेवी संस्था ने चौक-चौराहों में रखा गौ जल पात्र

चारामा / नवप्रदेश। युवाशक्ति समाज सेवी संस्था के द्वारा प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर के मुख्य चौक चौराहों पर बेजुबान जीवों के लिए स्वच्छ जल प्राप्त हो इस उद्देश्य से गौ जल पात्र रखा गया है आप सबके प्यार आशीर्वाद व जनसहयोग से ही ऐसे पुनीत कार्य संपन्न हो रहे है हम सब एक माध्यम है जो इस सेवा कार्य को पूर्ण करने हेतु लगे हुए गर्मी का समय है बेजुबान जीवों को भी प्यास लगती है वो हमसे मांग तो नहीं सकती लेकिन इंसानियत के नाते हम सबको समझना पड़ेगा इसलिए हम सभी क्षेत्र व नगर वासियों से आग्रह करते है कि इस भीषण गर्मी से राहत देने हेतु हम अपने घर आंगन में जल पात्र अवश्य रखे जिससे प्यासे को पानी मिल जाए व भूखे को खाना संस्था हमेशा जन सेवा के लिए समर्पित है इस पुनीत कार्य में संस्था के संस्थापक उत्तम साहू संरक्षक धर्मेंद्र साहू मदन जैन, किशन सिन्हा, सागर वाल्मीकि,सन्नी सोनी, राजू सोनी,बोधन साहू सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

धर्मांतरण और नशा मुक्ति पर पूरा गांव लामबंद

चारामा // नवप्रदेश।ग्राम जैसा कर्रा बड़े पारा में धर्मांतरण और नशा मुक्ति मुद्दे को लेकर सर्व समाज प्रमुख,जनपरतिनिधि ?? तथा पूरे ग्राम वासियों का एक दिन काम बंद कर बड़े पैमाने पर बैठक रखी गई जिसमें शराब को सामाजिक बुराई बताते हुए तथा युवा पीढ़ी को नशे के गिरफ्त से बचाने तथा एक स्वस्थ और सुसंस्कृत समाज की परिकल्पना को लेकर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि गांव में ना कोई शराब बनाएगा ना ही बेचेगा तथा स्पष्ट रूप से समझाइए दी गई कि यदि कोई व्यक्ति शराब बनाते हुए तथा बेचते हुए पाया गया तो उसे यथोचित आर्थिक दंड दिया जाएगा जिसे उसे स्वीकार करना होगा। इसी प्रकार धर्मांतरण के संबंध में भी निर्णय लिया गया की धर्मांतरित परिवार के साथ कोई भी समाज किसी प्रकार से सहयोग नहीं करेगा तथाधर्मांतरित परिवार यदि सहर्ष घर वापसी करता है तो उसे पूरे सम्मान के साथ समाज में मिलाया जाएगा तथा सहयोग किया जाएगा।रविवार तथा काम बंद होने के कारण बैठक में बड़ी संख्या में वार्ड के पंच, सरपंच, सर्व समाज प्रमुख, प्रबुद्धजन , युवा वर्ग तथा ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए।

आईडीबीआई बैंक ने तुमनार स्कूल को दी आधुनिक सुविधाएं

बीजापुर / नवप्रदेश। शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए आईडीबीआई बैंक, बीजापुर द्वारा शासकीय हाईस्कूल तुमनार में अपनी सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) पहल के तहत आवश्यक संसाधनों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को वॉटर प्यूरीफायर, ग्रीन बोर्ड, लेजर प्रिंटर एवं फ्लोर कार्पेट जैसी उपयोगी सामग्री प्रदान की गई जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम में आईडीबीआई बैंक के मैनेजर चिरंजीवी, ग्राम सरपंच संदीप तैलाम, एसएमडीसी अध्यक्ष मुन्नाराम, एडीपीओ बीएल पुजारी, शिक्षकगण, ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से एडीपीओ बीएल पुजारी ने बैंक द्वारा दिए गए इस जनभागीदारी सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह पहल न केवल छात्रों की सुविधा बढ़ाएगीए,बल्कि उन्हें एक स्वच्छ, आधुनिक और प्रेरणादायक वातावरण में सीखने का अवसर भी प्रदान करेगी।

नक्सल क्षेत्र में उम्मीद की नई किरण: गुण्डी बुचम्मा का पक्का घर बना सपनों का आशियाना

बीजापुर / नवप्रदेश। बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के धर्मावरम गांव से एक दिल को छू लेने वाली प्रेरणादायक कहानी सामने आई है। कभी नक्सलवाद की छाया में घिरे इस क्षेत्र में अब विकास की रोशनी साफ

दिखाई देने लगी है। शासन की योजनाएं अब दूरस्थ और अंदरूनी गांवों तक पहुंचकर लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं।इसी बदलाव की जीती-जागती मिसाल हैं 60 वर्षीय श्रीमती गुण्डी बुचम्मा। वर्षों तक कच्चे और खपरैल वाले घर में जीवन बिताने के बाद आज उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला है। यह घर उनके परिवार के लिए सिर्फ चार दीवारें नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन का प्रतीक बन गया है। गुण्डी बुचम्मा का परिवार लंबे समय से बेहतर आवास का इंतजार कर रहा था। बारिश के दिनों में घर की छत से पानी टपकना, असुरक्षा और कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताना उनकी रोजमर्रा की हकीकत थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। उनके बेटे जगत बुचम्मा बताते हैं कि नए पक्के मकान में अब उनका परिवार सुरक्षित और आरामदायक जीवन जी रहा है।

उजियारा अभियान में सफलता, आरोपियों से 35 किलो गांजा जब्त

लाखों का गांजा परिवहन करते 3 आरोपी गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। उजियारा अभियान के तहत कांकेर पुलिस की बड़ी कार्यवाही सामने आई है। बांदे पुलिस ने अवैध गांजा परिवहन करने वाले 03 आरोपियो को बान्दे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से 33.460 किलो ग्राम गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 1673000 रू. एवं एक डिलक्स मोटर सायकल जप्त किया गया है।

बांदे पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रवि कुजूर एवं डॉ. मेखलेन्द्र प्रतापसिंह के पर्यवेक्षण में 07 अप्रैल 2026 को मुखबीर सूचना प्राप्त होते ही बान्दे पुलिस द्वारा घटना स्थल पीव्ही 83 गोविन्दपुर तिराहा मेन

रोड़ के पास रेड कार्यवाही कर तीन आरोपियों को 33.460 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से परिवहन कर हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। थाना बांदे मेंअपराध क्र. 28/2026 धारा 20(ड्ड)(द्बद्ब) ष्ट ह्लष्ठक्क्ररू ष्ट्ठ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण देवव्रत हालदार पिता स्व दिलीप हालदार उम्र 34 वर्ष निवासी पीव्ही 37 रूपनगर थाना पखांजूर जिला उ0ब0 कांकेर पार्थ दास पिता मृत्युंजय दास उम्र 24 वर्ष निवासी पीव्ही 37 रूपनगर थाना पखांजूर जिला कांकेर पास्कल एक्का पिता बंधुराम एक्का उम्र 35 वर्ष निवासी भूमकाम थाना कसनसूर जिला गढ़चिरोली (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से बरामद देवव्रत हालदार पार्थदास एवं पास्कल एक्का से जुमला 33.460 किलो ग्राम गांजा किमती 1673000 रू.एक काला रंग के डिलक्स बिना नंबर मोटर सायकल किमती 30,000 रू गांजा बिक्री रकम 3500 रू को ज़ब्त किया गया है।पुलिस टीम का विवरण निरीक्षक रामचन्द्र साहू थाना प्रभारी बान्दे सहायक उप निरीक्षक देवनारायण बंजारे, राजकुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक सूर्यदेव कुंजाम अशवन नेताम आरक्षक यशवंत मंडावी पूनम साहू गजानंद हिड़को अमृत नेताम मोहन दुग्गा, आर.संतानु जुर्री आरक्षक प्यारे लाल तारम शमिल थे।कांकेर पुलिस की अपीलः- अपराध पर नियंत्रण पुलिस और जनता की साझा जिम्मेदारी है। कई बार आपकी एक छोटी सी सूचना बड़े अपराधो को रोक सकती है, इसी उद्देष्य से जिला-उत्तर बस्तर कांकेर पुलिस द्वारा किसी भी संदिग्ध या अपराधिक गतिविधियों की जानकारी देने के लिए अपराधिक हेल्पलाईन नंबर 94791-55125 संचालित की जा रही है। यह दी गई हर सूचना एवं सूचनाकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

वन मंत्री कश्यप ने अबूझमाड़ कृषक एफपीओ को सौंपे आधुनिक कृषि यंत्र

नारायणपुर में कृषि विकास को मिली नई दिशा

नारायणपुर / नवप्रदेश।नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर जिले में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। वन मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा अबूझमाड़ कृषक एफपीओ को भारतीय मिलेट अनुसंधान संस्थान के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने स्व-सहायता समूह की दीदियों एवं किसानों से चर्चा कर उन्हें मेहनत के साथ आधुनिक कृषि उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है और आय में वृद्धि संभव है।कलेक्टर नम्रता जैन ने जानकारी दी कि इस पहल का उद्देश्य अबूझमाड़ क्षेत्र में मिलेट्स जैसे कोदो, कुटकी और रागी के उत्पादन को बढ़ावा देना तथा किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। प्रदान किए गए कृषि यंत्रों में स्वराज 744 XT 4×4 एन ट्रैक्टर, सीड-कम-फर्टिलाइजर ड्रिल, 9 टाइन रिगिड कल्टीवेटर, मल्टी स्पीड एग्रीकल्चर रोटावेटर, रिवर्सिबल लैंड लेवलर, ट्रैक्टर माउंटेड बंड फॉर्मर और एमबी प्लाउ शामिल हैं।अबूझमाड़ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी इन उपकरणों को किराये पर उपलब्ध कराकर अतिरिक्त आय का स्रोत भी विकसित कर सकेगी। आधुनिक यंत्रों के उपयोग से खेती की लागत में कमी आएगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे क्षेत्र में मिलेट्स उत्पादन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

विधायक ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

कांकेर / नवप्रदेश। बुधवार को कांकेर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आशा राम नेताम ने नरहरपुर बाजार चौक में आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल होकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छ और सुंदर नगर निर्माण के संकल्प के साथ क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर सफाई अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी साथियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि स्वच्छता ही सेवा है और अपने नगर, गांव व आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।हमारा विश्वास है कि जब जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आम नागरिक एक साथ मिलकर जिम्मेदारी निभाते हैं तब ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता ही एक सशक्त, स्वस्थ और विकसित भारत की आधारशिला है।

सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए यातायात विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

■ **नियमों का पालन करने वाले चालकों को पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित**

नारायणपुर / नवप्रदेश।पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण के ध्येय से व्यापक यातायात अभियान एवं सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया के निर्देशन में जिला मुख्यालय सहित समस्त थाना क्षेत्रों में प्रभावी रूप से चलाया गया।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हेलमेट

पहनकर दोपहिया वाहन चलाने वाले एवं सीट बेल्ट लगाकर चारपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के संबंध में समझाइश दी गई। जिला पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वयं की सुरक्षा एवं दूसरों के जीवन की रक्षा हेतु यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें तथा इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

112 पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

नारायणपुर / नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता जैन के निर्देश पर जिले की 112 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस एवं चावल महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं क्रियान्वयन को गति देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत मकानों के निर्माण को 90 दिनों में पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

अंतागढ़ पुलिस का एक्शन, सट्टा-पट्टी-नकदी सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश।जुआ सट्टा खुडखुड़ी अवैध शराब को लेकर पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के सख्त कार्यवाही के निर्देश के बाद कांकेर जिले भर में सट्टा के संगठित अपराध पर कांकेर पुलिस ताबड़तोड़ कार्यवाहीं करती नज़र आ रही है।

अंतागढ़ पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले 03 आरोपी को गिरफ्तार किया है। अंतागढ़ पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एसपी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष बंछोर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शुभम तिवारी के पर्यवेक्षण में क्षेत्र में लगातार जुआ सट्टा के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम में 06अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना

प्राप्त हुई कि कर्रेगांव के पास भर्री सागौन प्लांटेशन क्षेत्र में कुछ व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखकर लोगों को प्रलोभन देकर सट्टा खिला रहे हैं।सूचना प्राप्त होते ही थाना सिकसोड़ एवं साइबर की संयुक्त टीम बनाकर बताए गए स्थान पर रेड कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपियों को सट्टा संचालित करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। थाना सिकसोड़ में अपराध क्रमांक 06/2026 धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा सट्टा पट्टी लिखकर अवैध लाभ अर्जित करना स्वीकार किया गया।और आरोपियों से सट्टा खिलाने के सम्बन्ध में अन्य साक्ष्य संकलन भी किया गया। सट्टा संचालित करने वाले गिरफ्तार आरोपी राजेश बघेल पिता स्व. जयलाल बघेल, उम्र 41 वर्ष निवासी कर्रेगांव शेख शरीफ कुरैशी उम्र 52 वर्ष निवासी अंतागढ़ चंपालाल कोर्राम पिता-स्व.श्याम सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी कर्रेगांव शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों से जप्त सामग्री में 01 नग सट्टा पट्टी नगद 10,320 रुपए 03 नग मोबाइल फोन रियल मी एप्पो इनफिनिक्स को ज़ब्त कर आगे की कार्यवाही जारी है।पुलिस टीम निरीक्षक रामजी तारामे थाना प्रभारी सिकसोड़ सहायक उप निरीक्षक तुमेश्वर साहू सहायक उप निरीक्षक बकेश पटेल क्राइम टीम

आरक्षक सरजू नेताम आरक्षक कार्तिक सीनेंद्रमहिला आरक्षक दीपा नाग शामिल थे।

कांकेर पुलिस की अपील-अपराध पर नियंत्रण पुलिस और जनता की साझा जिम्मेदारी है। आपकी एक छोटी सी सूचना भी बड़े अपराधों को रोकने में सहायक हो सकती है। जिला उत्तर बस्तर कांकेर पुलिस द्वारा संदिग्ध/अपराधिक गतिविधियों की सूचना देने हेतु हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 संचालित किया जा रहा है।

नक्सल पुनर्वास नीतिः आत्मसमर्पित 40 माओवादियों को आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा

कभी बंदूक थामकर हिंसा करने वाले माओवादी अब सीख रहे हुनर

■ **मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों के शिक्षा पर भी विशेष ध्यान**

कांकेर / नवप्रदेश। जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की मार्ग अपनाया था, अब वहीं हाथ अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। भानुप्रतापपुर के पास ग्राम चौगेल के पुनर्वास केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा हुनर दिखाते हुए काष्ठ कला से नेम प्लेट, छत्तीसगढ़ शासन का 'लोगो', ग्राम पंचायतों के लिए बोर्ड, बच्चों के लिए की-रिंग सहित अन्य सजावटी सामग्री तैयार की जा रही है, साथ ही कपड़े का थैला, कार्यालयों के लिए बस्ता भी तैयार किया जा रहा है। सरकार द्वारा घोषित नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कांकेर द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को कुशल और दक्ष बनाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। यहां पर उन्हें काष्ठशिल्प के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, ड्रायविंग, सिलाई, राजमिस्त्री जैसे पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्रदान

किया जा रहा है। कभी नक्सली गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक-युवतियॉ अब विभिन्न व्यवसाय में दक्ष हो रहे हैं, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के बाद आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़कर सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह कर सकें।

चौगेल कैंप बना कौशल प्रशिक्षण केंद्र-वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। शासन द्वारा नक्सल मुक्त बस्तर घोषित किया जा चुका है। हिंसा की राह त्यागकर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों को सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत भानुप्रतापपुर विकासखंड के पास ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैम्प में विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कभी बीएसएफ का कैम्प रहा चौगेल (मुल्ला) का यह कैम्प अब हुनर सिखाने वाला गढ़ बन चुका है। यहां पर जिला प्रशासन द्वारा मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग-अलग पाठ्यक्रमों जैसे- काष्ठ शिल्प, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, ड्राइविंग, राजमिस्त्री इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही उनकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दी जा रही है।

जल संरक्षण, त्वरित शिकायत निवारण और डिजिटल साक्षरता पर जोर

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 8 अप्रैल को दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

यह निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू, पीडब्ल्यूडी चांपा डिविजन के एसडीओ दिनेश धुर्वे, शिवरीनारायण क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर डी सी दिनकर तथा थाना प्रभारी शिवरीनारायण निरी राजीव श्रीवास्तव, थाना प्रभारी बिर्रा जयकुमार साहू, थाना प्रभारी बम्हनीडीह उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह के साथ मिलकर किया गया। निरीक्षण के दौरान बम्हनीडीह, बिर्रा एवं शिवरीनारायण के ऐसे क्षेत्रों का दौरा किया गया, जहां पूर्व में सड़क दुर्घटनाएं चुकी हैं और ऐसे स्थान जो ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात

उदयन बेहार सहित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था, संकेतकों की उपलब्धता, मोड़ एवं ब्लैक स्पॉट की स्थिति का बारिकी से अवलोकन किया। निरीक्षण दौरान पाया गया कि तेज गति एवं यातायात नियमों का उल्लंघन, अपर्याप्त संकेतक, अपर्याप्त रोड मार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण,खराब रोड सोल्डर,दृश्यता बाधित करने वाले मोड़ एवं कुछ स्थानों पर खराब सड़क संरचना को दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों के रूप में चिन्हित किया गया। संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक उपाय जैसे चेतावनी संकेतक लगाने, स्पीड ब्रेकर निर्माण, सड़क मरम्मत, अतिक्रमण हटाने एवं यातायात नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए जाने की बात कही गई। साथ ही उपरोक्त बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को पत्राचार किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

220 बिस्तरीय अस्पताल निर्माण में आएगी तेजी, 10 अप्रैल को होगी नियंत्रित ब्लास्टिंग

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। जिले में बहुप्रतीक्षित 220 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। निर्माण स्थल पर मौजूद कठोर चट्टानों को हटाने के लिए आगामी 10 अप्रैल को नियंत्रित ब्लास्टिंग की जाएगी। अनुविभागीय दण्डाधिकारी (स्ठरू) ने विस्फोटक अधिनियम के कड़े सुरक्षा मानकों के तहत इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, ब्लास्टिंग कार्य केवल लाइसेंसधारी विशेषज्ञों की निगरानी में प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे के बीच ही संपन्न होगा। सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र में लाल झंडे, चेतावनी बोर्ड और मुनादी के जरिए आमजन को सूचित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन के आवेदन पर पुलिस और नगर पालिका से अनापत्ति मिलने के बाद यह स्वीकृति दी गई है। **प्रमुख सुरक्षा प्रोटोकॉल:** ब्लास्टिंग के दौरान निर्धारित सुरक्षा परिधि को पूरी तरह खाली कराया जाएगा। आवासीय क्षेत्रों और सार्वजनिक मार्गों से सुरक्षित दूरी का पालन अनिवार्य है। कार्य के दौरान सिटी कोतवाली पुलिस और नगर पालिका की टीम मुस्तैद रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे ब्लास्टिंग के दौरान निर्माण स्थल से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और सुरक्षा निर्देशों का पालन कर सहयोग करें।

स्कूल में शराब पीकर आने वाले प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक निलंबित

मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)/नवप्रदेश। शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाले दो शिक्षकों पर प्रशासन ने कड़ा प्रहार किया है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने केल्हारी तहसील अंतर्गत प्राथमिक शाला बाला में पदस्थ प्रधान पाठक पारस राम वर्मा और सहायक शिक्षक मेहीलाल सिंह को ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों शिक्षक नशे में धुत मिले। मौके पर पंचनामा तैयार कर उनका बयान लिया गया, जिसमें उन्होंने शराब सेवन की बात स्वीकार की। इसके पश्चात सिविल अस्पताल मनेंद्रगढ़ में कराई गई मेडिकल जांच में भी शराब पीने की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम का गंभीर उल्लंघन माना। निलंबन अवधि के दौरान दोनों का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नियत किया गया है। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि शासकीय सेवा में अनुशासनहीनता और इस तरह की अनैतिक गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसी लापरवाही पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महुआ शराब पर विभाग की कार्रवाई 10 लीटर शराब जब्त, एक गिरफ्तार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आबकारी आयुक्त आर. संगीता एवं कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी एल. के. गायकवाड के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शीला

बड़ा एवं आबकारी उप निरीक्षक सौरभ साहू के नेतृत्व में 07 अप्रैल 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। आबकारी वृत्त सीतापुर अंतर्गत ग्राम एरण, जिला सरगुजा निवासी रंजीत राम (उम्र 34 वर्ष) के कब्जे से कुल 10 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। उक्त प्रकरण में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक पुन्ना लाल जायसवाल, लालसाय लकड़ा एवं महिला नगर सैनिक संगीता पाठक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मुख्यमंत्री साय आज लुण्ड्रा में आयोजित किसान सम्मेलन में होंगे शामिल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में किसान सम्मेलन का आयोजन 9 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:00 बजे लुण्ड्रा विकासखण्ड में ग्राम पंचायत लुण्ड्रा के छत्रपति शिवाजी मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसान सम्मेलन तथा जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिम जाति विकास कृषि विकास कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मछलीपालन पशुधन विकास विभाग मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त वाणिज्यिक कर आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री सरगुजा ओपी चौधरी, पर्यटन संस्कृति धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज होंगे।

पुरानी रंजिश में युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बिर्रा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये प्राणघातक हमलावर को लिया तत्काल हिरासत में लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, गंड़ाशा , धारदार नुकीला बिन्हा, ट्रेक्टर के लोहे की नांगर पट्टी को बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध थाना बिर्रा में धारा 296,115(2), 351(3), 109(1),331(6) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बीते रात्रि 3:00 बजे आरोपी शांति लाल कटकवार उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सिलादेही द्वारा ग्राम गतवा निवासी संतोष साहू के पड़ोसी के निर्माणाधीन मकान से होते हुये संतोष साहू के घर का छत में लगा दरवाजा मे लगा ताला को आरी-ब्लेड से काटकर घर के भीतर प्रवेश किया जो अपने साथ हत्या जैसे जघन्य घटना कारित करने के लिये सुनियोजित हथियार कुल्हाड़ी, गंड़ाशा , धारदार नुकीला बिन्हा, ट्रेक्टर के लोहे की नांगर

पट्टी लेकर गया एवं परिजनों पर अनावश्यक दबाव बना रहा था कि मना किये जाने पर बदले की भावना से संतोष साहू एवं ओमप्रकाश साहू के हत्या करने के आशय से प्राण घातक हमला लगातार किया हमले से आहतो के शरीर में कई स्थानों पर गंभीर चोट आयी जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुये प्रभारी पुलिस अधीक्षक जांजगीर -चाम्पा निवेदिता पाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में एवं उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) सतरूपा तारम के पर्यवेक्षण में तत्काल बिर्रा पुलिस स्टॉफ घटना स्थल रवाना होकर आरोपी शांति लाल कटकवार उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सिलादेही को अभिरक्षा में लिया गया साथ ही आरोपी के प्राण घातक वार से गंभीर रूप से घायल संतोष साहू एवं ओमप्रकाश साहू के उचित ईलाज हेतु तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनीडीह ले जाकर उपचार कराया गया घायलो की स्थिति को देखते हुये चिकित्सक द्वारा हायर सेंटर रिफर किया गया कि प्रकरण की गंभीरता का आकलन करते हुये विवेचना क्रम के समस्त साक्ष्यो का संकलन एवं घटना के समस्त पहलू व घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण क्राईम यूनिट प्रभारी जांजगीर द्वारा बिर्रा पुलिस के साथ मौके पर जाकर किया गया जो आरोपी शांतिलाल कटकवार के निशान देही पर हत्या के प्रयास में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, गंड़ाशा, धारदार नुकीला बिन्हा, ट्रेक्टर के लोहे की नांगर पट्टी को आरोपी के कब्जे से किया गया बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने उपरांत न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में फॉरेंसिक क्राईम यूनिट टीम प्रभारी जांजगीर सुश्री सृष्टि राय एवं थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू, सउनि नरेन्द्र शुक्ला, सउनि टी.आर. जांगड़े, प्र.आर. गौतम गोविन्द पाण्डेय, आरक्षक रघुवीर यादव, दीपक तिवारी, लक्ष्मीनारायण कश्यप, रामसाय साहू का विशेष योगदान रहा।

हादसा या हत्याः महिला की मौत का नहीं हो सका खुलासा

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र में इन दिनों आपराधिक गतिविधियों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में एक बीती रात करीब साढ़े दस बजे ग्राम बगदर्री से अपने नीज ग्राम अधला लौट रहे एक दम्पति पर कुछ अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया इस प्राणघातक हमले में पत्नी की मौत हो गई वहीं पति की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक निर्मला दास पति कपिल दास उम्र 40 वर्ष अपने पति कपिल दास के साथ सोमवार की शाम गरीब 4:00 बजे अपने रिश्तेदारी में ग्राम बगदर्री गए हुए थे रात को अपने निजी ग्राम अधला लौट रहे थे कुछ लोगों का कहना है दो बाइक आमने-सामने भीड़ गये जिसमें दोनों पति-पत्नी घायल हो गये । वहीं कुछ लोगों का बयान है कि बाइक सवार दंपती पर कुछ अज्ञात बाईक सवारों ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हमलावरों ने दो पहिया वाहन बाईक में भी तोड़फोड़ की है। स्थानीय लोगों को जानकारी होने पर दोनों घायल पति-पत्नी को अंबिकापुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहां निर्मला दास की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद हर आहत दोनों को रायपुर के लिए रेफर कर दिया रायपुर उपचार हेतु ले जाने के दौरान रास्ते में घायल महिला की मौत हो गई। मामले में पति की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसका इलाज संकल्प हॉस्पिटल में जारी है घटना की सूचना मिलने पर लखनपुर पुलिस ने घटना स्थल पहुंच मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है समाचार लिखे जाने तक घटना के वास्तविक कारण का पता नहीं चल पाया है।

अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुए हमलावर

बताया जा रहा है इस खूनी संघर्ष में बाइक सवार दंपति पर ताबड़तोड़ हमला करने के बाद हमलावर अंधेरे का फायदा उठा मौके वारदात से फरार हो गये।

मार्च में 1150 वाहन चालकों पर कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पर स्थित है तथा जिले एवं आसपास के जिलों में उद्योग/कारखानों की अधिक संख्या होने के कारण यातायात का दबाव निरंतर बना रहता है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा हाईवे पर सतत् एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक वाय.

एन. शर्मा एवं उनकी टीम सउनि. सुरेंद्र सिंह. सउनि. लक्ष्मण महानदिया द्वारा लगातार बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी, शराब सेवन कर वाहन चलाने तथा ओवर स्पीड जैसे खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है। माह मार्च 2026 में कुल 1150 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 4,43,800/- (चार लाख तैंतालीस हजार आठ सौ रुपये) समन शुल्क के रूप में वसूले गए, जो कि जिला सक्ती में अब तक की रिकॉर्ड कार्यवाही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्ती से कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

लखनपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में स्थित ग्राम रजपुरी कला अम्बिकापुर बिलासपुर मुख्य मार्ग में बीती रात एक मोटरसाइकिल सवार ट्रक में जा घुसा जिससे सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। मंगलवार को रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास एक दूसरा बाइक सवार उसी खडे ट्रक से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे तत्काल उपचार के लिए अम्बिकापुर ले जाया गया। अज्ञात युवक की हालत बहूत नाजूक थी प्रत्येक्ष दर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का हेलमेट दूर जा गिरी और उसके दोनों कानों तथा ना मुंह से खून निकल आया । जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक नहीं बच सका होगा। यदि ट्रक को सड़क किनारे से हटा दिया गया होता तो यह दुर्घटना नहीं हुई होती। इसमें पुलिस महकमा की लापरवाही बताई जा रही है। सड़क हादसे में लगातार दो दिन में दो मौत होने से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो उठे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे घटना कारित ट्रक को तत्काल सड़क किनारे से हटाने आवाज़ बुलंद किया पुलिस के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। काबिले गौर है कि ग्राम रजपुरी कला के पास गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग नर संहार के लिए चर्चित होता जा रहा है। लोगों में यह भ्रांति भी फैलती जा रही है कि राजपुरी कला आसपास सड़क में अतृप्त आत्माओं का साया मंडराने लगा है एरिया अभिशप्त हो गया है। जिससे सड़क हादसों का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। इन घटनाओं से पहले भी अनेक भयानक और खौफनाक सड़क दुर्घटनाएं इर्द-गिर्द में हो चुकी है।

गुटबाजी के आरोपों से घिरी जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

■ **गुटबाजी से पार्टी की एकजुटता पर प्रश्नचिन्ह**

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में इन दिनों संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर गुटबाजी के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे पार्टी की एकजुटता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष गाजमती भानु द्वारा 5 अप्रैल 2026 को पंचायत, वार्ड, बूथ एवं मंडल स्तर की समितियों के गठन की सूची जारी की गई थी। इसके पश्चात तीनों ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में वार्ड एवं बूथ कमेटियों का गठन करते हुए अलग-अलग सूचियां जारी की गईं। जारी सूचियों के अवलोकन से यह स्पष्ट रूप से सामने आ रहा है कि जिला एवं ब्लॉक स्तर के बीच समन्वय का अभाव है।

आरोप लगाए जा रहे हैं कि कई स्थानों पर जिला अध्यक्ष द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों की सहभागिता के बिना ही कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिससे संगठन के भीतर असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में पेंड्रा ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास, गौरेला ब्लॉक अध्यक्ष बलबीर सिंह करसायल एवं मरवाही ब्लॉक अध्यक्ष दया वाकरे ने संयुक्त रूप से कहा है कि उनकी सहमति के बिना ही सूची जारी की गई है। उनका कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार समिति गठन का अधिकार ब्लॉक अध्यक्षों को दिया गया है तथा इन समितियों में जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों को शामिल नहीं किया जाना है। इसके बावजूद जिला अध्यक्ष द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से सूची जारी की गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली से पार्टी की जमीनी पकड़ कमजोर हो सकती है और कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वर्तमान परिस्थितियों में संगठन एकजुट होकर कार्य करने के बजाय अलग-अलग गुटों में बंटा नजर आ रहा है। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं ब्लॉक अध्यक्षों ने उच्च नेतृत्व से मांग की है कि इस पूरे मामले में हस्तक्षेप कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि संगठन में समन्वय, अनुशासन एवं एकजुटता बनी रहे और कांग्रेस पार्टी भविष्य में और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच अपनी भूमिका निभा सके।

सूने मकान से एलईडी टीवी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

चिरमिरी (एमसीबी)/नवप्रदेश। पुलिस द्वारा अपराधियों और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान को एक बड़ी सफलता मिली है। चिरमिरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी की एक वारदात का महज कुछ ही घंटों के भीतर खुलासा कर दिया। इस कार्रवाई में न केवल आरोपी को गिरफ्तार किया गया, बल्कि चोरी गया शत-प्रतिशत माल भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार 6 अप्रैल को आजादनगर निवासी प्रार्थी भगवान

दास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके सूने मकान का लाभ उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में रखी एलईडी टीवी (बाजार मूल्य लगभग 20,000 रुपये) चोरी कर ली है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच शुरू की। मुखबिरों के तंत्र और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने संदेह के घेरे में आए सुमित सोनवान (24 वर्ष), निवासी एकता नगर गोदरीपारा को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई एलईडी टीवी बरामद की। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के नागरिकों ने राहत महसूस की है। थाना प्रभारी विजय सिंह का कहना है कि इस कार्रवाई से अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हायर सेकेण्डरी हिन्दी विषय की 10 अप्रैल को फिर से होगी परीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माशिमं द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2026 के हिन्दी विषय की पुनः परीक्षा 10 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में मण्डल के निर्देशानुसार मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शासकीय बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंबिकापुर के हॉल में आयोजित बैठक में सरगुजा जिले के 71 परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष सहित परिवहन कार्य में नियुक्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO. 021-10/ PUBLICATION/ 1500 Korba West, dtd. 02.04.2026

(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1402/2026.

Online tenders are invited from experienced & prospective firms for the following Works/Supply:

S. No	Rfx No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission & opening
1.	Rfx No. 8100050417	Installation of earth pit with all earthling material & accessories pertains to different circles for HTPS, Korba West.	590/-	6,655/-	24.04.2026
2.	Rfx No. 8100050480	MS Nut & Bolts for 4x210 MW, Korba West.	590/-	11,180/-	27.04.2026
3.	Rfx No. 810002571	Annual Overhauling work of mini hydel unit No. 2, HTPS, Korba West.	590/-	13,580/-	22.04.2026

NOTE:- 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our websitehttps://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. 2. Quantity as per tender schedule.3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SUPERINTENDING ENGINEER (C)
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION S-47429/2 O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (M&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्या: सीपीएम-इंजी-जीएसयु-बीएसपी-18-25-26 दिनांक: 30.03.2026

कार्य: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में उप मुख्य अभियंता/जीएसयु/बीएसपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न आरओबी /आरयूबी के लिए डिज़ाइन और ड्राइंग सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना और जमा करना।

निविदा मूल्य (रु): 2,54,52,096.08/- अमानत राशि (रु): 5,09,100.00/- कार्य पूर्णता की अवधि: 09 माह निविदा जमा करने की आरंभ तिथी:- दिनांक 16-04-2026 से निविदा जमा करने की अंतिम तिथी: दिनांक 30-04-2026 के 15:30 बजे तक

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है, उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

उप मुख्य अभियंता गतिशक्ति
सीपीआर/10/AM/4 द.पू.म.रेलवे / बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./..../बी-121/2025-26
ग्राम मुंगेली प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भवानी पटेल आ. भानुप्रताप पटेल जाति मरार निवास मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं 19 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने पुत्र युवराज पटेल आ. भवानी पटेल का जन्म दिनांक 09/04/2015 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत न. पा. प. मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 16.04.2026 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दंडाधिकारी
मुंगेली

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मुंगेली में विधिक जागरूकता शिविर व रैली आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मुंगेली में विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर एवं रैली का आयोजन किया गया।

यह आयोजन सालसा प्लान ऑफएक्शन के तहत् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर न्यायालय के विभिन्न न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, पैरालीगल वालिंटियर्स एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन लता आचला ने मिशन अस्पताल मुंगेली के नर्सिंग छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए तनावमुक्त

जीवन जीने के उपाय बताए। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण जैसे बीपी, शुगर जांच एवं समय-समय पर मेडिकल चेकअप कराने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। वहीं जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों डॉ. संजय ओबेरॉय, डॉ. तुलेस कुमार, डॉ. जित्तू साहू एवं परामर्शदाता दिलीप कुमार बसंत ने अनियमित जीवनशैली और कार्य के दबाव के कारण बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मानसिक तनाव एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है, जिससे बचाव के लिए नियमित योग, ध्यान एवं व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

रैली में शामिल प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित जांच कराने का संदेश दिया।

न्यूज गैलरी

महंगे यूरिया के खिलाफ फुटकर व्यापारियों का विरोध, सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। थोक खाद विक्रेताओं के द्वारा फुटकर व्यापारियों को निर्धारित शासकीय दर से काफी अधिक दर में यूरिया दिए जाने के विरोध में जिले के 72 फुटकर व्यापारियों द्वारा संगठित होकर कृषि विभाग के उपसंचालकों को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में फुटकर व्यापारियों ने लिखा गया है कि वे यूरिया सहित अन्य समस्त खाद बेचने के लिए थोक व्यापारियों से ही खरीदी करते हैं परंतु थोक व्यापारियों के द्वारा निर्धारित दर से काफी उच्च दामों में हमें खाद दिया जाता है साथ ही बड़ी मात्रा में अन्य रासायनिक सामान वह भी जबरदस्ती काफी ऊंची कीमत में दिया जाता है जिसकी वजह से हम समस्त फुटकर विक्रेता शासन के निर्धारित दर पर खाद बेचने में असमर्थ हैं। अतः समस्त फुटकर व्यापारियों ने कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उन्हें निर्धारित दर में खाद उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुंगेली, लोरमी खाम्ही, चंदली, लकड़ा, बीजातराई, सेतगंगा, देवरी, सरगांव, पथरिया, फास्टरपुर, जरहागांव सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र के फुटकर विक्रेता थे।

एबीवीपी का नक्सलवाद के विरोध में प्रदर्शन, शवयात्रा निकाल जताया आक्रोश

मुंगेली/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई

द्वारा आज प्रदेश मंत्री के आवाहन पर नक्सलवाद के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बालानी चौक से पड़ाव चौक तक शव यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।पड़ाव चौक पहुंचकर नक्सलवाद का पुतला दहन किया गया तथा कार्यकर्ताओं ने कहा कि नक्सलवाद देश की एकता और विकास के लिए गंभीर चुनौती है,जिसके खिलाफएकजुट होकर आवाज उठाना आवश्यक है। एबीवीपी ने इस के माध्यम से युवा वर्ग राष्ट्रहित में सदैव तत्पर है और देश विरोधी गतिविधियों का पुरजोर विरोध करते रहेंगे।

सेतगंगा में भाजपा का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। सेतगंगा में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर भाजपा के स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया तथा पार्टी के सिद्धांतों और उपलब्धियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष इंजीनियर अंचना बंजारा, उमेद बंजारा, जय देवांगन, राजेश गुप्ता, रज्जू श्रीवास, रामकुमार गवेल एवं रायसिंह गवेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

66 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा के साथ होगी निष्पक्ष परीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने की घटना के बाद पुनः आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यह परीक्षा आगामी 10 अप्रैल को जिले के 66 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी मायानंद चंद्रा ने बताया कि परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि परीक्षा निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों के रोल नंबर एवं परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। सभी विद्यार्थी पूर्व निर्धारित रोल नंबर और परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रशासन द्वारा परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

'चावल उत्सव और उपभोक्ता जागरुकता' सप्ताह का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को चावल का वितरण किया गया तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को बताया कि राज्य शासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न से वंचित न रहे। जिला खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। चावल उत्सव के माध्यम से हितग्राहियों को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया गया।

जनदर्शन में मिले आवेदनों का त्वरित गति से करें निदानः कलेक्टर

जनदर्शन में उमड़ी भीड़, 250 से अधिक आवेदनों पर हुई सुनवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न गांवों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। ग्राम कोदवाबानी के राकेश कुमार ने पुस्तैनी जमीन के बंटवारे की मांग रखी, वहीं ग्राम पीपरखुंटा के सोमनाथ बंजारे ने गांव में विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर स्थापित कराने की आवश्यकता बताई। ग्राम पंचायत सुरदा के सरपंच एवं ग्रामीणों ने शासकीय प्राथमिक शाला सुरदा के प्रधान पाठक को मूल शाला हेतु कार्यमुक्त करने हेतु आवेदन किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाला जनदर्शन के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को न केवल सुनी जा रही है, बल्कि उनके समाधान के लिए त्वरित और प्रभावी कार्यवाही भी की जा रही है। इससे जनता का विश्वास और मजबूत हो रहा है

तथा शासन की जनहितकारी नीतियां जमीनी स्तर पर सार्थक रूप से क्रियान्वित हो रही हैं। जनदर्शन आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त मंच बनता जा रहा है।

इसी कड़ी में आज कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बड़ी संवेदनशीलता के साथ आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में सरपंच रवि कुमार पटेल एवं ग्रामीणों ने ग्राम के प्राथमिक शाला सुरदा के प्रधान पाठक को पिछले तीन सालों से अन्यत्र संलग्न कर दिया गया है, जिससे शाला एक शिक्षकीय हो गया है।

जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई नही हो पा रही है। अतः संबंधित शिक्षक को मूल शाला हेतु कार्यमुक्त करने हेतु आवेदन किया गया। ग्राम देवरी के सुखम पटेल ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण की मांग की, जबकि ग्राम डोड़ा के मलेश यादव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम पंडरभट्ठा के संजय साहू ने आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार की मांग की, वहीं ग्राम जरहागांव के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-130 में निर्मित नाली की मरम्मत कराने की समस्या रखी। जनदर्शन में उपस्थित अधिकारियों ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार जांच कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जो यह दर्शाता है कि आमजन अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पर भरोसा जता रहे हैं।

तलवार लहराकर लोगों को धमकाने वाले दो गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से हथियार तलवार लहराकर आम लोगो को डराने धमकाने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी सुनील जायसवाल, आनंद यादव से 2 नग तलवार जप्त किया गया। आरोपियो के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को कानून ब्यवस्था रखने व अवैध गतिविधियां करने वालों पर नजर रखकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किये है जिसके परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा व उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह के मार्गदर्शन 4 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नंदी चौक, शंकर मंदिर के पास मल्हापारा क्षेत्र में 02 व्यक्ति तलवार लेकर घूम रहे हैं एवं आम नागरिकों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए सिटी कोतवाली पुलिस स्टाफ मौके पर पहुँचे, मुखबिर के बताए स्थान मल्हापारा नंदी चौक मे दो व्यक्ति तलवार लहराते हुए पाए गए। मौके पर उपस्थित गवाहों के समक्ष विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी सुनील जायसवाल पिता गणेश जायसवाल, उम्र 28 वर्ष, निवासी शंकर वार्ड एवं आनंद यादव उर्फ भुरवा, पिता हेमकुमार यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी राजेन्द्र वार्ड पटवापारा को पकड़ा, दोनों आरोपी थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के आदतन बदमाश पाए गए। दोनों के कब्जे से 01-01 नग लोहे की तलवार गवाहों के समक्ष जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उक्त कृत्य आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 5 अप्रैल को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया। पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

हर घर तक संगठन का संदेश पहुंचाने का प्रयास

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जन सेवा समर्पित लक्ष्य अंत्योदय का संकल्प सेवा ही संगठन के मूल मंत्र पर चलने वाले विश्व सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा स्थापना दिवस को सभी कार्यकर्ता के बीच मुंगेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास के निवास ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। मंडल के द्वारा कार्यकर्ता को अपने-अपने घरों में दीप जलने के लिए प्रेरित किया गया जिसमें संगठन का संदेश हर घर तक पहुंचे ध्वज लगाने की अपील की। नितेश भारद्वाज महामंत्री के द्वारा कार्यक्रमों के दौरान सामाजिक

सरोकारों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर, नितेश भारद्वाज महामंत्री मंच संचालन किया। राजीव श्रीवास के निवास पर गुलशन सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, उमेश विश्वकर्मा महामंत्री, गोलू पांडे महामंत्री, ज्ञान सिंह राजपूत किसान मोर्चा महामंत्री, चंद सिंह ध्रुव आदिवासी समाज से महामंत्री, खुशदेव साहू, जनक साहू, मोहित यादव, भास्कर श्रीवास महामंत्री, डॉ. आरए श्रीवास, डॉ. करण राम पटले, संजय सिंह राजपूत, दिलेश्वर यादव, आत्माराम साहू, अनामिका श्रीवास, कावेरी श्रीवास, चंद्रकली ध्रुव, डोली यादव, श्रीमती दुल बाई साहू, रामाधार साहू, नरेश वर्मा, गोवर्धन पटले, ताराचंद जांगरे, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, चमन सिंह राजपूत, श्यामू निर्मलकर, संजय निर्मलकर, राजेश्वर आदि मौजूद रहे।

मुंगेली-जरहागांव में श्रमिक पंजीयन शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। हीरालाल वार्ड मुंगेली और नगर पंचायत जरहागांव के समरसता भवन में आयोजित शिविर में क्षेत्र के श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर के दौरान कुल 54 श्रमिकों के नए श्रमिक कार्ड बनाए गए, वहीं 10 श्रमिकों के कार्ड का नवीनीकरण भी किया गया। श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि श्रमिकों के दस्तावेजों का मौके पर ही सत्यापन कर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिससे हितग्राहियों को त्वरित सुविधा उपलब्ध हो सकी।

इस अवसर पर उपस्थित श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उन्हें बताया गया कि श्रमिक पंजीयन के माध्यम से वे सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य सहायता योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में आए श्रमिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से उन्हें अपने ही क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध हो जाती हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।

पीएनबी के असिस्टेंट मैनेजर से 21 लाख रुपए की ठगी

सरगुजा/नवप्रदेश। कोरिया जिले में पंजाब नेशनल बैंक में पदस्थ असिस्टेंट मैनेजर से दो लोगों ने जमीन बेचने के नाम पर 21 लाख 40 हजार रुपये की ठगी कर ली। किश्तों में रूपये लेने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं की और वे फोन भी नहीं उठा रह हैं। मामले में असिस्टेंट मैनेजर ने कोरिया के सीजीएम न्यायालय में परिवाद पेश किया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर लिया है। मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कोरिया जिले में पंजाब नेशनल बैंक में असिस्टेंट मैनेजर आशा तिग्गा मूलत: विशुनपुर की निवासी है। आशा तिग्गा के पिता के घर बनाने का ठेका लेने वाले अरविन्द तिर्की निवासी बगीचा, जशपुर एवं संजय मिंज निवासी पटपरिया अंबिकापुर से वर्ष 2023 में हुआ था, जब वे आशा तिग्गा के पिता का मकान ठेका लेकर बना रहे थे। अरविंद्र तिर्की और संजय मिंज सितंबर 2022 में आशा तिग्गा के पिता के घर गए और कहा कि उनके एक कर्मचारी की ठाकुरपुर रेलवे स्टेशन के पास 70 डिसमिल जमीन है, जिसे वह रुपये की जरूरत होने के कारण बेचना चाहता है।

ऑपरेशन बाज: शराब तस्करी में शामिल 4 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। ऑपरेशन बाज चलाकर अवैध रूप से शराब तस्करी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध सिटी कोतवाली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब बिक्री परिवहन करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

थाना सिटी कोतवाली में 4 प्रकरण में 4 आरोपियों से 169 पाव देशी प्लेन मदिरा 30.42 बल्क लीटर कीमती 13520 व परिवहनरत 4 नग मोटर सायकल, स्कूटी, कीमती 1.50 लाख रूपये कूल 1,63,500 रूपये

को जप्त किया गया। शराब तस्कर के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली मे आबकारी एक्ट का धारा 32(2), 59 क आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल के द्वारा असामाजिक तत्वो एवं मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालो के विरूद्ध ''ऑपरेशन बाज'' अभियान चलायी जाकर जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन मे अति. पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबडा के मागदर्शन मे थाना सिटी कोतवाली द्वारा नशे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये अधिक मात्रा मे शराब ब्रिकी हेतू परिवहन करने पर 04 प्रकरण मे 04 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। 6 अप्रैल को आसपास के शराब भठ्ठी में शराब नही होने से रेहुंटा मुंगेली शराब भठ्ठी मे शराब का अवैध व्यापार करने वाले लोगों की पहुंचने की संभावना पर अलग-अलग स्थानों पर मुखबीर और पुलिस स्टॉफ को गुप्त रूप से लगाकर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गर्ल्स स्कूल के पीछे नाला के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम जैनेन्द्र उर्फ पिंकू साहू उम्र 40 वर्ष निवासी कबीर वार्ड को चेक करने पर उसके कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब 7.200 बल्क लीटर कीमती 3200 रूपये व घटना में प्रयुक्त सिल्वर ब्लैक रंग एक्टिवा सोल्ड मो.सा. कीमती 60,000 रूपये को गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

अवैध डीज़ल कारोबार का भंडाफोड़, 3 आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। थाना पिथौरा पुलिस ने अवैध डीज़ल खरीदी-बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रेड कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 150 लीटर डीज़ल, नाप-तौल का सामान और एक आयशर माजदा वाहन सहित कुल 6 लाख 15 हजार 900 रुपए की संपत्ति जब्त की है।

मुखबिर सूचना पर हुई कार्रवाई : पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मेमरा में एक किराना दुकान/मकान में अवैध रूप से डीज़ल का भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापा मारा, जहां आरोपी निर्मल यादव अपने सहयोगी खेमराज पटेल के साथ बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के ज्वलनशील पदार्थ डीज़ल का भंडारण करते पाए गए।

इन धाराओं के तहत दर्ज हुआ मामला : पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 287, 303(2), 317(2), 3(5) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

गिरफ्तार आरोपी

निर्मल यादव (32 वर्ष), ग्राम मेमरा, थाना पिथौरा
खेमराज पटेल (20 वर्ष), ग्राम चिखली, थाना पिथौरा
गिरधर सिन्हा (35 वर्ष), फुलकर्रा, जिला गरियाबंद

जब्त संपत्ति का विवरण

150 लीटर डीज़ल (कीमत लगभग ?15,000)
पाइप, चांदी, टीन का लीटर मापक सहित अन्य सामग्री (?900)
आयशर माजदा वाहन (कीमत ?6,00,000)

आरोपियों को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। महासमुंद पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

पेज 1 का शेष...

असम, केरल और पुडुचेरी ...

64 है। राज्य की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 को समाप्त हो रहा है।

केरल में 140 सीटों के लिए 833 उम्मीदवार

वहीं, केरल में 140 सीटों के लिए 833 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुख्य राजनीतिक दलों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं।

पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव

पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है। कुल 9.44 लाख मतदाताओं में लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

लगभग 1,900 से ज्यादा नाम वापसी

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था। असम में 1,388 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें 817 उम्मीदवार थे। केरल में 2,117 नामांकन के साथ 1,252 उम्मीदवार और पुडुचेरी में 514 नामांकन के साथ 442 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। कुल मिलाकर 4,019 नामांकन दाखिल हुए, जिनमें 2,511 उम्मीदवार शामिल थे। हालांकि, स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद अंतिम उम्मीदवारों की संख्या घटकर लगभग 1,900 से ज्यादा रह गई है।

पावर प्लांट-2 के टर्बाइन सेक्शन में ब्लास्ट, 2 बीएसपी कर्मियों सहित 7 घायल

■ भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के पावर प्लांट-2 में मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार टर्बाइन सेक्शन में ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई और पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। घटना के समय प्लांट के भीतर मौजूद कर्मचारियों ने हालात बिगडने़ पर पीछे के रास्ते से बाहर निकलकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड के 6 से अधिक वाहनों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हादसे में 7 से अधिक बीएसपी कर्मियों के घायल होने की आशंका जताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टर्बाइन में अचानक तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद आग की लपटें तेजी से फैल गईं। कुछ ही मिनटों में पावर प्लांट का बड़ा हिस्सा धुएं से भर गया। आसमान में धुएं और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। दो बीएसपी

कर्मचारी और तीन ठेका श्रमिक घायल हुए हैं, जबकि एक कर्मचारी के पैर में फ्रैक्चर होने की खबर मिली है। सभी घायलों को सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। कुछ घायलों को पहले मेन मेडिकल पोस्ट में प्राथमिक उपचार दिया गया।

आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। शुरुआती अनुमान के अनुसार टर्बाइन सेक्शन में तकनीकी खराबी या दबाव बढ़ने से ब्लास्ट होने की संभावना जताई जा रही है। घटना के बाद प्लांट के अंदर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। आग पूरी तरह बुझने और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही नुकसान और घटना के कारणों की सटीक जानकारी सामने आएगी।

कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला गया

आग लगने के दौरान स्विचगियर कक्ष और कंट्रोल रूम में मौजूद सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, बाहर निकलने के दौरान भगदड़ में एक संविदा कर्मचारी के पैर में फ्रैक्चर हो गया।

7 कर्मचारियों को अस्पताल भेजा गया

एहतियात के तौर पर 2 नियमित कर्मचारियों और 5 संविदा श्रमिकों को सेक्टर-9 अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज किया गया। सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

न्यूज गैलरी

अत्याधुनिक मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन से होगी सड़कों की सफाई

दुर्ग। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में नगर निगम प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। शहर में बढ़ती धूल की समस्या को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता सुधारने के लिये निगम द्वारा अत्याधुनिक मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों से सड़क की सफाई शुरू की गई है। आज महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद देव नारायण तांडी, अभियंता विनीता वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, कर्म शाला अधीक्षक शोएब अहमद सहित निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अत्याधुनिक मशीन वैक्यूम वायु तकनीक पर आधारित है, जो सड़कों पर जमा धूल, रेत व छोटे मलबे को प्रभावी ढंग से हटाती है। इससे न केवल सफाई बेहतर होगी, बल्कि धूल प्रदूषण में भी कमी आएगी। अब मुख्य सड़कों सहित शहर की सभी चौड़ी सड़कों और कॉलोनियों में मैन्युअल झाड़ू के स्थान पर मशीनों से सफाई की जाएगी। गलियों में सफाई की जिम्मेदारी कर्मियों को दी जाएगी। शुभारंभ के दौरान महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर और धूल मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मशीनीकृत सफाई व्यवस्था से शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर होगी।

आईआईटी भिलाई के शोधकर्ताओं ने जीता कॉमेंडेबल आइडिया अवार्ड

भिलाई। आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग के एक शोध समूह के प्रयासों को एचपीसीएल (एनजीआईसी 2025) में कॉमेंडेबल आइडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 30 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित किया गया था, जिसका आयोजन एचपीसीएल ग्रीन आर एंड डी सेंटर द्वारा किया गया। इस समूह में भानेंद्र साहू, सुब्रत दोलुई, स्वरूप माईती, देबाशीष दास, केसी गुरजाला और डॉ. संजीब बैनर्जी शामिल हैं। एचपीसीएल एनजीआईसी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का एक प्रमुख नवाचार मंच है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा, पर्यावरण और सततता से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान हेतु उन्नत विचारों की पहचान और प्रोत्साहन करना है। यह मंच देशभर के शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाकर वैज्ञानिक विचारों को वास्तविक और प्रभावी समाधानों में बदलने के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक और गतिशील वातावरण प्रदान करता है। यह पुरस्कार वेस्ट टू वेल्थ शीर्षक वाले शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया, जिसे सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलर इकोनॉमी थीम के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया था। यह शोध कार्य टीम द्वारा किया गया, जिसमें स्वरूप माईती ने कार्यक्रम में समूह का प्रतिनिधित्व करते हुए कार्य प्रस्तुत किया और टीम की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। इस शोध से संबंधित दो वैज्ञानिक प्रकाशन हो चुके हैं और इस तकनीक को एक भारतीय पेटेंट भी प्राप्त हुआ है। यह मान्यता इस शोध की वैज्ञानिक उत्कृष्टता, नवाचार क्षमता और वास्तविक जीवन में इसके प्रभावी अनुप्रयोग को दर्शाती है, जो महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान की दिशा में एक सशक्त कदम है।

कॉमेडियन गौरव कपूर का खास शो 11 को

भिलाई। ट्विनसिटी में इस बार हंसी सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि किसी का भविष्य संवारने का जरिया बनने जा रही है। 11 अप्रैल की शाम को हर ठहाका शिक्षा के उजाले से जुड़ जाएगा। मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन गौरव कपूर अपने दमदार अंदाज और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग के साथ दुर्ग के पृथ्वी पैलेस (शिवनाथ नदी रोड) में लाइव परफॉर्म करेंगे। यह खास चैरिटी फंड रेजर शो रोटरी क्लब दुर्ग और भिलाई राउंड टेबल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस फैमिली एंटरटेनमेंट शो में दर्शकों को हंसी का फुल डोज मिलेगा। शो से मिलने वाली पूरी राशि नर्धा स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में 8 नए क्लासरूम बनाने के लिए इस्तेमाल की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने में रुंगटा यूनिवर्सिटी और सिल्क रूट की अहम भूमिका है। रोटरी क्लब दुर्ग वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में सक्रिय है। भिलाई राउंड टेबल ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। संस्था ने बिरेभाट, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन, ननखट्टी, धौर और बोरी सहित कई क्षेत्रों में अब तक 48 कक्षाएं और शौचालय ब्लॉक बनवाए हैं। बच्चों को भोजन के बर्तन, जूते, मफलर और वाटर फिल्टर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। अब तक संस्था करीब 2 करोड़ रुपये समाज सेवा में खर्च कर चुकी है। शो की टिकट बुक माई शो और मो. 9302636635 पर संपर्क कर आसानी से बुकिंग कर सकते है।

प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल तक

दुर्ग। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए की तैयारी कराना है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर 10.60 लाख की ठगी, आरोपियों को 7-7 साल की सजा

दुर्ग/नवप्रदेश। टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 10.60 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। इस मामले में दोनों आरोरियों को 7-7 साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी कर दिया।

25 जून 2025 को टेलीग्राम के माध्यम से शिकायतकर्ता की पत्नी के टेलीग्राम आईडी पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा दिया गया था। यूट्यूब वीडियो को लाइक और कमेंट करने के बदले पैसे मिलने का लालच दिया गया। शुरुआत में आरोपियों ने छोटे-छोटे भुगतान किये। इसके बाद टास्क पूरा करने के नाम पर पीड़ित से बड़ी रकम जमा कराने का झांसा दिया गया। रकम अलग-अलग यूपीआई आईडी और बैंक खातों

के माध्यम से ट्रांसफर कराई गई।

कोर्ट के समक्ष पेश साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से पीड़ित को पहले लाभ दिखाया और फिर उसे बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया। पीड़ित से पहले 1010 रुपए, फिर 28,500 रुपए और उसके बाद 78,888 रुपए मांगे गए। इसके बाद लाखों रुपए की मांग की गई। हर बार अकाउंट फ्रीज होने या क्रेडिट स्कोर कम होने जैसे नए बहाने बताकर रकम वसूली गई। पीड़ित से कुल 10,60,912 रुपए की ठगी की गई, जिसे अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई माध्यमों से ट्रांसफर किया गया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना दुर्ग में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, बैंक स्टेटमेंट और डिजिटल ट्रेल से आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपी महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से जुड़े हैं। आरोपियों ने फर्जी टेलीग्राम आईडी, बैंक खाते और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर ठगी की। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 9 गवाहों को पेश किया, जिनमें पीड़ित स्वराज बेनर्जी और पत्नी प्रमुख थे। अदालत ने डिजिटल अपराध की प्रकृति को देखते हुए पहचान न होने को अपराध नकारने का आधार नहीं माना। बैंक खातों के स्टेटमेंट और लेनदेन रिकॉर्ड महत्वपूर्ण साक्ष्य माने गए, जिससे ठगी की पुष्टि हुई। न्यायालय ने कहा कि साइबर अपराध में प्रत्यक्ष पहचान आवश्यक नहीं। टेलीग्राम और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म की बातचीत, बैंक ट्रांजैक्शन और तकनीकी साक्ष्य पर्याप्त आधार हैं।

साक्ष्य के आधार पर सचिन नलगे और हेमंत कुशवाहा को दोषी पाया गया। दोनों को 7-7 साल का सश्रम कारावास और जुर्माना सुनाया गया। आईटी एक्ट के तहत अतिरिक्त 3 वर्ष की सजा भी दी गई। तीन आरोपी रोहित राजेंद्र राउत, साहिल संतोष गोडसे और समीर सुभाष शिंदे साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त हुए।

गैस सिलेंडर न मिलने पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई-3 के ग्राम करसा में एचपी गैस सिलेंडर की सप्लाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को सुबह चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण सड़क पर बैठ कर गैस एजेंसी के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित होने के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुरानी भिलाई थाना पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

ग्रामीणों को समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 दिनों से गांव में गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कई बार एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद ग्रामीण खाली हाथ लौट रहे हैं। घरों में खाना बनाने में कठिनाई हो रही है और लोगों को लकड़ी और अन्य विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया।

ग्रामीणों ने बताया कि शताक्षी गैस एजेंसी से समय पर गैस सिलेंडरनहीं मिल रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। कुछ दिन पहले इसी गैस एजेंसी में बाउंसर ने ग्राहकों से मारपीट की थी, जिससे लोगों में नाराजगी थी।

महापौर ने पेश किया 223 करोड़ का बजट, कार्यकाल के अंतिम वर्ष में 12.08 लाख लाभ

रिसाली/नवप्रदेश। महापौर शशि सिन्हा ने मंगलवार को 223 करोड़ 51 लाख का 2026-27 के लिए बजट प्रस्तुत की। सभापति केशव बंछोर की अध्यक्षता में महापौर के बजट अभिभाषण प्रस्तुत करने के सवा तीन घंटे बाद विशेष सभा में बजट संकल्प पारित किया गया।

महापौर शशि सिन्हा ने बजट पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2026-27 नगर पालिक निगम रिसाली के वित्तीय योजनाओं का महत्वपूर्ण बजट है। रिसाली को स्वच्छ सुंदर व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने अपने बजट अभिभाषण में वर्ष 2025-26 में हुए कार्यों को उपलब्धि पूर्ण बताया। महापौर शशि सिन्हा ने बजट अभिभाषण में अब तक किए कार्यो का उल्लेख करते हुए उपलब्धियां भी गिनाई। चर्चा के बाद सभापति केशव बंछोर ने शाम 6:15 बजे बजट को विशेष सभा में अंगीकार कराया। महापौर के बजट अभिभाषण के बाद सभापति केशव बंछोर ने बजट पर चर्चा के लिए सदन के विशेष सभा में उपस्थित पार्षदों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया। कुछ देर बाद सभापति ने 20 मिनट टी ब्रेक करने अवकाश की घोषणा की।

सदन के पुनः आरंभ होने पर विशेष सभा में नेता प्रतिपक्ष विधि

यादव और सत्तापक्ष के पार्षद चन्द्रभान ठाकुर के बीच काफी बहस हो गई। प्लेसमेंट कर्मचारी की दुर्घटना में मृत्यु पर जिम्मेदारी के मामले में विपक्ष ने कई सवाल दागे। इसी दौरान गुस्साए विपक्षी पार्षद गर्भगृह में आकर बैठ गए। सत्तापक्ष के पार्षद चन्द्रभान ठाकुर ने ईडब्ल्यूएस की जमीन का विवरण बजट पुस्तिका में न होने का उल्लेख करते हुए सदन में प्रश्न उठाया था। अधोसंरचना मद के तहत 182 निर्माण कार्यो के लिए 13 करोड़ 36 लाख का प्रावधान किया गया है। केन्द्र प्रवर्तित योजना 15वें वित्त अंतर्गत 21 करोड़ 47 लाख की लागत से कार्य कराए जाऐंगे। इस कार्य में डामरीकरण, मार्ग संधारण, सड़क पेच रिपेयरिंग, पाइप लाइन विस्तारीकरण, ओवर हेड टैंक निर्माण, वाहन आदि कार्य शामिल है। नगरोत्थान योजनांतर्गत 17 करोड़ 23 लाख की लागत से विकास कार्य पूर्ण किए जाएंगे। सीएसआर मद से 1 करोड़ 32 हजार की लागत से अलग-अलग वार्डो में कार्य किए जाऐंगे। पार्षद निधि से 2 करोड़ 40 लाख की स्वीकृति दी गई है। महापौर निधि से 1 करोड़ 12 लाख के निर्माण और विकास कार्य सामाग्री क्रय स्वीकृत किया गया है।

रिसाली निगम क्षेत्र में 6 महिला समूहों द्वारा वुमेन फॉर ट्री योजना के तहत पौध रोपण कर उसकी देखभाल करने की जानकारी दी। महापौर शशि सिन्हा ने सदन को अवगत कराया कि नागरिकों को घर बैठे टैक्स भुगतान सुविधा उपलब्ध कराया गया है। यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड के माध्यम से नागरिक टैक्स भुगतान कर रहे है। नागरिकों को निगम प्रशासन वाटस्एप के माध्यम से टैक्स संबंधी जानकारी दे रहे है। उपरोक्त सुविधा से लगभग 27 हजार लोग लाभान्वित हुए है।

एक नजर आय व्यय पर

कुल प्राप्तियां 223 करोड़ 51 लाख
कुल व्यय-223 करोड़ 38 लाख 92 हजार
बजट लाभ- 12 लाख 8 हजार

उपलब्धि: रूंगटा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक का देसी विकल्प खोजा, रिसर्च के लिए मिले 32 लाख

खेतों के कचरे से तैयार होगा नया पैकेजिंग प्लास्टिक

भिलाई/नवप्रदेश। प्लास्टिक की पानी की बोतल और उसके ढक्कन या खाने का डिब्बा इस्तेमाल करने के बाद इसे कचरे में नहीं फेंका जाएगा। भिलाई की रूंगटा यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ने खेतों के कचरे से नई तकनीक विकसित की है। इस तकनीक से प्लास्टिक की बोतल या खाने के डिब्बे कुछ ही महीनों में मिट्टी में मिलकर खाद बन जाएंगे।

प्लास्टिक का सस्ता, मजबूत और पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बनेगा। इस तकनीक में बांस के रेशे, इमली के बीज का पाउडर, स्टार्च और बायोपॉलिमर (पीएलए) मिलाकर एक खास बायोकॉम्पोजिट तैयार किया गया है। यह पूरी तरह स्वदेशी और प्राकृतिक संसाधनों से बना है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह उपयोग के

समय मजबूत रहे और उपयोग के बाद आसानी से मिट्टी में मिल जाए। यानी अभी तक जो काम प्लास्टिक कर रहा है, वही अब यह नई तकनीक करेगी। इससे पानी की बोतल से लेकर सब कुछ बनाया जा सकेगा।

इस प्रोजेक्ट को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की रिसर्च प्रमोशन स्कीम के तहत 32.56 लाख रुपए का सहयोग

मिला है, जिससे इसे बाजार तक लाने की प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही इसको कमर्शियल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर रिसर्च भी की जा रही है। तकनीक का ईजाद करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अग्निवेश सिन्हा ने बताया कि इस मटेरियल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह लगभग 170 दिनों में 90 प्रतिशत से ज्यादा जैव-अपघटित हो जाता है। यानी यह प्लास्टिक की तरह सालों तक नहीं रहता, बल्कि कुछ महीनों में ही मिट्टी में मिलकर खाद बन जाएगा। यह नया पैकेजिंग उत्पाद प्लास्टिक के बराबर मजबूत हैं। इनमें अच्छी ताकत, लचीलापन और नमी व ऑक्सीजन को रोकने की क्षमता है। साथ ही यह खाने-पीने की चीजों के लिए सुरक्षित हैं, इसलिए खाद्य पैकेजिंग के लिए भरोसेमंद विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। यह तकनीक खासतौर पर पैकेजिंग सेक्टर के लिए विकसित की गई है। इसके जरिए बोतलों के ढक्कन, छोटे कंटेनर और खाद्य पैकेजिंग जैसे कठोर उत्पाद बनाए जा रहे हैं।

पर्यावरण को मिलेगी राहत

इस तकनीक से प्लास्टिक का कचरा कम होगा, जिससे जमीन और पानी का प्रदूषण घटेगा। साथ ही कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। यह सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देगा, जिसमें कचरे को ही उपयोगी चीजों में बदल दिया जाएगा। इस कोशिश से खेती का बचा हुआ कचरा अब बेकार नहीं जाएगा। इससे किसानों को अतिरिक्त आय मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर बनेंगे। साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

उद्योग के लिए आसान और सस्ता

रूंगटा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि, इस तकनीक को मौजूदा इंजेक्शन मोल्डिंग मशीनों पर ही बड़े पैमाने पर तैयार किया जा सकता है। यानी कंपनियों को नई मशीनों पर खर्च नहीं करना पड़ेगा। इससे उत्पादन सस्ता और आसान रहेगा। यह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक है, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और देश में ही उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल यह तकनीक परीक्षण और पायलट स्तर पर है। इसे जल्द ही व्यावसायिक स्तर तक ले जाकर बाजार में उतारने की योजना पर काम तेज हो गया है।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगी है रोक

आज प्लास्टिक दुनियाभर में सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। यह आसानी से खत्म नहीं होता और जमीन, पानी व हवा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण नदियां गंदी हो रही हैं, फसलें प्रभावित हो रही हैं और लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। इसी वजह से सरकार ने 2022 में इस पर रोक लगाई, लेकिन इसके बेहतर विकल्प की कमी अब तक बनी हुई थी। इस तकनीक के जरिए इस गैप को सही करने की कोशिश दोबारा से शुरू की गई है।

बीएसपी में व्यवहारिक सुरक्षा और सहभागिता पर विशेष जोर

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) विभाग में मार्च के अंतिम सप्ताह में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष योगेश शास्त्री द्वारा किया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) डी. सतपथी और मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) योगेश शास्त्री की गरिमामयी उपस्थिति रही। सामूहिक सुरक्षा शपथ के साथ सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसके माध्यम से सभी कर्मियों ने सुरक्षित कार्य व्यवहार को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ठेका कर्मी भानबाई ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विभागीय सुरक्षा अधिकारी शशांक शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विभाग में संचालित विभिन्न सुरक्षा पहलों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

हनुमान जयंती पर सेवा वाहिनी का विशाल भंडारा

भिलाई। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सेवा वाहिनी द्वारा लगातार 15 वें वर्ष भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला।

J-17011/658/2025-IC-PART(2)
युवा मामले और खेल मंत्रालय
(युवा मामले विभाग)
GPOA-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली - 110023
वेबसाइट - https://yas.gov.in

वॉक-इन-इंटरव्यू

युवा मामले और खेल मंत्रालय, GPOA-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023 में 13 अप्रैल 2026 को संविदा के आधार पर सलाहकारों की भर्ती के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।

नोट- रिक्तियों, अन्य विवरणों और यदि कोई शुद्धिपत्र हो, तो कृपया हमारी वेबसाइट https://yas.gov.in पर नियमित रूप से विज़िट करें; इस संबंध में समाचार पत्र में कोई अलग से सूचना प्रकाशित नहीं की जाएगी।

हस्ता.-
भारत सरकार के अवर सचिव
cbc 47107/11/0001/2627

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
क्र. 61 / न.पा./ लो.नि.वि. /2026-27 मुंगेली, दिनांक 07/04/2026
-: द्वितीय मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना :-
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत छ.ग. पी.डब्ल्यू.डी रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 वर्तमान दिनांक तक प्रभावशील अनुसूची अनुसार कम, बराबर या अधिक प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र (अ) में मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है -
1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 13/04/2026 समय सायं 5:30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 16/04/2026 समय दोपहर 4:00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 23/04/2026 समय दोपहर 3:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय - 23/04/2026 समय दोपहर 4:00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	अवधि	रिमार्क
1.	वार्ड क्र. 19 में भुरूवा फर्नीचर से सागर सोनी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	2.01	2010	750	45 दिवस	-//-

टीप- 1. निविदा के संबंध में नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।
2. जी.एस.टी. पंजीयन कापी, आयकर चुकता प्रमाण पत्र पेनकार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति ।
3. निविदा राशि की 15 प्रतिशत राशि बैंक साल्वेंसी प्रमाण पत्र (01 वर्ष से अधिक नहीं) एवं निर्धारित प्रारूप में दस्तावेज सही होने संबंधी शपथ-पत्र ।
4. प्रस्तावित निर्माण स्थल के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावापत्ति हो तो निविदा के अंतिम तिथि के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन कर सकते है।
5. विभागीय वेबसाईट cg.uad.gov.in/ से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र की डी. डी. के साथ स्पीड पोस्ट में प्राप्त निविदा भी स्वीकार्य होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

अपोलो हॉस्पिटल की हैल्थ ऑफ द नेशन रिपोर्ट ने खोली बीमारी की असली तस्वीर

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपोलो हॉस्पिटल की हैल्थ ऑफ द नेशन 2026 (एच.ओ.एन 2026) रिपोर्ट के छठवें संस्करण जारी के अनुसार भारत में स्वास्थ्य की आम समस्याएं ज्यादा जल्दी हो रही हैं। वो शरीर में ज्यादा लंबे समय तक रहती हैं। यह रिपोर्ट अपोलो के परिवेश में साल 2025 में कराए गए तीन मिलियन प्रिवेंटिव हैल्थ चेकअप के नतीजों पर आधारित है, जो प्रोएक्टिव हैल्थकेयर पर जोर देती है, ताकि लोगों को बीमारियों की रोकथाम से आगे बढ़कर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और सबसे अधिक सेहतमंद बने रहने में मदद मिले।

भारत में स्वास्थ्य का परिदृश्य लगातार बदल रहा है। आज हर तीन में से दो व्यस्कों को एनसीडी का जोखिम है। काम करने वाली आबादी में लगभग आधे लोगों को प्रीडायबिटीज़ या डायबिटीज़ है, हर 10 में से 8 लोगों का वजन बहुत अधिक है, जिससे जीवनशैली में सुधार की गुंजाईश स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होती है। महिलाओं के जोखिम अलग होते हैं, जिनमें एनेमिया और कम उम्र में स्तन कैंसर होना शामिल है। विटामिन डी और बी12 की ज्यादा कमी तथा कम होती फिटनेस से प्रदर्शित होता है कि स्वास्थ्य के जोखिम कितने बड़े हो चुके हैं। ये जोखिम महिलाओं और पुरुषों, अलग-अलग उम्र के लोगों और अलग-अलग जीवनशैली के अनुरूप अलग-अलग होते हैं। इसलिए स्वास्थ्य की स्थिति में परिवर्तन लाने के लिए जरूरी है कि बीमारी के लक्षणों को नहीं, बल्कि यह किस व्यक्ति को हुई है, उस पर अधिक गौर किया जाए।

सेहतमंद जीवन के मेहनत करना जरूरीः डॉ. संगीता

डॉ. संगीता रेड्डी, जॉईंट मैनेजिंग डायरेक्टर, अपोलो हॉस्पिटल्स ने कहा, ''लंबा और सेहतमंद जीवन किस्मत से नहीं मिलता है, बल्कि इसके लिए लगातार मेहनत करना जरूरी है। सही समय पर स्वास्थ्य की सही जाँच से हृदय रोग और कैंसर की पहचान पहले चरण में ही हो सकती है, जब उनका इलाज सबसे अधिक आसान होता है।

30 साल से कम उम्र के हर 5 में से एक व्यक्ति प्रीडायबिटिकः डॉ. रेड्डी

डॉ. प्रताप सी. रेड्डी, फाउंडर चेयरमैन, अपोलो हॉस्पिटल्स ने कहा, ''कोई भी देश तभी ताकतवर होता है, जब वहाँ के नागरिक स्वस्थ हों। लंबे समय से बीमारी से बचने के लिए किया जाने वाला हैल्थ चेकअप केवल खून और वाईटल्स के नियमित परीक्षण पर आधारित रहा है। लेकिन आज एक बड़ा बदलाव देखने में आ रहा है। स्वास्थ्य एक व्यक्तिगत, प्रोएक्टिव और बहुत सटीक मामला है। कोई भी दो लोग समान नहीं होते हैं, इसलिए रोकथाम का दृष्टिकोण भी हर व्यक्ति के लिए अलग होता है। विज्ञान की सीमाएं बढ़ रही हैं। इसमें पेट में माईक्रोबायोम हैल्थ से लेकर एडवांस्ड दीर्घकालिक रिस्क पैटर्न शामिल हो रहे हैं क्योंकि विस्तृत स्वास्थ्य जाँच खुद की देखभाल करने का सबसे बेहतर तरीका है। युवा और कामकाजी आबादी में स्वास्थ्य के जोखिम पहले से मौजूद हैं, भले ही इनके लक्षण प्रकट न होते हों। हमारे डेटा में 30 साल से कम उम्र के हर 5 से एक व्यक्ति प्रीडायबिटिक है। इस स्टेज में भी स्वस्थ होना संभव है। जिन लोगों ने इसका इलाज कराया, उनमें से 28 प्रतिशत फिर से सामान्य हो गए। 50 साल से अधिक उम्र के केवल 7 प्रतिशत लोग ही ठीक हुए।

न्यूज गैलरी

पत्नी कर रही थी अपनी मां से बात पति ने कर दी पिटाई

तखतपुर/नवप्रदेश। फोन पर बात करने को लेकर पति ने पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। ने आरोपी पति के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लिम्हा निवासी पिंकी प्रजापति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पति शराब पीकर आए दिन उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है, साथ ही उसके बच्चें को अपना बच्चा नहीं मानता है। इसी बात को लेकर अक्सर वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। इसी क्रम में 5 अप्रैल सुबह 7 बजे उसका पति राजेश प्रजापति ने अपनी मां से फोन पर बातचीत करती हो कहकर पिंकी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

दो बाइक चोरी मामला दर्ज

तखतपुर/नवप्रदेश। क्षेत्र में अलग-अलग दो घटनाओं में बाइक चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ढनढन गांव की है, जहां कदम महोदवा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 अप्रैल को उसके घर के पास एक बाइक सवार गिर गया था। उसे देखने के लिए वह घर से बाहर निकली, तभी आरोपी सुमित्रा बाई बघेल और देवेंद्र बघेल ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। वहीं दूसरी घटना पकरिया गांव की है, जहां दिलेश्वर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने 6 अप्रैल की रात करीब 2:30 बजे अपनी दुपहिया वाहन (क्रमांक सीजी 10 बीएस 1546) घर के आंगन में खड़ी कर दी थी। सुबह उठने पर वाहन गायब मिला। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला।

अधिकांश मौतें बीमारी या हृदय, गुर्दा खराब होने की बताई गई

प्रदेश की जेलों में एक साल में 33 कैदियों की मौत, हाईकोर्ट ने डीजी जेल से मांगी जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की जेलों में एक साल के भीतर 33 कैदियों की मौत के मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए जेल महानिदेशक डीजी जेल से हलफनामा मांगा है। अधिकांश मौतें बीमारी या हृदय, गुर्दा खराब होने के कारण बताई गई हैं, लेकिन 22 मामलों में पोस्टमार्टम रिपोर्ट लंबित है। इस मामले में हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई 15 अप्रैल की तिथि तय कर दी है।

हाईकोर्ट ने कैदियों की बढ़ती मौतों पर गंभीर चिंता जताई है। जेल महानिदेशक के हलफनामे में पोस्टमार्टम रिपोर्टों में देरी और आरोपों की गंभीरता का उल्लेख किया गया है। इसी बीच, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी जेल में हुई मौतों और चिकित्सा सुविधाओं पर विस्तृत रिपोर्ट की मांग की है, जिससे राज्य में हिरासत की स्थितियों में हो रही मौत की जांच तेज हो गई है। हाईकोर्ट ने विभिन्न जेलों में कैदियों की मृत्यु दर में वृद्धि दर्शाने वाली रिपोर्टों को स्वतः संज्ञान में लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने महानिदेशक (कारागार) को इस मामले में व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

अब तक नहीं मिली दंडाधिकारी जांच रिपोर्ट

जेल के कैदियों की मौतों के बाद संदिग्ध प्रकरणों की दंडाधिकारी जांच भी करवाई जा रही है, जिनमें से किसी की रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। बिलासपुर जेल की बात करें तो यहां विचाराधीन महिला कैदी सुमित्रा तिवारी, सिद्धार्थ सिदार, सोनाऊराम यादव, इमरान कुरैशी, दशरथ, भांकर जांगड़े, भारदा प्रसाद, छेदू उर्फ मथुरा, राजेंद्र डहरिया और दिनेश यादव ने दम तोड़ा है। इनमें से ज्यादातर की मौत का कारण मेडिकल ही बताया गया है, वहीं कुछ की पीएम रिपोर्ट और दंडाधिकारी जांच की रिपोर्ट जेल विभाग को नहीं मिली है। केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद बरातीराम लोधी, अनवर हुसैन, लक्ष्मण साहू, मनिराम, दिनेश देशमुख, संपत राम देवांगन, मुकुंद राव और विनय प्रताप की मौतों की रिपोर्ट जेल विभाग में दर्ज है।

मौत मामले में बिलासपुर सबसे आगे

जेलों में कैदियों को चिकित्सा सुविधा देने का नियम है। हर जेल में अस्पताल और डॉक्टरों की ड्यूटी भी रहती है, इसके बाद भी बीमार होकर कैदियों के दम तोड़ने का सिलसिला जारी है। खास बात यह है कि ज्यादातर कैदियों को विभिन्न जेलों से आंबेडकर अस्पताल रायपुर शिफ्ट किया गया था और यही इलाज के बीच मौत हो गई। सर्वाधिक दस कैदियों की मौत के साथ बिलासपुर केंद्रीय जेल टॉप पर है, जबकि दूसरे नंबर पर दुर्ग केंद्रीय जेल है, जहां एक साल में 8 कैदियों ने दम तोड़ा है। इसके अलावा अंबिकापुर केंद्रीय जेल में पांच कैदियों की जान चली गई है। जगदलपुर और गरियाबंद में दो- दो कैदियों तथा धमतरी, बलरामपुर, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, कांकेर में एक- एक मौतों की सूचना जेल विभाग के पास है। इनमें सबसे हैरानी की बात यह है कि मृत कैदियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने में बहुत देरी हो रही है। हाल यह है कि दुर्ग के एक कैदी की मौत 27 फरवरी 2025 को हुई थी, मगर उसकी पीएम रिपोर्ट जेल विभाग को अब तक नहीं मिली है। 33 में से 20 कैदियों की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट अस्पताल से जेल विभाग तक नहीं पहुंची है।

कोर्ट ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देरी पर जताई नाराजगी

रिपोर्ट की गई 33 मौतों में से, जेल विभाग को अभी तक 22 कैदियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। दुर्ग जेल के एक मामले में, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक नहीं मिल पाई है। इसे लेकर हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने नाराजगी जताई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पिछले दो वर्षों में कैदियों की मृत्यु के संबंध में मुख्य सचिव और महानिदेशक (जेल) से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

'टुगैदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' थीम पर वैज्ञानिक सोच और जनस्वास्थ्य पर जोर

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सिम्स में सीएमई आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को सिम्स के पी.एस.एम. (कम्युनिटी मेडिसिन) विभाग द्वारा 'टुगैदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' विषय पर एक प्रभावी सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रमाण आधारित चिकित्सा तथा जनजागरूकता के महत्व पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रमणेश मूर्ति, विशिष्ट अतिथि डॉ. लखन सिंह, विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन डॉ. हेमलता ठाकुर, निश्चेतना विभागाध्यक्षडॉ. मधुमिता मूर्ति एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डब्ल्यूएचओ की इस वर्ष की थीम 'टुगैदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' पर स्नातकोत्तर छात्र डॉ. जी. मनीष राव तथा स्नातक छात्राएं आकृति गुप्ता एवं हेमा नायक ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा में विज्ञान आधारित निर्णय, अनुसंधान और जनभागीदारी स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान डब्ल्यूएचओ क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को डॉ. रमणेश मूर्ति द्वारा पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वैज्ञानिक सोच, शोध और प्रमाण आधारित उपचार पद्धति को अपनाना समय की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह संदेश देता है कि समाज और विज्ञान साथ मिलकर ही स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए चिकित्सकों, विद्यार्थियों और आमजन के बीच वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

रायपुर-बिलासपुर एनएच-130 पर सड़क सुरक्षा व प्रबंधन को लेकर व्यापक पहल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पशु-प्रवण एवं दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों की पहचान कर वहाँ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं, जिनमें चेतावनी संकेतक (साइनबोर्ड), रंबल स्ट्रिप्स, सोलर स्ट्रीट लाइट्स, डेलिनेटर्स, सोलर रोड स्टड्स, बांस पीजीआर एवं रोड मार्किंग शामिल हैं, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा में वृद्धि हो रही है। परियोजना द्वारा 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान हेलमेट वितरण, स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, सुरक्षा जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, मॉक ड्रिल, 'सुरक्षा रथ' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता तथा विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन प्रयासों के लिए परियोजना को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया, जिसे पीआई-बिलासपुर के परियोजना निदेशक द्वारा प्राप्त किया गया। हैंडओवर के समय उपलब्ध आईट्म्स प्रणाली अत्यंत खराब एवं पूर्णतः निष्क्रिय अवस्था में पाई गई। एनएचएआई की नवीनतम आईट्म्स नीति (संख्या 11.53/2023) के अनुसार उन्नत एवं आधुनिक प्रणाली की स्थापना कार्य प्रगति पर है तथा पुराने उपकरणों को शीघ्र ही हटाया जाएगा। परियोजना मार्ग पर ट्रैफिक एटेन्यूएटर स्थापित किए गए हैं, जो दुर्घटना के दौरान वाहन एवं यात्रियों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम कर गंभीर चोटों एवं मृत्यु की संभावना को घटाते हैं।

एक्सीडेंट मैनेजमेंट सेवाओं की तैनाती

परियोजना के अंतर्गत तीन टोल प्लाज़ा—तरपोंगी, भोजपुर एवं मुढीपार—पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक टोल प्लाज़ा पर 02 रूट पेट्रोलिंग वाहन, 02 क्रेन एवं 02 एम्बुलेंस 24गुणा7 तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त तरपोंगी टोल प्लाज़ा पर एक टो-अवे क्रेन की भी व्यवस्था की गई है। एक्सीडेंट मैनेजमेंट टीम द्वारा हाईवे की सतत निगरानी की जा रही है, जिसमें फंसे हुए वाहनों को सहायता प्रदान करना, मीडियन एवं मुख्य कैरिजवे से आवारा पशुओं को हटाना तथा राइट ऑफ वे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। आईएम टीम द्वारा मीडियन एवं कैरिजवे से पशुओं को समयबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है।

गांव की चौपाल से अस्पताल तक तेंदुलकर परिवार का भ्रमण, शहर को भनक तक नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की रफ्तार सामान्य रही, लेकिन परदे के पीछे एक ऐसा दौरा चलता रहा, जिसने 24 घंटे बाद सामने आकर सबको चौंका दिया। विश्व क्रिकेट के बड़े नाम सचिन तेंदुलकर का परिवार मंगलवार तड़के बिलासपुर पहुंचा और बिना किसी सार्वजनिक हलचल के अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय रहा।

अंजलि तेंदुलकर, सारा तेंदुलकर और सानिया चांडोक की मौजूदगी पूरी तरह गोपनीय रही। सुबह करीब साढ़े पांच बजे शहर में प्रवेश के बाद तीनों सीधे मंगला चौक स्थित कोर्टयार्ड मैरियट में ठहरीं, जहां उनका 24 घंटे का प्रवास बेहद सीमित और सधे दायरे में रखा गया। होटल परिसर में सुरक्षा की हलचल दिखी, लेकिन पूरे कार्यक्रम को जानबूझकर कम प्रोफाइल रखा गया, ताकि किसी प्रकार की भीड़ या उत्सुकता न बने। दोपहर होते-होते यह काफिला अचानकमार क्षेत्र के छपरवा-बम्हनी गांव पहुंचा और यहीं से इस दौरे की असली तस्वीर सामने आई। शहर की चकाचौंध से दूर, गांव की सादगी के बीच तीनों ने पैदल भ्रमण किया, लोगों से सीधा संवाद किया और ग्रामीण जीवन को नजदीक से समझने की कोशिश की। गांव में एक नवजात शिशु को गोद में लेकर स्नेह जताना, बच्चों के साथ सहज होकर बातचीत करना और स्थानीय माहौल में घुल जाना इस पूरे दौरे को अलग पहचान देता दिखा। ग्रामीणों के साथ बातचीत के दौरान जीवनशैली, जरूरतों और वास्तविक परिस्थितियों पर फोकस रहा, जिससे यह दौरा केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जमीनी समझ का प्रयास बनकर सामने आया। बुधवार सुबह करीब आठ बजे, नाश्ते के बाद तीनों ने होटल से प्रस्थान किया और सीधे गनियारी स्थित जन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। यहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया गया, फुलवारी केंद्र का निरीक्षण किया गया और डॉक्टरों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक यह पूरा दौरा एक सामाजिक संस्था के आमंत्रण से जुड़ा रहा और स्वास्थ्य क्षेत्र में संभावित सहयोग को लेकर भी बातचीत हुई। तेंदुलकर परिवार गनियारी स्थित जन स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मौजूद रहा और व्यवस्थाओं का अवलोकन करता रहा। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि पूरा कार्यक्रम समाप्त करने के बाद परिवार आज शाम बिलासपुर से मुंबई के लिए रवाना हो सकता है।

तकनीकः वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संरक्षा, क्षमता और समयबद्धता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उल्लेखनीय उपलब्धियां

ऑटोमेटिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से रेल परिचालन को मिला नया आयाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग वित्तीय वर्ष 2025-26 में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधुनिक सिग्नलिंग प्रणालियों के व्यापक विस्तार के माध्यम से रेल परिचालन को और अधिक संरक्षित, तीव्र एवं समयबद्ध बनाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

रेलवे संरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से परंपरागत सिग्नलिंग प्रणाली के स्थान पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) एवं ऑटोमेटिक सिग्नलिंग जैसी उन्नत तकनीकों का तीव्र गति से विस्तार किया गया है, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना न्यूनतम हुई है तथा ट्रेनों का संचालन अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बना है। वर्ष 2025-26 में 11 स्टेशनों पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई, जिससे जटिल यार्ड संरचनाओं में भी सुरक्षित एवं निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित हुआ। प्रमुख स्टेशन हैं - गोंदिया (506 रूट), उरगा (46 रूट), किरोड़ीमल नगर (223 रूट), कोथारी रोड (41 रूट), रायगढ़ (286 रूट), सारागांव देवरी (117 रूट), चक्रधर नगर (174 रूट), कुरुद (32 रूट), बाराद्वार (198 रूट), पेंड्रा रोड (226 रूट) एवं बालपुर रोड (26 रूट)। 25 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में उन्नयन/संशोधन कार्य कर संरक्षा मानकों को और अधिक सुदृढ़ किया गया। इससे सिग्नलिंग सिस्टम की विश्वसनीयता में वृद्धि हुई तथा निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हुआ है। 9 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली में संशोधन कर उसे अधिक संरक्षित एवं कुशल बनाया गया, जिससे ट्रेन परिचालन में सुगमता एवं संरक्षा सुनिश्चित हुई। वर्ष 2025-26 में कुल 186 किलोमीटर में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली का विस्तार किया गया, जो संरक्षा एवं क्षमता वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

संरक्षा में गुणात्मक सुधार

ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली के माध्यम से अब एक ही सेक्शन में एक साथ एक से अधिक ट्रेनें संरक्षित रूप से संचालित की जा रही हैं। प्रत्येक ब्लॉक सेक्शन को छोटे-छोटे खंडों में विभाजित कर सिग्नलिंग व्यवस्था को और अधिक सटीक बनाया गया है, जिससे ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी स्वतः सुनिश्चित होती है। ऑटोमेटिक सिग्नलिंग एवं इंटरलॉकिंग के विस्तार से ट्रेन संचालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब एक ही रूट पर कम समय अंतराल में अधिक ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिससे लाइन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ ट्रेनों की समयबद्धता भी बेहतर हुई है। यह सभी उपलब्धियाँ महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के दूरदर्शी नेतृत्व, कुशल निर्देशन एवं सतत प्रोत्साहन का प्रतिफल हैं। उनके मार्गदर्शन में सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग ने आधुनिक तकनीकों को तीव्र गति से अपनाते हुए न केवल संरक्षा मानकों को नई ऊँचाई दी है, बल्कि परिचालन क्षमता और समयबद्धता में भी उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नत तकनीकों को अपनाते हुए संरक्षा, क्षमता एवं विश्वसनीयता के नए मानक स्थापित करने के लिए सतत प्रयासरत है।

कोकराझार में मां कामाख्या का दर्शन कर तोखन दिल्ली रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। असम के कोकराझार लोकसभा क्षेत्र में प्रवासी प्रभारी के रूप में नियुक्त किए गए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने लगभग दो माह तक सघन चुनावी प्रबंधन का सफल संचालन किया। इस दौरान श्री साहू ने क्षेत्र में लगातार प्रवास करते हुए दिन-रात अथक मेहनत के साथ प्रत्याशी चयन, क्राइसिस मैनेजमेंट, व्यापक जनसंपर्क अभियान, बूथ मैनेजमेंट एवं प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण आयामों पर भूमिका निभाई। उन्होंने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में प्रभावी चुनावी माहौल तैयार करने हेतु जमीनी स्तर पर सुदृढ़ रणनीति लागू की।

उपलब्धि: न्यूक्लियर एनर्जी के फील्ड में भारत का 'करिश्मा'

❑ रूस के बाद भारत दूसरा देश बन गया, 400 साल से चल रहा तनाव खत्म हो जाएगा

नई दिल्ली। भारत ने एक बार फिर न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाकर पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। तमिलनाडु के कलपक्कम में न्यूक्लियर पावर प्लांट ने हाल ही में 'क्रिटिकैलिटी' (क्रांतिकारी) हासिल करके भारत के एनर्जी सेक्टर में एक नया इतिहास रच दिया है। खास बात यह है कि अगर भारत का न्यूक्लियर पावर प्रोग्राम इसी रफ्तार से चलता रहा, तो भारत को इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। इसकी अहमियत यह है कि अब भारत जल्द ही पारंपरिक फॉसिल फ्यूल पर निर्भर रहने के बजाय क्लीन और रिन्यूएबल एनर्जी बना सकेगा।

दुनिया का कोई भी देश मदद को तैयार नहीं था

पिछले 40 सालों से भारत 'फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर' में अलग-अलग एक्सपेरिमेंट कर रहा था। दुनिया का कोई भी देश अपनी सेंसिटिव न्यूक्लियर एनर्जी टेक्नोलॉजी भारत के साथ शेयर करने को तैयार नहीं था। इसी वजह से आईजीकेयर ने अपने दम पर एक फुल-फ्लेज्ड फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बनाने का लक्ष्य हासिल किया और आज कलपक्कम में इसका फायदा मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अप्रैल को इस उपलब्धि की घोषणा की। उन्होंने इस उपलब्धि को भारत की सिविल न्यूक्लियर यात्रा में एक निर्णायक कदम बताया। अगर यह प्रोजेक्ट सभी टेस्ट में सफल होता है और कमर्शियल ग्रिड से जुड़ जाता है, तो भारत रूस के बाद कमर्शियल पैमाने पर फास्ट ब्रीडर रिएक्टर चलाने वाला दुनिया का दूसरा देश बन जाएगा। यह भारत के तीन-स्टेज न्यूक्लियर पावर प्रोग्राम के दूसरे फेज की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जो भविष्य में भारत के विशाल थोरियम भंडार के इस्तेमाल का रास्ता बनाती है। भारत के पास दुनिया के यूरेनियम भंडार का सिर्फ1 प्रतिशत है। हालांकि, अकेले भारत के पास दुनिया के कुल थोरियम भंडार का 25 प्रतिशत है।

न्यूक्लियर पावर प्लांट की खासियत – कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर भारत का पहला देसी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर प्रोजेक्ट है। 500 मेगावाट कैपेसिटी वाले इस एडवांस्ड रिएक्टर को इंदिरा गांधी सेंटर फॉर न्यूक्लियर रिसर्च ने डिज़ाइन किया है और भविनी ने इसे बनाया है। खास बात यह है कि 200 से ज्यादा भारतीय इंडस्ट्रीज़ और छोटे और मीडियम एंटरप्राइज़ ने इस प्रोजेक्ट में अहम योगदान दिया है। अगर देश को सस्ती और भरपूर बिजली मिलती है, तो कुकिंग गैस, पेट्रोल और डीज़ल पर उसकी निर्भरता कम हो जाएगी।

रियल एस्टेट कंपनी मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

कोलकाता। कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने रियल एस्टेट कंपनी मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम एक साथ सात ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई से रियल एस्टेट सेक्टर में हड़कंप मच गया है। जांच एजेंसी को शक है कि जमीन हड़पने और निवेशकों से धोखाधड़ी का बड़ा खेल सामने आ सकता है। ईडी के मुताबिक कंपनी के प्रमोटर सुशील मोहता और साकेत मोहता समेत अन्य लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीनों पर कब्जा किया। आरोप है कि इन लोगों ने नकली कागज बनाकर जमीन की मालिकाना हक की झूठी कहानी तैयार की।

हाउसिंग बोर्ड कार्रवाई पर बवाल, चंडीगढ़ मेयर धरने पर बैठे

चंडीगढ़(वार्ता)। केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ नगर निगम की हाउस मीटिंग के दौरान जमकर हंगामा हुआ है। बैठक शुरू होते ही प्रशासन द्वारा कथित तौर पर घरों को तोड़े जाने का मुद्दा कांग्रेस पार्षदों ने उठाया, जिससे माहौल गरमा गया। विवाद के बीच चंडीगढ़ के महापौर सौरभ जोशी धरने पर बैठ गये, उन्होंने कहा, पन्द्रह मिनट का हमने हाउसिंग बोर्ड को टाइम दिया है, अगर हमारी बात नहीं मानी जाती तो हम स्थाई तौर पर चंडीगढ़ के जितने भी काउंसलर हैं और मैं मेयर चंडीगढ़ का रेजिडेंस हम धरने पर बैठेंगे जब तक हाउसिंग बोर्ड कोई स्थाई निर्णय नहीं लेता।

यूएस-ईरान युद्धविराम के पीछे पाक नहीं असली खिलाड़ी चीन निकला

नई दिल्ली/ए.। एक विनाशकारी युद्ध की ओर बढ़ता दिख रहा अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा तनाव अचानक दो सप्ताह के युद्धविराम में बदल गया। एक ओर अमेरिका ने इस समझौते का श्रेय पाकिस्तान को दिया।

वहीं, एपी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ केवल बिचौलिये की भूमिका निभाई है। ईरान को युद्धविराम के लिए मनाने में चीन ही असली खिलाड़ी बनकर उभरा है। ईरान के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार

पर्दे के पीछे का असली खिलाड़ी

एक महीने तक चले इस युद्ध के दौरान चीन खुलकर ईरान के समर्थन में उतरा। हालांकि, चीन की ओर से इस मामले पर बयानबाजी से ज्यादा कूटनीतिक रणनीति पर मेहनत की गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, जिस पाकिस्तान को युद्धविराम का श्रेय दे रहे हैं, उसने खुद इस महीने की शुरुआत में चीन से समर्थन मांगने के लिए संपर्क किया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने खुद किया खुलासा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी आखिरकार मान ही लिया कि चीन ने ही तेहरान को बातचीत की मेज पर लाने में मदद की थी। एएफपी ने बातचीत में जब अमेरिकी राष्ट्रपति से पूछा कि क्या तेहरान को युद्धविराम पर बातचीत करने के लिए राजी करने में चीन की भूमिका थी, तो उन्होंने समाचार एजेंसी से कहा, "मुझे हां सुनाई दिया।" अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर समझौता नहीं हुआ तो एक पूरी सभ्यता आज रात मर जाएगी। हालांकि, हमलों की डेडलाइन खत्म होने से महज 90 मिनट पहले ट्रंप ने अपने फैसले पर पलटी मारकर युद्धविराम का एलान कर दिया।

चीन ने तेहरान को अमेरिका के साथ युद्धविराम की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। एपी की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने ही पाकिस्तान, तुर्किए और मिस्र जैसे मध्यस्थों के साथ मिलकर ईरान युद्ध को खत्म करने की रणनीति बनाई। इतना ही नहीं, युद्धविराम की घोषणा से कुछ घंटे पहले चीन और रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए बल प्रयोग को अधिकृत करने के प्रस्ताव को वीटो कर दिया। चीन की ओर से युद्धविराम में अपनी भूमिका को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अमेरिकी राष्ट्रपति की तारीफ को लेकर अपनी ही पीठ थपथपाने में जुटे हैं।

ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी

नई दिल्ली/ए.। भारत ने बुधवार को ईरान में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एक नई एडवाइजरी जारी की और उन्हें बेहद जरूरी सलाह दी कि वे युद्ध से प्रभावित इस देश से जल्द से जल्द निकल जाएं। X पर एक पोस्ट में, ईरान में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों से कहा कि वे उन रास्तों का इस्तेमाल करके देश छोड़ दें, जो उन्होंने सुझाए हैं। पोस्ट में लिखा था, 'यह फिर से दोहराया जाता है कि दूतावास के साथ पहले से सलाह-मशविरा और तालमेल किए बिना किसी भी अंतरराष्ट्रीय जमीनी सीमा तक पहुंचने की कोई कोशिश न की जाए।' यह एडवाइजरी यूएस और ईरान द्वारा दो हफ्ते के सीजफायर की घोषणा के कुछ घंटों बाद जारी की गई। एंबेसी ने इससे पहले मंगलवार शाम को एक एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को अगले 48 घंटों तक

ईरान में कितने भारतीय?

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरानी ठिकानों पर हमले के बाद जब संघर्ष शुरू हुआ, तब ईरान में छात्रों सहित लगभग 9,000 भारतीय मौजूद थे। अब तक लगभग 1,800 भारतीय भारत लौट चुके हैं। हालांकि, अब अमेरिका और ईरान मंगलवार को दो हफ्ते के लिए संघर्ष-विराम पर सहमत हो गए। यह सहमति, डोनाल्ड ट्रंप की उस समय-सीमा के समाप्त होने से लगभग एक घंटा पहले बनी, जिसमें उन्होंने इस प्रतिद्वंद्वी देश को पूरी तरह तबाह कर देने की चेतावनी दी थी। जहां हैं, वहीं रहने की सलाह दी गई थी।

चुनाव आयोग पहुंचे तृणमूल नेताओं को सात मिनट में भगाया : डेरेक ओ ब्रायन

नई दिल्ली/ए.। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने आज दिल्ली में चुनाव आयोग के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की। सांसद का आरोप है कि आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनसे केवल सात मिनट में बैठक खत्म कर हट जाने को कहा। डेरेक ओ ब्रायन ने बताया आज हम मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने गए। बैठक सुबह 10:02 बजे शुरू हुई। जब हमने उनसे पूछा कि आप अधिकारियों के तबादले कैसे कर रहे हैं और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कैसे करवाएंगे, बैठक के सात मिनट के भीतर ही उन्होंने कहा 'यहां से दफा हो जाओ।' जो मैंने आज देखा, वह शर्मनाक है। सांसद ने आगे चुनौती दी कि चुनाव आयोग वीडियो या ऑडियो

रिकॉर्डिंग जारी करे, जिससे स्पष्ट हो सके कि बैठक में वास्तव में क्या हुआ। डेरेक ओ ब्रायन ने कहा हमारे एक सहयोगी ने उन्हें भारत के एकमात्र इस्तृष्ट होने पर बधाई दी जिन पर लोकसभा और राज्यसभा से हटाने के नोटिस आए हैं। इस मुद्दे पर आज सभी समान विचारधारा वाले विपक्षी दल शाम 4 से 4:30 बजे तक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। हालांकि चुनाव आयोग ने टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन से बैठक के दौरान शालीन व्यवहार बनाए रखने का

चुनाव आयोग का टीएमसी को अल्टीमेटम

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस बार पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होंगे। आयोग ने तृणमूल कांग्रेस को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि चुनाव भयमुक्त, हिंसा रहित, धमकियों से मुक्त, लालच रहित होंगे। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि किसी भी तरह की छपामारी, बूथ जामिंग या स्रोत जामिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अनुरोध किया। आयोग के अधिकारियों ने कहा कि बैठक में चिल्लाना और अनुचित व्यवहार करना उचित नहीं है।

हिजबुल्ला के खिलाफ हमले करते रहेंगे: इसराइल

नई दिल्ली(वार्ता)। ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्धविराम समझौते के बावजूद इस्राइल ने साफकर दिया है कि लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी। इस्राइली सेना ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि वह जमीनी और हवाई अभियानों के साथ लड़ाई जारी रखे हुए है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान की मध्यस्थता से अमेरिका, ईरान और इस्राइल के बीच दो सप्ताह के सीजफायर पर सहमति बनी है। इस्राइल ने स्पष्ट किया कि यह समझौता केवल ईरान तक सीमित है और इसमें लेबनान या हिजबुल्ला शामिल नहीं हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इस्राइल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस फैसले का समर्थन करता है, जिसमें ईरान के खिलाफसैन्य कार्रवाई को दो हफ्ते के लिए स्थगित किया गया है। यह निर्णय इस शर्त पर आधारित है कि ईरान तत्काल होर्मुज जलडमरूमध्य को खोल दे और अमेरिका, इस्राइल व क्षेत्रीय देशों पर सभी हमले बंद करे। इस्राइल ने यह भी दोहराया कि लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ उसके ऑपरेशन जारी रहेंगे। सेना दक्षिण लेबनान में जमीनी कार्रवाई और अन्य इलाकों में हवाई हमले कर रही है, जिसका उद्देश्य हिजबुल्ला की सैन्य क्षमता को कमजोर करना है, ताकि उत्तरी इस्राइल पर हमलों को रोका जा सके।

'गुजरात के अपमान' पर सियासी रार!

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केरल में दिए अपने एक चुनावी भाषण पर सफाई दी है। उन्होंने अपने बयान पर गहरा खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। खरगे ने साफ किया कि उनका इरादा गुजरात के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना कभी नहीं था। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों के प्रति उनके मन में हमेशा सर्वोच्च सम्मान रहा है और आगे भी रहेगा।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब खरगे ने केरल के इडुक्की जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। वहां उन्होंने केरल के लोगों की शिक्षा और समझदारी की तारीफ की थी। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर

निशाना साधते हुए कहा था कि वे उन लोगों को मूर्ख बना सकते हैं जो कम पढ़े लिखे हैं, जैसा कि गुजरात और कुछ अन्य जगहों पर होता है। उन्होंने कहा था कि केरल के जागरूक मतदाताओं को गुमराह करना मुमकिन नहीं है।

शशि थरूर ने भी दी थी प्रतिक्रिया

वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि राजनीति में बातचीत का स्तर लगातार गिर रहा है। हमें अपनी भाषा का स्तर उन लोगों जैसा नहीं करना चाहिए जो अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं।

कांग्रेस के खिलाफ भाजपा का मोर्चा

इस बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे कांग्रेस की बांटो और राज करो वाली मानसिकता बताया। वहीं, वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने इस टिप्पणी को शर्मनाक करार दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या महात्मा गांधी, सरदार पटेल और मोरारजी देसाई जैसे महान व्यक्तित्व भी अनपढ़ थे? भाजपा ने खरगे से सार्वजनिक माफी की मांग की थी और सोनिया गांधी व राहुल गांधी से भी इस पर रुख साफकरने को कहा था।

अमेरिकी कोर्ट से गौतम अदाणी को राहत

नई दिल्ली/ए.। अमेरिका की एक अदालत ने उद्योगपति गौतम अदाणी को बड़ी राहत दी है। अदालत ने उस याचिका पर सुनवाई तय करने की अनुमति दे दी है, जिसमें अदाणी की ओर से अमेरिकी प्रतिभूति व विनिमय आयोग एसईसी) के कथित धोखाधड़ी मामले को खारिज करने की मांग की है। न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी की ओर से दायर प्री-मोशन कॉन्फ्रेंस की मांग स्वीकार की जाती है और पक्षों को सुनवाई की तारीख तय करने का निर्देश दिया जाता है।

यह मामला नवंबर 2024 में एसईसी और अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि अदाणी समूह ने भारत में सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट हासिल करने के लिए 25 करोड़ डॉलर से अधिक की कथित रिश्वत देने की योजना बनाई और इस जानकारी को

अमेरिकी निवेशकों व बैंकों से छिपाया।

इसमें आरोप लगाया गया था कि एजीईएल की तरफ से जारी बॉन्ड के निवेशकों को कथित तौर पर रिश्वत देने की योजना से अवगत नहीं कराया गया था। हालांकि, अदाणी समूह ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है। कंपनी का कहना है कि उसके किसी भी अधिकारी या इकाई पर अमेरिकी भ्रष्ट आचरण कानून (FCPA) के तहत आरोप तय नहीं हुए हैं और अदाणी ग्रीन एनर्जी इस मामले में पक्षकार भी नहीं है।

अदाणी पक्ष ने क्या दिया तर्क?

अदाणी और उनके वकीलों ने अदालत में दायर याचिका में कई आधारों पर केस खारिज करने की मांग की है। उनकी ओर से दी गई दलील में कहा गया कि यह मामला अमेरिकी क्षेत्राधिकार से बाहर है और इसमें किसी भी तरह की कोई गलती सिद्ध नहीं होती है। अमेरिकी अदालत को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि 2021 में अदाणी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) द्वारा जारी 7.5 करोड़ डॉलर के बॉन्ड बिक्री के संदर्भ में एसईसी के दावे कई कानूनी आधारों पर दोषपूर्ण हैं।

अदाणी पक्ष ने दलील दी कि यह मामला पूरी तरह भारत से जुड़ा है। आरोपी, कंपनी और प्रोजेक्ट सभी भारत से संबंधित हैं। सिक्योरिटीज अमेरिका में लिस्टेड नहीं थीं। इसलिए अमेरिकी सिक्योरिटीज कानून लागू नहीं होते।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में आयुष का धमाका, ली शी फेंग को हराया

नई दिल्ली/ए.। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड नंबर 7 ली शी फेंग को सीधे गेमों में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आयुष ने 51 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 21-16 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में खेला गया। यह दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला मुकाबला था। अब अगले दौर में आयुष का सामना वर्ल्ड नंबर 20 ची यू जेन से होगा।

यह पहली बार नहीं है जब वर्ल्ड नंबर 25 आयुष ने किसी उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी को हराया हो। पिछले साल उन्होंने यूएस ओपन सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 चाउ टिएन-चेन को हराकर शानदार वापसी की थी और बाद में फाइनल में ब्रायन यांग को हराकर खिताब भी जीता था। इससे पहले, भारत की शीर्ष मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो ने भी अपने अभियान की जीत के साथ शुरुआत की। भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के पुवानत होरबानलुएकिट और बेन्यापा ऐमसार्ड को 21-14, 11-21, 21-15 से हराया।

अन्य मुकाबलों में, आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश को मलेशिया की जोड़ी वोंग टिएन सी और लिम च्यू सिएन से 21-16, 21-15 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं रोहन कपूर और गड्डे रुथविका शिवानी की जोड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी के खिलाफ 21-13, 21-19 से हारकर बाहर हो गई।

इस बीच, भारत के शीर्ष सिंगल्स खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन दिन में बाद में एक्शन में नजर आएंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु राउंड ऑफ32 में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

'एए22× ए6' को मिला नया टाइटल राका अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर ग्लोबल ऐलान

मुंबई/ए.। भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशकों में शामिल एटली की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक एए22 × ए6 (AA22 ×A6) का आधिकारिक टाइटल अब 'राका' हो चुका है और इसका ऐलान आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर किया गया है, जिसने एटली और अल्लू अर्जुन के फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है। टाइटल रिवील के साथ जारी पोस्टर फिल्म की दुनिया की एक झलक रहा है, जो डार्क, इंटेंस और रहस्यमयी विजुअल टोन से भरपूर है। पोस्टर में दिखाए गए किरदार जैसे एलिमेंट्स एक बड़े और अलग सिनेमाई यूनिवर्स की ओर इशारा करते हैं, जो दर्शकों को नया अनुभव देने वाला है। 'राका' एक भव्य फैंटेसी-एक्शन एंटरटेनर है, जिसे खासतौर पर ग्लोबल ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। सन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही यह फिल्म बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही है, जिसमें निर्देशक एटली शानदार स्केल, दमदार कहानी और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस फिल्म में अल्लू अर्जुन न सिर्फएक बिल्कुल नए और पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर

आएंगे, बल्कि यह किरदार उनके अब तक के करियर से अलग और काफी दमदार होगा। फिल्म के निर्देशक एटली कुमार, जो अपने बड़े और अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं, 'राका के जरिए एक ऐसा यूनिवर्स तैयार कर रहे हैं जिसमें फैंटेसी, एक्शन और इमोशन का मेल होगा। इस संदर्भ में एटली कुमार ने कहा, ‹राका, सिर्फएक फिल्म नहीं है›यह मेरे जीवन का एक हिस्सा है, जिसे मैंने सालों तक संभालकर रखा। 18 साल तक मैंने इस एक आइडिया को जिंदा रखा। इसने मुझे बहुत कुछ सिखाया और हर समय मेरे साथ रहा।

न्यूज गैलरी

तीन साल से फरार 'खूनी गैंग' आखिरकार पुलिस के शिकंजे में

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ग्रामीण के तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में 3 साल पुरानी सनसनीखेज हत्या के फरार आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गए, ग्राम जलसो के कुख्यात आरोपियों ने वर्ष 2023 में कुंदरू निवासी जितेंद्र पाल को चाकू और लाठी से बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया था और वारदात के दौरान उसके पुत्र पर भी प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था, इस खौफनाक हमले के बाद मुख्य आरोपी आशु उईके समेत कुछ आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था लेकिन गिरोह के अन्य सदस्य तीन वर्षों से फरार चल रहे थे और पुलिस की नजर से बचने के लिए लगातार अपनी पहचान छिपाकर राज्य बदल-बदलकर ठिकाना बदलते रहे, तिल्दा नेवरा पुलिस इनकी तलाश में लगातार तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर नेटवर्क के जरिए नजर बनाए हुए थी, 7 अप्रैल 2026 को पुलिस को सटीक इनपुट मिला कि फरार आरोपी अपने गांव लौटने वाले हैं, सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने गांव जलसो में रणनीतिक घेराबंदी की और मौके पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को धर दबोचा, गिरफ्तार आरोपियों में फेन्टा उर्फ फिन्ता पारधी पिता दिलीप पारधी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम जलसो थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर, मनोज उईके पिता बुल्लू उईके उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम जलसो थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर और ईशु उईके पिता मुन्ना उईके उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम जलसो थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर शामिल हैं, तीनों आरोपी लंबे समय से फरार थे और अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे थे, गिरफ्तारी के बाद विधिवत वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया, इस पूरे मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 458, 147, 148, 149, 294, 506बी, 427, 384 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत कार्रवाई की गई है, तिल्दा पुलिस की इस कार्रवाई ने साफ कर दिया कि अपराधी चाहे कितनी भी चालाकी से छिपे रहें, कानून की पकड़ से बचना नामुमकिन है।

कुसमुंडा खदान में हादसाः डंप स्लाइड से डंपर गिरे नीचे

कोरबा/नवप्रदेश। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, नीलकंठ साकार जीवी कंपनी के दो डंपर डंप स्लाइड होने के कारण अचानक नीचे गिर गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि दोनों डंपर चालकों ने किसी तरह अपनी जान बचा ली और वे सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही खदान में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कर्मचारी और संबंधित विभाग के अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुसमुंडा खदान में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार डंप स्लाइड और अन्य कारणों से गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान तक जा चुकी है। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं देखा जा रहा है। खदान में कार्यरत निजी कंपनियों, खासकर नीलकंठ साकार जीवी कंपनी द्वारा मिट्टी की ओवर कटिंग का काम किया जाता है। आरोप है कि इन कंपनियों द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार हादसों के बावजूद संबंधित अधिकारी सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं, जिससे भविष्य में बड़े हादसों की आशंका बनी हुई है।

चार करोड़ की ठगी, मध्य प्रदेश से तांत्रिक गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चटिया-मटिया और तंत्र-मंत्र के सहारे शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रकम दोगुनी करने का झांसा देकर लगभग 4 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने इंदौर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मिलन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार कोमल साहू ने 17 अक्टूबर 2025 को मानसिक तनाव के चलते जहर सेवन कर लिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मर्ग जांच के दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ तथा बैंक स्टेटमेंट व मोबाईल डेटा की गहन जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी मोहम्मद अजीज खान ने मृतक को शेयर मार्केट में निवेश और तंत्र-मंत्र चटिया-मटिया के माध्यम से रकम दोगुना करने का लालच देकर लगभग 4 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी की थी। रकम वापस न मिलने और कर्जदाताओं के दबाव के चलते कारण कोमल साहू अत्यधिक मानसिक तनाव में था, जिसके उसने आत्महत्या कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी की घेराबंदी कर उसे इंदौर मध्यप्रदेश से गत 3 अप्रैल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने नगद और बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों की राशि प्राप्त करना स्वीकार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 318-4, 108, 3-5 बीएनएस कायम कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

स्कूटी सवार को ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित पिकअप पलटी

जगदलपुर/नवप्रदेश। दलपत सागर मार्ग पर आज दिन में एक बड़ा हादसा टल गया। पिकअप के चालक ने स्कूटी सवार दो लड़कियों को ठोकर मार दी। उसके बाद कुछ ही दूरी पर पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। गणीमत रही कि पिकअप दलपत सागर में नहीं गिरी। इस स्थिति में ज्यादा नुकसान होने से इंकार नहीं किया जा सकता। दुर्घटना में लड़कियों को कुछ चोटें पहुंची है। पिकअप सवार दोनों लड़कों को भी चोट लगने की खबर है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सिटी कोतवाली टीआई लीलाधर राठोर ने बताया कि सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। पिकअप को खाई से निकाला जाएगा। आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पड़ोसियों के बीच हुई हिंसक लड़ाई, 6 लोग घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पड़ोसियों के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। पड़ोसियों ने जिस घर में एक दिन पहले शादी पार्टी हुई थी, वहां जाकर जमकर लाठी-डंडे और हथियार चलाए। इस हमले में एक ही परिवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जबकि महिला बुरी तरह घायल है। उसे इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

छत्तीसगढ़ में नया धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू, धर्मांतरण कराने पर उम्रकैद

■ **मददगारों को भी होगी जेल, राज्यपाल ने किए हस्ताक्षर**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नया धर्म स्वतंत्रता कानून लागू हो गया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद लागू हुए इस कानून के तहत अवैध तरीके से धर्मांतरण के मामलों में कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। अब बल, लालच, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर धर्म परिवर्तन कराने पर दोषियों को 7 से 10 साल तक की जेल और कम से कम 5 लाख रुपए का जुर्माना भरना होगा। अगर पीड़ित नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति या पिछड़ा वर्ग से है, तो सजा बढ़ाकर 10 से 20 साल तक की जेल और कम से कम 10 लाख रुपए जुर्माना किया गया है। वहीं सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास और न्यूनतम 25 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान है। दोबारा ऐसे अपराध में दोषी पाए जाने पर सीधे उम्रकैद हो सकती है।

धर्म परिवर्तन करने से पहले देनी होगी जानकारी

नए कानून के तहत धर्म परिवर्तन करने से पहले संबंधित व्यक्ति को 60 दिन पहले कलेक्टर को आवेदन देना अनिवार्य होगा। साथ ही अनुष्ठान कराने वाले पुजारी, मौलवी या पादरी को भी पूर्व सूचना देनी होगी। नियमों का पालन नहीं करने पर इसे अवैध धर्मांतरण माना जाएगा और तत्काल गिरफ्तारी हो सकती है।

शादी के लिए धर्मांतरण, तो शादी अवैध

कानून में 'लव जिहाद' जैसे मामलों को रोकने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। केवल धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से की गई शादी को शून्य घोषित किया जा सकेगा

हर जिले में विशेष अदालतों का होगा गठन

हर जिले में विशेष अदालतें गठित होंगी, जहां 6 महीने के भीतर मामलों के निपटारे का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का दावा है कि इससे कानून व्यवस्था मजबूत होगी और विवादित क्षेत्रों में तनाव कम होगा, जबकि विपक्ष ने इस कानून का विरोध जताया है।

विदेशी फंडिंग और संस्थाओं पर शिकंजा

धर्मांतरण के खेल में शामिल विदेशी फंडिंग पर सरकार ने पूरी तरह रोक लगा दी है। कोई संस्था प्रलोभन या सामूहिक धर्मांतरण में शामिल पाई गई, तो उसका रजिस्ट्रेशन रद्द होगा और उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। विधेयक के तहत हर जिले में विशेष अदालत गठित की जाएगी, जहां ऐसे मामलों की सुनवाई होगी। सरकार का लक्ष्य है कि मामलों का निपटारा 6 महीने के भीतर किया जाए। प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में खासकर बस्तर, जशपुर, रायगढ़ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आदिवासियों को ईसाई धर्म में शामिल करवाया जा रहा है।

शिक्षा का बाजारीकरणः प्रशासनिक अफसर मौन, मध्यम-गरीब परिवार को बढ़ा बोझ

शिक्षा के नाम पर जिले में चल रही लूट स्कूल-प्रकाशक गठजोड़ से पालक रहे टूट

मनेंद्रगढ़/चिरमिरी। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही क्षेत्र के निजी स्कूलों में शिक्षा की आड़ में व्यापार का बड़ा खेल फिर से शुरू हो गया है। मनेंद्रगढ़ और आसपास के निजी विद्यालयों ने पब्लिशर्स के साथ साठगांठ कर किताबों के दाम आसमान पर पहुंचा दिए हैं। स्थिति यह है कि मध्यम और गरीब परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई अब 'कर्ज का जाल' बनती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, निजी स्कूल प्रबंधन विशेष प्रकाशकों से सांठगांठ कर ऐसी किताबें चुनते हैं, जो केवल चुनिंदा दुकानों पर ही मिलती हैं। इन किताबों की कीमतें सामान्य से कई गुना अधिक होती हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को थमाई गई लिस्ट के कारण अभिभावकों को मेहनत की बड़ी राशि खर्च करनी पड़ रही है। इतना ही नहीं राज्य शासन की योजना शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत प्रवेश पाने वाले बच्चे जो अधिकांशतः बेहद गरीब या रोज कमाने-खाने वाले परिवारों से आते हैं, वे भी इस शोषण का शिकार हैं।

एक गरीब अभिभावक ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी उन्हें बच्चों का भविष्य बचाने के लिए अपनी पूंजी जो थोड़ा-थोड़ा करके जोड़ा है, उसका एक बड़ा हिस्सा इसमें चला जाता है और कुछ अभिभावकों कों कर्ज लेना पड़ रहा है। समाचारों के माध्यम से लगातार इस मुद्दे को उठाए जाने के बावजूद, जिले के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।

पढ़ाई के नाम पर कमीशनखोरी का धंधा

स्कूलों की मनमानी और कमीशनखोरी पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से प्रबंधन के हौसले बुलंद हैं। अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन की इस अनदेखी के कारण अच्छी शिक्षा अब केवल सम्पन्न परिवार तक सीमित होती जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के प्रतिभावान बच्चे पैसे के अभाव में अच्छे स्कूलों से दूर हो रहे हैं। जो अभिभावक हिम्मत जुटाकर बच्चों को निजी स्कूलों में भेज रहे हैं, वे कर्ज के दलदल में धंसते जा रहे हैं। यदि समय रहते जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने पुस्तकों और ड्रेस के नाम पर हो रही इस व्यापार पर लगाम नहीं लगाई, तो आम आदमी के लिए शिक्षा प्राप्त करना एक सपना मात्र रह जाएगा।

पुस्तकों का खर्च	:	**3,000** से **5,000** रुपए तक।
ड्रेस और जूते	:	**1,500** से **2,000** रुपए तक।
अन्य सामग्री	:	बैग, स्टेशनरी और कॉपियों का खर्च अलग।
		बच्चों की पढ़ाई में जमा पूंजी हो रही खर्च।

कार्रवाई करेंगे

ऐसी कोई शिकायत मेरे पास नहीं आई है। पालकों से शिकायत करवाइये, आप विद्यालयों का नाम बताइये। हम कार्रवाई करेंगे। आरटीई के तहत विद्यालय प्रबंधन कों पुस्तकें देनी है। विभाग ने इसके लिए स्कूलों को निर्देशित किया है।

*– **आरपी मिरे,** डीईओ, एमसीबी*

दुकानों के नाम बता रहे स्कूल प्रबंधन

कई निजी स्कूल अभिभावकों को स्कूल द्वारा निर्धारित विशेष विक्रेताओं से ही किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जो शिक्षा के व्यवसायीकरण का एक बड़ा मुद्दा है। छत्तीसगढ़ सरकार निशुल्क पुस्तक योजना के तहत शासकीय और निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बालक बालिकाओं कों निशुल्क पुस्तक उपलब्ध करा रही है, बावजूद इसके निजी विद्यालय में सत्र शुरू होते ही विद्यालय प्रबंधन पालको कों निर्धारित किताब दुकान की जानकारी देते है, जहां पुस्तकों के बंडल बने रहते हैं और उनका रेट तय है।

महिला-बाल विकास डीपीओ पर अश्लील व्यवहार का आरोप

■ **महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे**

■ **महिला कांग्रेस ने चेताया- एक हफ्ते में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा कलेक्टोरेट घेराव**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश पर उन्हीं के विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने अश्लील व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर महिला कांग्रेस द्वारा तुलिका के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई, जिसमें महिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, राधा नाग शामिल थी। जांच टीम द्वारा आज सखी सेंटर एवं महिला बाल विकास कार्यालय पहुंच अधिकारी-कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए।

जांच टीम ने पीड़िताओं से भी मुलाकात की। जानकारी देते हुए जांच टीम से जुड़ी तुलिका कर्मा ने बताया कि जांच में पीड़ित महिलाओं ने अपने साथ हुए अनुचित व्यवहार, मानसिक उत्पीड़न और कार्यस्थल पर असुरक्षित माहौल को लेकर गंभीर शिकायतें दर्ज कराईं। टीम ने सभी बयानों को दस्तावेजित करते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है। तुलिका कर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। चाहे व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, यदि वह दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।उन्होंने आगे कहा कि यह मामला केवल एक विभाग या कुछ कर्मचारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़ा व्यापक मुद्दा है। महिला कांग्रेस इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगी और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।जांच टीम के सदस्यों ने संकेत दिया कि प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिनमें कार्यस्थल पर अनुचित आचरण, आपत्तिजनक टिप्पणियां और दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। इन सभी तथ्यों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। महिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि जांच टीम के महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत सभी महिलाओं से बात की गई और पाया कि विभाग के अधिकारी डीपीओ वरुण नागेश द्वारा सभी महिलाओं से गलत व्यवहार किया जाता है। विभाग में कार्यरत सभी महिलाएं डरी हुई है और खुलकर अपनी बातें नहीं रख पा रही है। जिन दो महिलाओं के साथ घटना हुई है वो अभी भी दहशत में हैं सिर्फ रो रही हैं।

गर्मी ने दी दस्तक, मुसाफिरों में चिंता दानदाताओं का वाटर एटीएम बदहाल

मुंगेली/(नवप्रदेश)। भीषण गर्मी के आगमन के साथ मुंगेली शहर में पेयजल की समस्या एक बार फिर सिर उठा रही है। सड़क किनारे गांधी पुतला के पास स्थित वाटर एटीएम अपनी बदहाली पर खून के आंसू रो रहा है। गर्मी बढ़ते ही मुसाफिर और राहगीर पीने के पानी को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। आमतौर पर भीषण गर्मी के दिनों में लोग पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते दिखाई देते हैं। दानदाताओं द्वारा लगाया गया यह वाटर एटीएम फिलहाल चालू हालत में है, लेकिन नल कनेक्शन कट जाने के कारण इसका कोई लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के इस मौसम में प्यासे मुसाफिरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के दानदाताओं ने गर्मी में आम नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर भी लगवाए थे, लेकिन रखरखाव की कमी के चलते ये सभी कूलर बंद पड़े हैं। नगरीय प्रशासन ने गर्मी को देखते हुए वाटर एटीएम सुधारने का अभियान शुरू कर रखा है। नगर पालिका द्वारा संचालित दो वाटर एटीएम के अलावा पुराने बस स्टैंड में गांधी पुतला के पास एक वाटर एटीएम लगाया गया है। यह मशीन यांत्रिक रूप से चालू अवस्था में है, लेकिन नल कनेक्शन कटे होने से पानी नहीं आ रहा है। इसी प्रकार नए बस स्टैंड और बुधवारी बाजार में भी नगर पालिका द्वारा वाटर एटीएम लगाए गए हैं, जो अक्सर खराब रहते हैं। पालिका द्वारा इनकी मरम्मत कराई जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से हालात पहले जैसे हो जाते हैं। मुख्य सड़क किनारे दानदाताओं द्वारा लगाए गए वाटर एटीएम की ओर न तो जिला प्रशासन का ध्यान है और न ही नगरीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का। गर्मी बढ़ने के साथ शहर आने वाले मुसाफिरों और राहगीरों को अब अधिक पैसे खर्च करके बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है।

गैस किल्लत के बाद लौटा मिट्टी तेल का युग

■ **छत्तीसगढ़ में 63.50 रुपए लीटर के हिसाब से देने की तैयारी**

दुर्ग/नवप्रदेश। रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच शासन ने एक बार फिर केरोसिन की सप्लाई बढ़ाने की तैयारी की है। केंद्र के आदेश के बाद राज्य शासन ने इसे लेकर सभी जिलों में सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। दुर्ग जिले में में भी इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक सबसे पहले शहरी क्षेत्रों की राशन दुकानों में केरोसिन उपलब्ध कराने की तैयारी है। हर राशनकार्ड में दो लीटर मिट्टी का तेल यानी केरोसिन दिया जाना है। इसके लिए राशन दुकानों से डिमांड मांगा जा रहा है। डिमांड के अनुरूप ही सप्लाई की जाएगी। शासन ने इस बार प्रति लीटर के हिसाब से केरोसिन की कीमत करीब 63.50 रुपए निर्धारित की है। इस दर पर ही केरोसिन उपलब्ध कराया जाएगा। इसे लेकर जल्द ही शहरी क्षेत्रों में दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों की बैठक भी बुलाई जानी है। सभी दुकानदारों को हितग्राहियों को वितरित करने के लिए कम से कम एक-एक हजार लीटर कैरोसीन जारी किया जाना है। दुकानों में स्टॉक बोर्ड में प्रतिदिन के स्टॉक की एंट्री दर्शानी होगी। हितग्राहियों को केरोसिन वितरण के बाद रजिस्टर में उनकी एंट्री और हस्ताक्षर भी कराने के लिए कहा गया है। जिले में इस समय 568 राशन दुकानें संचालित हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा शहरी क्षेत्र में संचालित हैं, जहां कोर पीडीएस लागू है। इन दुकानों मे कैरोसीन सप्लाई की तैयारी की जा रही है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य किया जाना है।

प्रत्येक कार्डधारक को देना है 2-2 लीटर केरोसिन

जानकारी के मुताबिक जारी किए गए निर्देश के तहत प्रत्येक कार्डधारक को अधिकतम 2 लीटर केरोसिन ही मिलेगा। किसी भी हितग्राही को इससे अधिक कैरोसीन का वितरण नहीं करना होगा। आवंटन के अनुसार कम से कम प्रत्येक दुकानदार को एक हजार लीटर केरोसिन रखना है। जरुरत वाले दुकानों से डिमांड मंगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

आवासीय शिविरः ध्यान-शिविर में जाने के लिए मिलेगी 12 दिन की छुट्टी, ड्यूटी-डे में होगा काउंट

कर्मचारियों को मानसिक तनाव से निपटने विशेष अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने, मानसिक तनाव कम करने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य के अधिकारी-कर्मचारी विपश्यना ध्यान के 10 दिवसीय आवासीय शिविर में भाग लेने के लिए विशेष अवकाश प्राप्त कर सकेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश के अनुसार, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों सहित राज्य सेवा के अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे सेवाकाल में अधिकतम 6 बार विशेष आकस्मिक अवकाश (स्पेशल कैजुअल लीव) मिलेगा। हर शिविर के लिए यात्रा समय समेत अधिकतम 12 दिन का अवकाश स्वीकृत होगा।

जरूरी शर्तें

- आवेदन के साथ संबंधित विपश्यना केंद्र की तरफ से जारी एडमिशन लेटर लगाना अनिवार्य होगा।
- शिविर पूरा होने के बाद कंप्लीशन सर्टिफिकेट जमा करना होगा।
- प्रमाण-पत्र जमा नहीं करने पर अवकाश को अन्य अर्जित छुट्टियों में समायोजित कर दिया जाएगा।

मंजूरी और नियम

- अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा, शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखकर दी जाएगी।
- इस अवधि को ऑन ड्यूटी माना जाएगा और पूरा वेतन मिलेगा।

क्या नहीं मिलेगा

- शिविर में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता या अन्य खर्च शासन की ओर से वहन नहीं किया जाएगा।

स्कूल की छत से गिरकर युवक की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के उरगा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक युवक की स्कूल की छत से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान तनिष्क कर्ष (20 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अपने बड़े भाई के साथ स्कूल की छत पर सो रहा था।

जानकारी के अनुसार तनिष्क अपने बड़े भाई अविनाश कर्ष के साथ तरदा स्थित हाई सेकेंडरी स्कूल की तीन मंजिला छत पर सोया हुआ था। देर रात अचानक संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com